■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित www.navbihartime.com ■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 345
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, मंगलवार
20 मई 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

2000: फिजी में जॉर्ज स्पेट बने अंतरिम प्रधानमंत्री।
2001: अफगानिस्तान में तालिबान ने हिंदुओं की अलग पहचान के लिए ड्रेस कोड बनाया।
2011: प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने मध्य प्रदेश के बीना में बनी ऑइल रिफ़ाइनरी देश को समर्पित की।
2011: झारखंड की पर्वतारोही प्रेमलता अग्रवाल माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली सबसे उम्रदराज़ भारतीय महिला बनी।

**रिश्तों में वैसा ही संबंध होना चाहिए जैसे आंख और हाथ का होता है।**

### मुख्यमंत्री ने 315 नवनियुक्त प्रखंड उद्यान पदाधिकारियों को प्रदान किया नियुक्ति पत्र, कृषि विभाग की कई योजनाओं का किया शिलान्यास व लोकार्पण

# कृषि क्षेत्र में तरक्की व किसानों को समृद्ध बनाना सरकार का लक्ष्य : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मीठापुर स्थित कृषि भवन में 315 नवनियुक्त प्रखंड उद्यान पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। साथ ही कृषि विभाग की कई योजनाओं का शिलान्यास, लोकार्पण और शुभारंभ किया। बता दें कि चौथे कृषि रोड मैप के तहत कृषि को लाभकारी बनाने हेतु राज्य में बागवानी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से बिहार लोक सेवा आयोग से अनुशंसित 315 प्रखंड उद्यान पदाधिकारियों की नियुक्ति कृषि विभाग के द्वारा की गयी है। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त प्रखंड उद्यान पदाकािरियों जया किरण, ईरम आरजू, साक्षी कुमारी, गणेश कुमार, शुभम कुमार, प्रतिमा मुर्मू, श्रीया सिंह, अंशु पटेल एवं रश्मि सुप्रिया को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री कृषि भवन की छत पर भी गए और वहां से पूरे परिसर को देखा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि छत पर सोलर प्लेट लगाएं जिससे सौर ऊर्जा का उत्पादन होगा और कृषि भवन की जरूरतें पूरी होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग शुरू से किसानों के हित में काम कर रहे हैं। चार कृषि रोड मैप बनाए गए हैं जिससे फसलों की उत्पादन और उत्पादकता बढ़ी है। कृषि क्षेत्र के विकास के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। हमलोगों का उद्देश्य है कि कृषि के क्षेत्र में भी राज्य की तरक्की हो और किसान समृद्ध बने। कृषि क्षेत्र को लाभकारी बनाने और किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

## प्रत्येक वर्ष 60 छात्रों का होगा नामांकन

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से 144.72 करोड़ रुपये की लागत से शिलापट्ट अनावरण कर कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय, आरा (भोजपुर) के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। तृतीय कृषि रोड मैप (2017-22) के तहत कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान को सुदृढ़ करने हेतु आरा में कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय की स्थापना की गयी है। वर्ष 2021-22 से इसका संचालन कृषि महाविद्यालय, बक्सर के परिसर में किया जा रहा है। इसके लिए भोजपुर जिला में 16 एकड़ जमीन चिन्हित कर कुल 144.72 करोड़ रूपये की लागत से भवन निर्माण विभाग के द्वारा भवन का निर्माण किया जायेगा। इसमें प्रशासनिक भवन, क्लास रूम, पुस्तकालय, छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास, कृषि यंत्रों के लिए कार्यशाला एवं आवासीय परिसर का प्रावधान किया गया है। इस महाविद्यालय में बीटेक (एग्री इजीनियरिंग) में प्रत्येक वर्ष 60 छात्रों का नामांकन किया जायेगा। अवशेष प्रबंधन जैसे विषयों में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। कृषि विभाग की ओर से बताया कि भोजपुर के हसनपुर में स्थापित हो रहे कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय का उद्देश्य है कि युवाओं को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से कृषि अभियंत्रण की उच्च शिक्षा मिल सके। यह संस्थान न केवल शिक्षण का केंद्र बनेगा, बल्कि यहां कृषि अनुसंधान, प्रशिक्षण और प्रसार गतिविधियां भी संचालित की जाएंगी। इस महाविद्यालय की स्थापना से प्रदेश में जलवायु अनुकूल कृषि तकनीकों, पोस्ट-हॉर्वेस्ट मैनेजमेंट, संरक्षित खेती और फसल अवशेष प्रबंधन जैसे विषयों में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। यह महाविद्यालय हमारी नई पीढ़ी को रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर उपलब्ध कराएगा।



## 62 अनुमंडल स्तरीय कृषि भवनों का भी शिलान्यास

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 55.26 करोड़ रुपये लागत की 62 अनुमंडल स्तरीय कृषि भवनों का भी शिलान्यास किया। इसके निर्माण से अनुमंडल स्तर पर कृषि से जुड़ी सभी सेवाएं उपलब्ध हो जाएगी। इस भवन में किसानों के लिए सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से सभी कृषि संबंधी सेवाएं, योजनाएं, तकनीकी सलाह और सरकारी सहायता एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। साथ ही यह भवन किसानों और सरकार के बीच बेहतर संवाद का माध्यम बनेगा, जिससे निर्णय लेने की प्रक्रिया तेज और पारदर्शी होगी।

## खरीफ महाभियान-2025 का किया शुभारंभ

कृषि भवन परिसर से मुख्यमंत्री ने खरीफ महाभियान-2025 का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने खरीफ महाभियान-2025 से संबंधित 20 प्रचार तथा बीज वाहन को हरी झंडी दिखाकर जिलों के लिए रवाना किया। इस प्रचार वाहन के जरिये किसानों को खरीफ मौसम से संबंधित सभी योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया जाएगा। इन वाहनों से ऑडियो/ वीडियो माध्यम के द्वारा किसानों को जागरूक किया जायेगा। साथ ही मुख्यमंत्री ने आधुनिक तकनीक से सुसज्जित एलईडी प्रचार वाहन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री जयंत राज, विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार एवं डॉ. एस. सिद्धार्थ, संजय कुमार अग्रवाल, कुमार रवि, गोपाल सिंह, वीरेंद्र प्रसाद यादव, जिलाधिकारी डा. चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के कुलपति डा. डीआर सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं नियुक्ति पत्र पानेवाले चयनित अभ्यर्थीगण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### रस्सी से गला घोंटकर युवक की हत्या

**सीतामढ़ी(नबिटा ब्यूरो)।** रीगा थाना क्षेत्र के सिरौली द्वितीय पंचायत अंतर्गत हरिहरपुर गांव वार्ड नंबर 10 में तीस वर्षीय युवक का शव अपने ही घर में मिलने पर सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गांव के मेही लाल सिंह के 30 वर्षीय पुत्र एकलव्य कुमार के रूप में हुई है। एकलव्य कुमार के गर्दन पर रस्सी का निशान पाया गया है। उसकी एक आंख भी फोड़ दी गई है।

### अपराधियों ने दिनदहाड़े व्यवसायी को भून डाला

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी पटना में दिनदहाड़े एक व्यवसायी को अपराधियों ने गोली मार दी। व्यवसायी की हालत गंभीर है। परिजनों ने उन्हें प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना बेउर बाइपास इलाके में सोमवार की सुबह हुई। बताया जा रहा है कि मैरिज हॉल के मालिक संजय यादव मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। तेज प्रताप नगर के भवानी कमेटी हॉल के पास पहले से घात लगाए अपराधियों ने संजय यादव को रोक दिया। इसके बाद उन्हें मारपीट कर जमीन पर गिराकर गोलियों से भून डाला। अपाधियों ने व्यवसायी को छह गोली मारी है।

### पैसे की खातिर बेटे ने की पिता की हत्या

**बिहारशरीफ (नबिटा ब्यूरो)।** गिरियक थाना क्षेत्र के पहलौआ गांव में एक शख्स ने अपने पिता की हत्या कर दी। आरोपी घर का बड़ा बेटा है। वारदात की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। मृतक की पहचान सिद्धेश्वर पंडित के रूप में जबकि आरोपी की पहचान दिवाकर पंडित के रूप में की गई है।

### बिप्रसे के 17 अधिकारियों को मिला उच्चतर प्रभार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार प्रशासनिक सेवा के 17 अधिकारियों को अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी प्रभार के रूप में प्रोन्नति दी गई है। बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से सोमवार को जारी अधिसूचनाओं के अनुसार दो अधिकारियों को अपर सचिव से विशेष सचिव में प्रोन्नति दी गई है। विनय कुमार और संजीव कुमार को अपर सचिव से विशेष सचिव में प्रोन्नति दी गई है। विनोद कुमार सिंह, अजय कुमार और नजर हुसैन को संयुक्त सचिव से अपर सचिव बनाया गया है। बिहार प्रशासनिक सेवा के आठ अधिकारियों को अपर समाहर्ता से संयुक्त सचिव का उच्चतर प्रभार दिया गया है। इनमें शंभू प्रसाद सिंह, अनिल कुमार, गिरधारी लाल, राधाकांत, बालेश्वर प्रसाद, शिव रंजन, मंजीत कुमार और सुभाष चंद्र मंडल का नाम शामिल है। निलेश कुमार को उप सचिव के उच्चतर पद का प्रभार दिया गया है।

# पीएम 22 को झारखंड के गोविंदपुर रोड सहित 103 स्टेशनों का करेंगे उद्घाटन

**अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकसित किए जा रहे स्टेशन**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 22 मई को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकसित किए गए 103 स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे, जिसमें झारखंड का गोविंदपुर रोड स्टेशन भी शामिल है। इसी दिन झारखंड के राजमहल और शंकरपुर रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन भी प्रधानमंत्री द्वारा किया जाएगा। झारखंड राज्य के कुल 57 रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किया जा रहा है। रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का यह कदम क्षेत्र की रेलवे अवसंरचना के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यात्रियों की सुविधाओं को बढ़ाने, पहुंच में सुधार लाने तथा सतत विकास को ध्यान में रखते हुए किए जा रहे इन कार्यों से यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने के साथ-साथ क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि को भी बल मिलेगा। गोविंदपुर रेलवे स्टेशन, हटिया- बंडामुंडा खंड में यात्री और माल परिवहन के लिए एक महत्वपूर्ण स्टेशन है। रांची मंडल के अंतर्गत आने वाले गोविंदपुर स्टेशन का पुनर्विकास कार्य रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया है। गोविंदपुर रोड स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं का समावेश किया गया है, जैसे लिफ्ट, नवनिर्मित स्टेशन भवन, सुसज्जित परिसंचारी क्षेत्र के साथ हरित उद्यान, अतिरिक्त प्रतीक्षालय एवं आरक्षित विश्राम कक्ष, विकसित प्लेटफॉर्म सतह और प्लेटफॉर्म शेल्टर। इसके अलावा दिव्यांगजनों के लिए रैंप, जल बूथ एवं शौचालय, पार्किंग क्षेत्र का विकास, स्टेशन परिसर और प्रांगण में स्थानीय कला की चित्रकारी, टैक्टाइल टाइल्स, स्टेनलेस स्टील बेंच की व्यवस्था, रोड साइड नाली और पैदल पथ का निर्माण, बाउंड्री वॉल और प्रवेश द्वार की सुविधा भी विकसित की गई है।




# एक जून से शुरू होगा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का कॉल सेंटर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एक जून से पूरे बिहार में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का कॉल सेंटर शुरू किया जाएगा। इस व्यवस्था के तहत राज्य के किसी भी कोने से कोई भी व्यक्ति अपनी जमीन या राजस्व से जुड़ी समस्याओं को सीधे विभाग तक पहुंचा सकेगा। यह बात राज्य के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने सोमवार को कही। उन्होंने बताया कि आठ मई से ऑनलाइन कंप्लेंट मैनेजमेंट सिस्टम को भी लागू किया गया है, जिसके जरिए लाभार्थी अंचल कार्यालय से लेकर मंत्री तक अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अब शिकायतकर्ता यह भी देख सकेंगे कि उनके आवेदन पर किस स्तर पर क्या कार्रवाई हुई है। यह पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्री ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में खराब प्रदर्शन करने वाले 153 अधिकारियों की पहचान कर कार्रवाई की गई, जबकि चालू वित्तीय वर्ष में सिर्फ दो महीनों में ही लगभग 50 अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनता की समस्याओं को हल करना विभाग की प्राथमिकता है और इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



## एनटीपीसी बाढ़ को मिला टस्कर अवॉर्ड




**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** एनटीपीसी बाढ़ को आंतरिक एवं बाह्य संचार में उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित टस्कर राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार एनटीपीसी बाढ़ की आंतरिक और बाह्य हितधारकों के लिए उत्कृष्ट संचार रणनीति को मान्यता देता है। यह पुरस्कार 17 मई को केरल के तिरुवनंतपुरम में आयोजित एक औपचारिक समारोह में लोकसभा सांसद शशि थरूर द्वारा दिया गया। एनटीपीसी बाढ़ की ओर से यह पुरस्कार कार्यकारी (कॉर्पोरेट संचार) विकास धर द्विवेदी द्वारा प्राप्त किया गया। कॉर्पोरेट संचार अनुभाग ने इस उपलब्धि के लिए कार्यकारी निदेशक जी. श्रीनिवास राव के सक्षम नेतृत्व के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया तथा सभी कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों, समर्पण और प्रतिबद्धता को महत्वपूर्ण बताया।

# व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा देगा गंगा ब्रिज : नितिन नवीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने सोमवार को कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्स लेन गंगा ब्रिज का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता और समय सीमा का ध्यान रखते हुए कार्य तेज करने के निर्देश दिए। यह पुल 5000 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा है। इसकी नींव 2017 में तत्कालीन महागठबंधन सरकार के दौरान रखी गई थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने राघोपुर के मोहनपुर में शिलान्यास किया था। परियोजना की कुल लंबाई 22.76 किलोमीटर है। इसमें 10 किलोमीटर का मुख्य पुल और 13 किलोमीटर का पहुंच पथ शामिल है। पुल 67 पाया पर टिका होगा। एलएनटी और कोरिया की देबू कंपनी इसका निर्माण कर रही है। पुल 15.2 एमएम के केबल पर झूलता हुआ होगा। यह भारी वाहनों का दबाव सहन कर सकेगा। यह पुल नेपाल जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय मार्ग का हिस्सा बनेगा। इसकी राजेंद्र सेतु, गांधी सेतु और जेपी सेतु से सीधी कनेक्टिविटी होगी। यह पटना-बख्तियारपुर राष्ट्रीय राजमार्ग से भी जुड़ेगा। मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि यह पुल व्यापार और पर्यटन को भी बढ़ावा देगा, क्योंकि यह झारखंड से नेपाल सीमा तक पहुंच को आसान बनाएगा। इसकी डिजाइन इस प्रकार की गई है कि इसके नीचे से जल परिवहन वाले जहाज भी आसानी से गुजर सकेंगे। कच्ची दरगाह-बिदुपुर पुल के बनने के बाद नवादा, मुंगेर या नालंदा की ओर से आने वाले वाहनों को उत्तर बिहार जाने के लिए अब पटना शहर में प्रवेश करने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे पटना में यातायात का दबाव कम होगा और आम लोग आसानी से यात्रा कर सकेंगे। यह परियोजना बिहार के विकास की गति को तेज करने और आम जनता को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



# जीविका दीदियों को मिली आर्थिक मजबूती की नई उड़ान

- जीविका दीदियों का खुद का होगा बैंक
- 'जीविका निधि' की स्थापना के लिए एक हजार करोड़ का होगा निवेश
- जीविका दीदियों को मिल सकेगा सस्ता ऋण
- वित्तीय लेन-देन होगा आसान, स्वावलंबन की दिशा में खुलेगी नई राह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को लेकर लगातार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को नीतीश सरकार ने एक ऐतिहासिक फैसला लिया, जिसके तहत अब राज्य की जीविका दीदियों का खुद का बैंक होगा, जिसका नाम 'जीविका निधि' रखा गया है। इससे न केवल वित्तीय लेन-देन आसान होगा बल्कि स्वावलंबन की दिशा में एक नई राह भी खुलेगी। कैबिनेट से इस प्रस्ताव पर मुहर लगने के बाद सोमवार को ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने जीविका निधि के गठन से संबंधित 'संकल्प' जारी कर दिया है।

## मेरा बैंक-मेरी शक्ति

जीविका समूह की महिलाओं के लिए अब उनका खुद का बैंक होगा। बैंक स्थापित करने के लिए बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड का गठन किया गया है। इसका पंजीकरण बिहार सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1935 के अंतर्गत किया जाएगा। इससे जीविका दीदियों को किफायती ब्याज दर पर सुगम तरीके से ऋण मिल सकेगा। वे अपने छोटे-छोटे व्यवसायों को अधिक सशक्त कर सकेंगी। इसका संचालन पूरी तरह से जीविका दीदियों के लिए होगा।

## राज्यस्तर पर की गई परिकल्पना

इस विशेष क्रेडिट सहकारी संस्था की परिकल्पना राज्य स्तर पर की गई है ताकि समुदाय आधारित संस्थाओं से जुड़ी बड़ी संख्या में परिवारों की आजीविका संवर्द्धन गतिविधियों के लिए वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सके। इसका उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर पूंजीगत ऋण मुहैया कराना है। भविष्य में आवश्यकता अनुसार संघ की प्रबंधन समिति ब्याज दर तय करेगी। इससे स्थानीय साहूकारों, माइक्रो फाइनेंस कंपनियों आदि से ऊंचे ब्याज दर पर पूंजी लेने की आवश्यकता कम होगी। साथ ही बैंकों से ऋण प्राप्त करने में होने वाली देरी को भी दूर किया जा सकेगा।

## महिलाएं ही करेंगी संस्था का संचालन

गौरतलब है कि इस संस्था का संचालन महिला सदस्य ही करेंगी। यह महिला सशक्तिकरण को भी मजबूती प्रदान करेगा। यह संस्था ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न वित्तीय सेवाओं (बचत, ऋण, बीमा आदि) तक पहुंच को आसान बनाएगी। इसके माध्यम से महिलाओं के बीच ऋण प्रवाह में आसानी होगी और माइक्रो फाइनेंस संस्थाओं पर निर्भरता घटेगी। सदस्यों की व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुरूप ऋण उत्पाद तैयार किए जाएंगे और बड़ी राशि के ऋण की मांग समय पर पूरी की जाएगी। साथ ही सामुदायिक निधि के संबंध में जोखिम को भी कम किया जा सकेगा।

# घर में हथियार और बम मिलने की अफवाह पर डीआइजी और एसएसपी ने की जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** सोशल मीडिया पर बेंता थाना क्षेत्र के एक घर में हथियार और बम मिलने की अफवाह फैलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मिथिला प्रक्षेत्र की डीआइजी स्वप्ना जी. मेश्राम और दरभंगा एसएसपी जगन्नाथ रेड्डी खुद मौके पर पहुंचे और जांच की। उनके साथ डीएसपी और कई थानों की पुलिस टीम भी मौजूद थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि बेंता थाना क्षेत्र के एक मकान में भारी मात्रा में हथियार और बम बरामद किए गए हैं। हालांकि, मौके पर पहुंचकर की गई जांच में ऐसी कोई बात सामने नहीं आई। एसएसपी जगन्नाथ रेड्डी ने स्पष्ट रूप से कहा कि हथियार और बम मिलने की खबर पूरी तरह से अफवाह और भ्रामक है। दरअसल, यह मामला 11 मई को हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के सदर थाना की पुलिस द्वारा की गई छापेमारी से जुड़ा है। शिमला पुलिस ने दरभंगा के बेंता थाना और बिशनपुर थाना की सहायता से हॉस्पिटल रोड स्थित चमन श्रीवास्तव के मकान में छापेमारी की थी। एसएसपी जगन्नाथ रेड्डी ने कहा कि बम और हथियार मिलने की खबर पूरी तरह से झूठी और भ्रामक है। इसकी जांच की जा रही है कि यह अफवाह किसने और क्यों फैलाई। सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को भ्रमित करने की कोशिश की गई है, जो गंभीर अपराध है। अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध साइबर क्राइम की धारा के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि सीसीटीवी फुटेज समेत तमाम तकनीकी पहलुओं की जांच की जा रही है ताकि अफवाह फैलाने वालों की पहचान हो सके।

# चिराग पासवान ने की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात, सियासी हलचल तेज

## 62 अनुमंडल स्तर पर कृषि भवनों के निर्माण का होगा शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** लोजपा (रा) प्रमुख और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने पहुंचे। चिराग के साथ उनके जीजा और जमुई सांसद अरुण भारती भी थे। मौके पर राज्य के संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी भी मौजूद थे। चिराग पासवान और नीतीश कुमार की सुबह-सबेरे हुई इस मुलाकात से सियासी हलचल तेज हो गई है। पिछले दिनों चिराग पासवान को मुख्यमंत्री बनाने की मांग से संबंधित एक पोस्टर के बाद जदयू ने मुख्यमंत्री पद को लेकर नीतीश कुमार की दावेदारी को दोहराया था। सूत्रों की मानें तो इस मुलाकात के दौरान बिहार विधानसभा चुनाव के लिए सीट शेयरिंग और चुनावी रणनीति को अंतिम रूप देने पर चर्चा हुई है। विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और लोजपा (रा) प्रमुख चिराग पासवान की इस मुलाकात ने राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है। दरअसल जदयू, भाजपा, हम और लोजपा (रा) के बीच सीटों का तालमेल एक बड़ा मुद्दा है। चिराग पासवान ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि उनकी पार्टी को उसकी इच्छा से अधिक सीटें मिलेंगी, जैसा कि उन्होंने हालिया उपचुनावों और 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन के आधार पर दावा किया है। चिराग की पार्टी का कहना है कि उनकी पार्टी एनडीए में रहते हुए अपनी स्वतंत्र पहचान के साथ भागीदारी निभाएगी। चिराग पासवान की पार्टी प्रदेश के सभी जिलों में बहुजन भीम संवाद कार्यक्रम का भी आयोजन करेगी। इसके जरिए चिराग अपनी पार्टी को और मजबूत कर रहे हैं। वहीं चिराग पासवान की पार्टी का यह फैसला कहीं ना कहीं भाजपा की टेंशन बढ़ाने लगी है। चिराग एनडीए में तो रहेंगे, लेकिन अलग से बहुजन भीम सम्मेलन भी करेंगे। राजनीतिक जानकारों की मानें तो चिराग इसके माध्यम से एनडीए में शामिल दलों को अपनी ताकत दिखाना चाहते हैं, ताकि जब 243 सीटों पर बंटवारा हो तो उनकी पार्टी मजबूत दिखे। सूत्रों की मानें तो ये संवाद कार्यक्रम चिराग पासवान के लिए आगामी विधानसभा चुनावों से पहले शक्ति प्रदर्शन का मंच बनेंगे। इसके जरिए लोजपा (रा) न सिर्फ दलित और पिछड़े वर्गों में अपनी पैठ मजबूत करना चाहती है, बल्कि भाजपा और जदयू को भी यह संकेत देना चाहती है कि सीट बंटवारे में उसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। चिराग पासवान ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उनकी पार्टी एनडीए का हिस्सा रहेगी। लेकिन वह गठबंधन के भीतर अपनी स्वतंत्र पहचान बनाए रखेगी।

# किसानों को किया गया जागरूक

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सरारी पंचायत के पंचायत भवन कृषि कार्यालय परिसर में सोमवार को मौसम-आधारित कृषि परामर्श को लेकर किसानों के बीच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेंटर फॉर स्टडीज ऑन एनवायरनमेंट एंड क्लाइमेट (सीएसईसी), एशियन डेवलपमेंट रिसर्च इंस्टीट्यूट (आद्री) के पर्यावरण सूचना, क्षमता निर्माण व आजीविका कार्यक्रम (बीएसीपी) और भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का उदघाटन पूर्व विधायक आशा सिन्हा ने किया। इस अवसर पर आद्री के डॉ मौसमी गुप्ता व डा सुनील गुप्ता ने किसानों को बताया की जानकारी ही बचाव है. आप जितनी ज्यादा जानकारी अपने पास रखेंगे. क्षति उतनी ही कम होगा. उन्होंने बताया की कृषि वैज्ञानिक परिवर्तित होते जलवायु के हिसाब से बीजों को विकसित कर रहे हैं, ताकि आप किसान भाइयों को ज्यादा से ज्यादा गुणवत्तापूर्ण फसलों का उत्पादन कर सके. बताया जाता है कि विश्व जैव विविधता दिवस 22 मई को मनाया जाता है।

# पटना में जुटे 20 देशों के 70 अंतरराष्ट्रीय खाद्य उत्पाद क्रेता

## बिहार में अंतरराष्ट्रीय क्रेता-विक्रेता सम्मेलन, खाद्य निर्यात को मिली नई उड़ान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा), भारतीय व्यापार संवर्धन परिषद (टीपीसीआई) और बिहार सरकार के संयुक्त प्रयास से पटना में 19-20 मई को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रेता-विक्रेता सम्मेलन (आईबीएसएम) का आयोजन हुआ। इसका उद्देश्य बिहार की कृषि-खाद्य क्षमताओं को वैश्विक मंच पर लाना और निर्यात को बढ़ावा देना रहा। उद्घाटन सत्र में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान, बिहार के उपमुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार सरकार के उद्योग मंत्री नितीश मिश्रा, एपीडा अध्यक्ष अभिषेक देव, खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय के अपर सचिव मिन्हाज आलम और उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह समेत कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सम्मेलन में 20 देशों के 70 अंतरराष्ट्रीय क्रेता, 6 वैश्विक खुदरा शृंखलाएं, 50 देशी और 20 संस्थागत क्रेता शामिल हुए। 400 से अधिक व्यापारिक बैठकें आयोजित हुईं, जिससे बिहार की लघु एवं मध्यम उद्यम इकाइयों तथा कृषक उत्पादक संगठनों को नए बाज़ारों में प्रवेश का अवसर मिला। लुलु समूह, डाटर एंड सन्स, रॉयल गोल्डन ट्रेडिंग और यूवीआर नैचुरल फूड्स जैसी कंपनियों ने बिहार से चावल, मसाले, मखाना और फल खरीदने में रुचि दिखाई। एक रणनीतिक रिपोर्ट 'भारत के मखाना निर्यात को बढ़ावा देने की रणनीतियाँ' भी जारी की गई। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने बिहार को पूर्वी भारत का विकास इंजन बताते हुए मेगा फूड पार्क और एकल खिड़की स्वीकृति प्रणाली की जानकारी दी। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने खाद्य प्रसंस्करण को किसानों की आमदनी बढ़ाने का प्रमुख साधन बताया। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि यह आयोजन केवल व्यापार नहीं, बल्कि ग्रामीण समृद्धि की दिशा में एक निर्णायक मोड़ है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना के तहत बिहार को वर्ष 2024-25 में ?624.42 करोड़ की मंजूरी दी गई है, जो देश में सर्वाधिक है। कार्यक्रम का समापन टीपीसीआई अध्यक्ष के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# विधानसभा चुनाव से पहले राजद के नए प्रदेश अध्यक्ष की ताजपोशी की हो रही तैयारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राजद में नए प्रदेश अध्यक्ष की ताजपोशी की तैयारी शुरू हो गई है। दरअसल, वर्तमान बिहार प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह लंबे समय से अस्वस्थता के कारण पार्टी कार्यालय नही आ रहे हैं। ऐसे में राजद ने बदलाव करने का फैसला ले लिया है। पार्टी में प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष दोनों में बदलाव की बात हो रही है। इस संबंध में राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा कि राजद सिद्धांतों के साथ और संगठन की शक्ति से चलने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि 21 जून को नये प्रदेश अध्यक्ष के नाम पर मुहर लग जाएगी। वहीं, इसके 15 दिन बाद यानी 5 जुलाई को राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम का भी ऐलान हो जाएगा। शक्ति सिंह यादव ने कहा कि जो पार्टी को पूरी मजबूती के साथ पार्टी के सिद्धांतों के साथ आगे लेकर जाएगा और तेजस्वी यादव के सपने को आगे बढ़ाएगा उसके नाम पर ही पार्टी मुहर लगाएगी। जगदानंद सिंह के बारे में शक्ति सिंह यादव ने कहा कि वह बीमार रह रहे हैं और उनकी उम्र भी अधिक हो चुकी है, इसलिए नये साथी को पार्टी प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेवारी देगी। चुनावी वर्ष है इसलिए सभी बातों का ख्याल रखा जाएगा और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेवारी मजबूत हाथों में सौंपी जाएगी। बता दें कि बीते 21 अप्रैल को खबर आई थी कि जगदानंद सिंह ने दिल्ली एम्स में भर्ती लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की थी। यह मुलाकात करीब ढाई घंटे तक चली थी। तब बताया गया था कि जगदानंद सिंह ने लालू यादव के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए उनसे मिलने गए थे।

# जंगल राज पार्ट-2 बिहार की जनता को नहीं है मंजूर

## बिहार के युवाओं की नहीं अपनी बेरोजगारी को लेकर परेशान है राजद-कांग्रेस के युवराज : मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि राजद और कांग्रेस के युवराज बिहार के युवाओं की नहीं अपनी बेरोजगारी को लेकर परेशान हैं। मगर इनकी बेरोजगारी 2025 में दूर होने वाली नहीं है। श्री पाण्डेय ने कहा कि इन दोनों दलों की मिलीभगत से ही बिहार 15 वर्षों तक लूट-खसोट व भ्रष्टाचार का शिकार होकर बदहाल बना रहा। आज भी बिहार की जनता अपनी दुर्दशा के उन भयावह दिनों को नहीं भूली है। उन्होंने कहा कि रोजगार, अपराध और पलायन को मुद्दा बनाने की इन दोनों युवराजों की कोशिश बिहार में सफल नहीं होने वाली है। बिहार की जनता को अच्छी तरह से मालूम है कि राजद-कांग्रेस के शासनकाल में बिहार में एक मात्र कोई उद्योग फला-फुला तो वह अपहरण उधोगश था। अपहरण के बाद फिरौती की वसूली सत्ता के संरक्षण में होती थी। श्री पाण्डेय ने कहा कि 1995 से 2000 और 2000 से 2005 के बीच कांग्रेस के सहयोग व समर्थन से चलने वाली राजद की सरकार इतनी अराजक, दिशाहीन और विकास विरोधी थी कि न केवल एक-एक कर बिहार के सारे उधोग-धंधे बंद हो गए बल्कि डेढ़ लाख से अधिक व्यावसायियों, उद्योगपतियों, डॉक्टरों, इंजीनियरों व अन्य पेशेवर कारोबारियों को बिहार से पलायन करने के लिए विवश होना पड़ा था। बिहार की जनता कुछ भी नहीं भूली है। जंगल राज पार्ट-2 बिहार की जनता को मंजूर नहीं है। जनता ने मन बना लिया है, 2025 में फिर एक बार एनडीए सरकार तय है।

# पूर्व सांसद उदय सिंह बने जन सुराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज ने अपना नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया है। पूर्णिया के पूर्व सांसद उदय सिंह उर्फ पप्पू सिंह को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रशांत किशोर ने सोमवार को इसकी घोषणा करते हुए बताया कि उदय सिंह को सर्वसम्मति से जन सुराज का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। उन्होंने कहा कि उनकी भूमिका जन सुराज में कुम्हार की होगी, मैं मिट्टी लाता जाऊंगा और इसे आप लोग गढ़ते जाएंगे। पीके ने कहा कि धीरे-धीरे मेरे साथ लोग जुड़ते जाएंगे और मैं छोटा होता जाऊंगा। मेरा काम सिर्फ बिहार के लोगों को जागरूक करना है। वहीं, जन सुराज का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने पर उदय सिंह ने कहा कि मैं काफी समय से राजनीति में हूं और मेरा परिवार भी पूर्व से ही राजनीति में रहा है। मैं जब प्रशांत किशोर के साथ जुड़ा तब से इन्हें देख रहा हूं। यह शख्स आराम की जिंदगी जी सकता है, लेकिन उनके मन में बिहार में बदलने की छटपटाहट है और इसे देखकर मैं हैरान रह गया हूं। लेकिन, हैरानी के साथ ही प्रशांत किशोर जी की हिम्मत देखकर मुझे विश्वास भी हुआ कि यह कुछ करके रहेंगे।

# महिला श्रमिकों की हर संभव सहायता करेगी सरकार : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह से आज मजदूर महिला मंडल की एक प्रतिनिधिमंडल ने नियोजन भवन स्थित कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान महिला मंडल की सदस्यों ने माँ दुर्गा की प्रतिमा भेंट कर मंत्री का स्वागत किया और अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखीं। मंत्री ने महिला प्रतिनिधियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि श्रम संसाधन विभाग सदैव मजदूर वर्ग, खासकर महिला श्रमिकों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा हाल ही में लागू की गई 'बिहार शताब्दी असंगठित कार्य क्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा (संशोधन) योजना, 2024' के तहत विभिन्न कल्याणकारी लाभ प्रदान किए जा रहे हैं। मंत्री ने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए मजदूर महिलाएं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक या जिला पदाधिकारी के कार्यालय में आवेदन दे सकती हैं। विशेष रूप से योजना के तहत मिलने वाली छात्रवृत्ति के लिए श्रम अधीक्षक के कार्यालय में आवेदन की व्यवस्था है। इसके साथ ही मंत्री ने यह भी बताया कि निर्माण श्रमिकों के लिए विभाग द्वारा जन्म से मृत्यु तक कुल 16 प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें स्वास्थ्य, शिक्षा, विवाह, प्रसूति, अपंगता, दुर्घटना सहायता आदि शामिल हैं। उन्होंने महिला मंडल को इन सभी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। मुलाकात के दौरान मंत्री संतोष कुमार सिंह ने भावुक होकर कहा कि, निर्माण श्रमिक और शिल्पकार ही हमारे देश के असली निर्माता हैं। मुझे बेहद खुशी है कि मजदूर महिलाओं की यह टीम मुझसे मिलने आई और अपनी बातों को खुलकर सामने रखा। मैं व्यक्तिगत रूप से और विभागीय स्तर पर हमेशा आपके साथ खड़ा हूं।

# पशुपालन के जरिए उद्यमिता और रोजगार को बढ़ावा दे रही बिहार सरकार

## पशुपालन और चारा क्षेत्र में उद्यमिता विकास से रोजगार का होगा सृजन

### एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार सरकार पशुपालन के जरिए उद्यमिता और रोजगार को बढ़ावा दे रही है। पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग ने राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरु किया है। इसमें छोटे जुगाली करने वाले पशु, कुक्कुट और सूअर पालन के साथ-साथ चारा क्षेत्र में उद्यमिता के विकास से रोजगार का सृजन किया जा रहा है। साथ ही इस कार्यक्रम के तहत पात्र उद्यमियों को अधिकतम 50% तक की पूंजीगत सब्सिडी भी दी जा रही है। इसका लाभ निजी व्यक्ति, स्वयं सहायता समूह, किसान उत्पादक संगठन, किसान सहकारिता संस्थाएं, संयुक्त दायित्व समूह और धारा 8 की कंपनियां ले सकती हैं। किसानों और पशुपालकों के लिए गुणवत्तापूर्ण विस्तार सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए राज्य के पदाधिकारियों और पशुपालकों की क्षमता निर्माण पर भी जोर दिया जा रहा है। साथ ही, कौशल-आधारित प्रशिक्षण और नई तकनीकों के प्रसार के माध्यम से उत्पादन लागत को कम करने और पशुधन क्षेत्र की उत्पादकता में सुधार करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत विभिन्न योजनाओं के जरिए पशुपालकों और उद्यमियों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। जिसमें नस्ल सुधार के माध्यम से प्रति पशु उत्पादकता बढ़ाना, मांस, अंडा, बकरी का दूध, ऊन और चारे के उत्पादन में वृद्धि करना, चारा बीज की आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना, चारा प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना को प्रोत्साहित करना, और पशुधन बीमा के जरिए जोखिम प्रबंधन को बढ़ावा देना जैसे काम शामिल हैं। इसके अलावा, मुर्गी, भेड़, बकरी पालन और चारा क्षेत्र में अनुप्रयुक्त अनुसंधान को प्राथमिकता दी जा रही है। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति आधिकारिक वेबसाइट्स https://nlm.udyamimitra.in और www.dahd.nic.in पर संपर्क कर सकते हैं। यह मिशन बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को एक लाभकारी उद्यम के रूप में स्थापित करने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है।

# पटना कलम शैली पेंटिंग्स की प्रतीक्षा में है विश्व कला बाजार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** इंटैक, पटना चैप्टर एवं योर हेरिटेज के संयुक्त प्रयास से सप्ताह भर चले पटना कलम शैली चित्रकला प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का समापन समारोह सोमवार को पटना आर्ट कॉलेज में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जालान म्यूजियम के प्रमुख आदित्य जालान ने कहा कि पटना सिटी के जालान संग्रहालय में संग्रहित पटना कलम शैली के सभी चित्रों को आगामी जुलाई माह में आम जन के दर्शनार्थ उपलब्ध करा दिया जाएगा। इसके लिए उनकी टीम काम कर रही है। पटना के डाकबंगला चौराहा के पास ही एक बड़ा स्थान चिन्हित कर उसपर काम चल रहा है। यह पटनावासियों के लिए आकर्षण का नया केंद्र होगा। उन्होंने आगे कहा कि पटना कलम हमारी साझी विरासत है और इसे बचाकर रखना हमारी साझी सामाजिक चुनौती भी है। बापू टावर के उप निदेशक ललित कुमार सिंह ने कहा कि इस शैली के चित्रकारों को समसामयिक विषयों पर भी चित्रण करना चाहिए क्योंकि इससे विषय की विविधता बनी रहती है। बिहार पर्यटन के सहायक निदेशक केशरी कुमार ने कहा कि इतिहास, संस्कृति और कला से जुड़े पक्षों का संबंध बिहार के पर्यटन से भी रहा है। वरिष्ठ फोटोग्राफर बी.के. जैन ने कहा कि पिछले कई दशकों बाद पटना कलम को जीवन्त बनाने हेतु किए गए प्रयास सराहनीय है और भविष्य में भी इसकी निरन्तरता बनी रहनी चाहिए। पटना कलम की वरिष्ठ चित्रकार स्मिता पाराशर ने प्रेजेन्टेशन के माध्यम से इस शैली में स्वयं के बनाए चित्रों की बारीकियों से अवगत कराया। प्लानेट के अनुराग कुमार ने 1707 ई. में औरंगजेब की मृत्यु के बाद के कंपनी शैली की कला एवं कलाकारों की कला यात्रा के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि मुर्शिदाबाद से चलकर पटना पहुंचे कलाकार पटना सिटी में आकर बस गए। कैमरा का आविष्कार, यूरोपीय लोगों का भारत से वापस जाना एवं जमींदारों एवं धनी लोगों द्वारा कला को संरक्षण नहीं दिए जाना ही इस शैली के पतन का मुख्य कारण बना। कला समीक्षक कविता कानन चन्द्रा ने कहा कि पटना कलम के लिए बाजार की कमी नहीं है बल्कि विश्व का कला बाजार तो इस शैली की पेंटिंग्स की प्रतीक्षा कर रहा है। समारोह को प्रदीप जैन ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर कला एवं शिल्प महाविद्यालय की प्राचार्य राखी कुमारी, प्राध्यापक अजय कुमार पाण्डेय, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. अरुण कुमार, प्लानेट के डॉ. अजफर अहमद आदि थे।

# चित्रांकन एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 2025 के अवसर पर संजय गांधी जैविक उद्यान में सोमवार को राज्यस्तरीय चित्रांकन एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में पटना जिले के 24 सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के कुल 1165 विद्यार्थियों ने भाग लिया। बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को जैव विविधता के महत्व से अवगत कराना एवं उसके संरक्षण के प्रति जागरूक बनाना था। प्रतियोगिता को तीन वर्गों में बांटा गया था। ग्रुप-ए कक्षा 1 से 4 के छात्रों ने ह्नचिड़ियां मेरे आस-पास ग्रुप-बी (कक्षा 5 से 8) के छात्र ह्नजल में जीवन तथा ग्रुप-सी कक्षा 9 से 12 के लिए जैव विविधता : शहरी क्षेत्र में जरूरी क्यों विषय पर चित्रांकन किया।

# नैक संबद्धता प्रक्रिया पर कार्यशाला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** मौलाना मजहरुल हक अरबी और फारसी विश्वविद्यालय, पटना ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देश के अनुरूप राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद से प्रत्यायन प्राप्त करने के लिए कदम उठाना शुरू कर दिया है। विदित हो कि सभी विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा संस्थानों को वर्ष 2027 तक गइइए ग्रेडिंग सुनिश्चित कराना अनिवार्य है। संस्थागत पहल करते हुए विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ ने नैक प्रक्रिया विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य विश्वविद्यालय के शैक्षणिक समुदाय को नैक प्रक्रिया, मूल्यांकन और प्रत्यायन प्रक्रिया में शामिल जटिलताओं से परिचित कराना था। कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलमगीर के संरक्षण एवं कुलसचिव कर्नल कामेश कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यशाला की शुरुआत करते हुए अपने प्रारम्भिक टिप्पणी में, आइक्यूएसी समन्वयक डॉ. मोहम्मद जावेद अख्तर ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए आमंत्रित विशेषज्ञों- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के डॉ. केसी पटनायक और इंजीनियार एस एम नेयाज का परिचय कराया। उन्होंने मौलाना मजहरुल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय के लिए कार्यशाला के महत्व पर यह कहते हुए जोर दिया कि यह विश्वविद्यालय अपेक्षाकृत युवा संस्थान है जिसमें अधिकतर नए संकाय सदस्य हैं और जो सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। कार्यक्रम का औपचारिक समापन इस्लामिक अध्ययन विभाग के सहायक प्रोफ़ेसर डॉ तहसीन ज़मान द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

# एलएचबी रेक में परिवर्तित हुआ जननायक एक्सप्रेस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

### होगी सुविधा

**हाजीपुर।** दरभंगा और अमृतसर के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 15211/15212 दरभंगा-अमृतसर-दरभंगा जननायक एक्सप्रेस के चारों आईसीएफ रेक को एलएचबी रेक में परिवर्तित करने का कार्य पूरा हो गया है। विदित हो जननायक एक्सप्रेस का पहले से दो रेक का एचएचबी रेक में परिवर्तन कर चलाया जा रहा था। अब इस ट्रेन का तीसरा रेक का दिनांक 16.05.2025 से तथा चौथे रेक का 18.05.2025 से एलएचबी रेक में परिवर्तन कर परिचालन किया जा रहा है।

ज्ञातव्य हो कि एलएचबी कोच यात्रियों को अपेक्षाकृत अधिक आरामदायक यात्रा का अनुभव प्रदान कराता है। स्टेनलेस स्टील से निर्मित बेहतर आंतरिक सज्जा युक्त उच्च गति क्षमता वाले अत्याधुनिक एलएचबी कोच पारंपरिक कोच की तुलना में वजन में हल्का और मजबूत होता है। कोचों में आधुनिक सीबीसी कपलिंग लगे होने से संरक्षा में वृद्धि होती है । एंटी क्लाइम्बिंग विशेषताएं दुर्घटनाओं के दौरान उन्हें एक-दूसरे पर चढ़ने से रोकती हैं । कोच बेहतर ब्रेकिंग सिस्टम व सस्पेंशन के साथ-साथ बेहतर आंतरिक सज्जा व शौचालय युक्त होते हैं। फलस्वरूप एलएचबी कोच युक्त ट्रेनों से यात्रा अपेक्षाकृत अधिक संरक्षित, सुरक्षित व आरामदायक होती है।

# लिटेरा पब्लिक स्कूल में हर्ष और श्रद्धा के साथ मनाया मातृ दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**







**पटना।** लिटेरा पब्लिक स्कूल ने मातृ दिवस बड़े ही उत्साह, प्रेम और कृतज्ञता के साथ मनाया। यह अवसर मुख्य अतिथि प्रणव कुमार, आईएएस, सचिव, गृह विभाग की गरिमामयी उपस्थिति से और भी विशेष बन गया। साथ ही, विद्यालय की निर्देशिकाएं ममता मेहरोत्रा, श्रुति मेहरोत्रा एवं अशुतोष मेहरोत्रा की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक गौरवपूर्ण बनाया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों—गीत, नृत्य, नाटक और कविताओं—ने माताओं के प्रति हार्दिक श्रद्धा और सम्मान को भावपूर्ण ढंग से प्रकट किया। एक जादू का कार्यक्रम ने सभी को रोमांचित किया और आनंदित कर दिया। साथ ही, माताओं और छात्रों के लिए आयोजित संवादात्मक खेल और गतिविधियाँ पूरे आयोजन का विशेष आकर्षण रहीं, जिन्होंने उनके बीच के रिश्ते को और भी प्रगाढ़ बनाया। प्रणव कुमार ने विद्यालय द्वारा पारिवारिक मूल्यों को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की और विद्यार्थियों की प्रतिभा व उत्साह की प्रशंसा की। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और माताओं के प्रति सम्मानपूर्ण अभिव्यक्ति के साथ हुआ, जो सभी के लिए एक अविस्मरणीय स्मृति बन गई।

# अभूतपूर्व होगी संवैधानिक अधिकार व परिसीमन सुधार महारैली: डॉ रणविजय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**सासाराम।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा की जिला इकाई संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार प्रमंडलीय शाहाबाद महारैली के साथ शुरुआत करेगी। राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार प्रमंडलीय शाहाबाद महारैली तैयारी को लेकर ज़िला अध्यक्ष कपिल कुमार, मीडिया प्रभारी विशाल सिंह की मौजूदगी में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रणविजय सिंह ने जायजा लेने के बाद जानकारी दी। राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार महारैली की तैयारी पूरी कर ली है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रणविजय सिंह ने सासाराम में पत्रकारों को कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 25 मई को आरएमएल संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार प्रमंडलीय शाहाबाद महारैली के माध्यम से जागरूकता अभियान की शुरुआत करेगी। कांग्रेस पर आरोप लगाया कि इंदिरा गांधी की कार्यकाल में परिसीमन सुधार की रोक लगी है जो अबतक जारी है। लेकिन संवैधानिक अधिकार को लेकर जागरूक किया जाएगा पर परिसीमन सुधार हर हाल में कराने के लिए पार्टी तत्पर है। उन्होंने कहा कि आरएलएम प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने सबसे पहले परिसीमन सुधार की मांग उठाई है और अन्य कई राजनीतिक दल भी इस मुद्दे पर हामी भरकर अपनी होड़ लेने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि परिसीमन सुधार को लेकर बिहार के विभिन्न जगहों पर जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर कुशवाहा, प्रदेश महासचिव बनारसी कुशवाहा, युवा प्रदेश महासचिव हसन अली, विनय कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

# यूपीए ने कभी नहीं की जाति जनगणना की पहल : अजय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जनता दल यूनाइटेड के जिला कार्यालय में सोमवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में मीडिया के मित्रों के साथ बात करते हुए जदयू के जिलाध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा ने जातिगत जनगणना से संबंधित विपक्ष के नेताओं के खोखले दावे और हवाबाजी वाले बयानों की पोल रख दी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी दावा करते हैं कि उन्होंने संसद में दबाव बनाकर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जातिगत जनगणना की घोषणा करने के लिए मजबूर किया जबकि सत्य और तथ्य यह है कि 10 साल तक सत्ता में रहने के बावजूद यूपीए ने कभी जाति जनगणना की पहल नहीं की। राहुल गांधी ने संसद में केवल भाषण दिया जबकि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने सबसे पहले जाति आधारित सर्वेक्षण कराया। राहुल गांधी कांग्रेस शासित राज्य तेलंगाना का उदाहरण देतें है और वहां हुए जातिगत जनगणना को सर्वश्रेष्ठ बताते है और जातिगत जनगणना के रिपोर्ट के आधार पर प्राइवेट स्कूलों, कॉलेजों और संस्थानों में आरक्षण की मांग करते है। एससी एसटी और ओबीसी को उनका हक दिलाने की बात करते है। जबकि सच्चाई यह है कि कांग्रेस शासित राज्यों में आज तक प्राइवेट संस्थानों में आरक्षण लागू नहीं किया गया है। मौके पर अशोक प्रजापति, अलख निरंजन, शशि रंजन सहित अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### कैमूर की महिला थानाध्यक्ष निलंबित

**डिहरी ऑन-सोन(नबिटा ब्यूरो)।** कैमूर की महिला थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक अंजू कुमारी को कर्तव्य में लापरवाही के कारण सोमवार को निलंबित कर दिया गया है। शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के डीआइजी डॉ सत्य प्रकाश के अनुसार महिला थानाध्यक्ष पर कई मामलों में एक पक्षीय कारवाई करने, लंबित कांडों के निष्पादन में रुचि नहीं लेने व कर्तव्य में लापरवाही की शिकायत मिली थी। आरोपों की जांच कैमूर के एसपी हरिमोहन शुक्ला से कराई गई। आरोपों को सत्यता की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आज निलंबित किया गया है।

### स्काउट व गाइड देश के भविष्य

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के करगहर प्रखंड अंतर्गत बभनी स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय में सासाराम सांसद मनोज कुमार एवं करगहर विधायक संतोष मिश्रा को भारत स्काउट और गाइड के कैडेटों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रविकांत कुमार नेअतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया। जिला संगठन आयुक्त स्काउट अरविन्द कुमार सिंह के निर्देशानुसार स्काउट विवेक कुमार सिंह, पीयूष कश्यप, सुभाष कुमार गाइड में दीप रानी राज, पिंशु तिवारी, मुस्कान कुमारी, रितिका कुमारी ने अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। भारत स्काउट और गाइड के कैडेट को सांसद एवं विधायक ने कहा कि स्काउट और गाइड देश के भविष्य हैं। ये हर एक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर के भाग लेते रहते हैं।

### जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष का उद्घाटन

**भभुआ (नबिटा ब्यूरो)।** भभुआ थाना परिसर में सोमवार को जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष का उद्घाटन किया गया। यह कंट्रोल रूम कक्ष 24 घंटे जनता की सेवा में उपलब्ध रहेगा। नियंत्रण कक्ष से जुड़ी सुविधाओं में सभी थानों की गश्ती गाड़ियों की जीपीएस ट्रैकिंग शामिल है। इससे गाड़ियों की लाइव लोकेशन की जानकारी मिलती रहेगी। शहर के प्रमुख चौराहों के सीसीटीवी कैमरों को भी इस कक्ष से जोड़ा गया है। आम जनता अब लैंडलाइन नंबर 06189-224312 या मोबाइल नंबर 6299858644 पर संपर्क कर सकती है। थाने से संपर्क न हो पाने की स्थिति में यह नंबर विशेष रूप से उपयोगी होंगे। सूचना मिलते ही संबंधित थाने को तत्काल अवगत करा दिया जाएगा। एसपी हरिमोहन शुक्ला ने बताया कि डीजी के निर्देश पर यह कक्ष स्थापित किया गया है। यहां टीवी पर स्थानीय समाचार भी प्रसारित किए जाएंगे। आवश्यकता पड़ने पर रिजर्व फोर्स को भी तुरंत घटनास्थल पर भेजा जा सकेगा। सभी फोन कॉल और सूचनाओं का विवरण रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा। की गई कार्रवाई का भी पूरा रिकॉर्ड रखा जाएगा। इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी इस पूरी व्यवस्था की निगरानी करेंगे।

# सासाराम में पुलिस पर हमला थानाध्यक्ष समेत तीन घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** सोमवार सुबह 13 मई से लापता शाहबाज का शव गहरे नाले से बरामद किया गया। युवक का शव मिलने के बाद लोग आक्रोशित हो गए। इसके बाद गुस्साए लोगों ने शहर के सागर स्थित पुलिस चौकी पर हमला बोल दिया। टीओपी के अंदर घुसकर असामाजिक तत्वों ने कई पुलिसकर्मियों की पिटाई की। इस दौरान जमकर पत्थरबाजी भी की गई, जिसमें डालमियानगर थानाध्यक्ष सुशांत कुमार मंडल समेत तीन पुलिस कर्मी घायल हो गए। लोगों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया। आनन-फानन में रोहतास एसपी रौशन कुमार दल बल के साथ टीओपी पहुंचे। जिले के कई थानों की पुलिस को भी बुलाया गया। पूरा इलाका छावनी में तब्दील कर दिया गया है। एसपी ने कहा कि जिन लोगों ने बेवजह विवाद खड़ा किया उनपर कार्रवाई की जाएगी।

# सिरोसिस बीमारी पर संगोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** रोहतास जिले के जमुहार स्थित नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के चर्म रोग विभाग के तत्वावधान में सिरोसिस नामक बीमारी को केन्द्र में रखकर एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न चिकित्सा संस्थाओं से आए हुए चर्म रोग विशेषज्ञों द्वारा सिरोसिस बीमारी को लेकर किए जाने वाले उपचार एवं नए शोधों पर आधारित इलाज पर विस्तृत चर्चा की गई। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के देवमंगल सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता चिकित्सा अधीक्षक एवं चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. पुनीत कुमार सिंह ने की तथा आगत अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. अनुपमा सिंह, डॉ. मोहम्मद मुबारक हुसैन, डॉ. पंकज तिवारी, डॉ. आदिति स्नेहल, डॉ. दीक्षित नागौल ने विषय पर वक्ता के रूप में अपना विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर चेयरपर्सन के रूप में डॉ. वीरेंद्र कुमार सिंह, डॉ. पुनीत कुमार सिंह एवं पैनलिस्ट के तौर पर डॉ गोपाल प्रसाद, डॉ. रामावतार सिंह, डॉ. अनुपमा सिंह, डॉ देवेश सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन आयोजन सचिव डॉ धर्मेंद्र कुमार ने किया। साइंटिफिक अध्यक्ष डॉक्टर आदिति स्नेहल ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

# बच्चों के बीच स्वच्छता किट और पाठ्य सामग्री का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**तिलौथू (रोहतास)।** दिवंगत दिव्यांशु बाबू की पुण्य स्मृति में सोमवार को स्वर्णकार गली, तिलौथू स्थित निःशुल्क पाठशाला में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 30 बच्चों के बीच स्वच्छता किट (साबुन, टूथपेस्ट एवं ब्रश) का वितरण किया गया। स्वच्छता किट का यह वितरण शिशु संस्कार केंद्र, जयनगरा, तिलौथू के उमेश शुक्ला के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में प्रज्ञा ट्रेडर्स, तिलौथू के प्रो. संजय कुमार तथा टीएसओ संदीप जायसवाल के सौजन्य से घड़ी कंपनी के सहयोग से तिलौथू प्रखंड में संचालित 15 निःशुल्क पाठशालाओं के 600 बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मैकू राम ने अपने कर-कमलों से बच्चों को सामग्री प्रदान की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि समाज के वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षित करना एवं उनके भीतर स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना अत्यंत सराहनीय कार्य है। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार सत्यानंद कुमार के संयोजन में किया गया। समाजसेवा, शिक्षा और स्वच्छता को समर्पित इस आयोजन ने न केवल दिव्यांशु बाबू को सच्ची श्रद्धांजलि दी बल्कि समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण भी प्रस्तुत किया। वितरण कार्यक्रम के सहयोगी के रूप में कृति कुमारी, चंचल कुमारी, सरोज कुमार उपस्थित रहे।


## कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू, मेदिनीनगर (खनन शाखा)

पलामू जिला के छतरपुर अंचल अंर्तगत नवनिर्मित स्तरोन्नत उच्च विधालय, सिलदाग के परिसर में अवस्थित बड़े बोल्डर/पत्थर को हटाने के लिए कुल उत्खनित/भंडारित पत्थर खनिज की कुल मात्रा **3623.46** घनमीटर पत्थर खनिज के आम नीलामी हेतु सूचना।

निदेशानुसार एतद् द्वारा कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल डालटनगंज के पत्रांक 540, दिनांक 06.05.2025 द्वारा प्राप्त पत्र के आलोक में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पलामू जिला के छतरपुर अंचल अंर्तगत नवनिर्मित स्तरोन्नत उच्च विधालय, सिलदाग के परिसर में अवस्थित बड़े बोल्डर/पत्थर को हटाने के लिए कुल उत्खनित/भंडारित पत्थर खनिज की कुल मात्रा **3623.46** घनमीटर को झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधन नियमावली, 2017 एवं झारखण्ड लघु खनिज समनुदान (संशोधन) नियमावली, 2019 के नियम 54A के तहत आम निलामी दिनांक 29.05.2025 को समय 11:30 बजे पूर्वाह्न में अपर समाहर्ता, पलामू की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार कक्ष ब्लॉक–ए में सम्पन्न की जायेगी। लोक निलामी की प्रक्रिया एवं शर्ते जिला खनन कार्यालय, पलामू के सूचना पट्ट एवं NIC के वेबसाईट पर प्रदर्शित है :–

जिला खनन पदाधिकारी, पलामू, मेदिनीनगर

अपर समाहर्त्ता, पलामू

PR 352918 District(25-26).D


# देसी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी डिहरी ने 14.8 लीटर शराब जब्त करने के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी देते हुए आरपीएफ के पोस्ट निरिक्षक राम विलास राम ने बताया कि रविवार को रेसुब पोस्ट के उप निरीक्षक मनोज कुमार के साथ सहायक उपनिरीक्षक जय प्रकाश चतुर्वेदी, आरक्षी रामाशीष कुमार व आरक्षी अभिमन्यु सिंह एवं जीआरपी के ज्ञानेश्वर मंडल संयुक्त रूप से डिहरी ऑन-सोन स्टेशन पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान प्लेटफार्म संख्या 05 के पूरब स्थित ऊपरगामी पैदल पुल के नीचे में एक व्यक्ति दरिहट थाना क्षेत्र के धरहरा निवासी मनोज कुमार सिंह को एक पीठू बैग में 14.8 लीटर देसी शराब के साथ पकड़ा गया। बरामद शराब के बारे में पूछने पर उक्त व्यक्ति ने बताया कि शराब को बिहार में बेचने के लिए ले जा रहा हूं। तत्पश्चात आवश्यक कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक मनोज कुमार के द्वारा दिए गए एक लिखित शिकायत के आधार पर अग्रिम कार्यवाही वास्ते उक्त व्यक्ति व जब्त शराब को जीआरपी को सुपूर्द कर दिया गया।

# पुलिस के स्थानांतरण नीति का जताया विरोध



**डिहरी ऑन-सोन(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस मेंस यूनियन के नेताओं ने पुलिस कर्मियों के रेमेडाइजेशन सिस्टम के तहत स्थानांतरण का विरोध जताया है। मुख्यालय से अन्य राज्यों की तरह पुलिसकर्मियों के स्थानांतरण की मांग की है। बीसैप दो के गेट पर पुलिस मेंस यूनियन के प्रदेश नेता पंकज कुमार ने कहा कि रेमिडाइजेशन सिस्टम से पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण उनके लिए लाभकारी व कल्याणकारी नहीं है। इस कारण पुलिसकर्मियों में डिप्रेशन बढ़ रहा है। पुलिसकर्मियों में आत्महत्या की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने अन्य राज्यों की तरह पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण गृह जिला से 100-150 किमी के दायरे में अन्य जिलों में करने की मांग की है। मौके पर रंजन कुमार यादव, निरंजन पंडित, राजेश कुमार सिंह, सिमरन पासवान समेत यूनियन के अन्य नेता मौजूद थे।


## कार्यालय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू, मेदिनीनगर (खनन शाखा)

पलामू जिला के हरिहरगंज अंचल के Four Laning from KM 23.284 (Hariharganj) to KM 57.049 (Near pandwa More) on NH-139 old NH-98) on HAM in the state of Jharkhand & Bihar : Request for Auction of Boulder stock at site in Forest Area near Km 43+000 में उत्खनित/भंडारित पत्थर खनिज के आम नीलामी हेतु सूचना।

निदेशानुसार एतद् द्वारा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक श्री सुधीर कुमार के पत्रांक 1135, दिनांक 23.01.2025 प्राप्त पत्र के आलोक में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पलामू जिला के हरिहरगंज अंचल के Four Laning from KM 23.284 (Hariharganj) to KM 57.049 (Near pandwa More) on NH-139 old NH-98) on HAM in the state of Jharkhand & Bihar : Request for Auction of Boulder stock at site in Forest Area near Km 43+000, Notification No- NHAI/PIU/DLYJ/2024-25/NH-139/HPHPL,Mining/1135, Date- 23.01.2025 में उत्खनित/भंडारित पत्थर खनिज अपशिश्ट पत्थर सहित (औपबंधिक NHAI के Project Director के प्रतिवेदनानुसार) **50000** घनमीटर (औपबंधिक) को झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधन नियमावली, 2017 एवं झारखण्ड लघु खनिज समानुदान (संशोधन) नियमावली, 2019 के नियम 54A के तहत आम निलामी पुनः दिनांक 29.05.2025 को समय 11:30 बजे पूर्वाह्न में अपर समाहर्ता, पलामू की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार कक्ष में सम्पन्न की जायेगी। लोक निलामी की प्रक्रिया एवं शर्तें जिला खनन कार्यालय, पलामू के सूचना पट्ट एवं NIC के वेबसाईट पर प्रदर्शित है :–

जिला खनन पदाधिकारी, पलामू, मेदिनीनगर।

अपर समाहर्त्ता, पलामू

PR 352916 (District)25-26*D



## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER. MINOR IRRIGATION DIVISION, MEDININAGAR

**e-Procurement Tender Notice, Two Envelope System**

**Tender Reference No:- WRD/MID/MEDININAGAR/B.D./S.L.I.-01/2025-26**

**Letter no:- 188Date:- 17/05/2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work: | Construction of Jhari Solar Lift Irrigation Scheme |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 1,09,99,500=00 |
| 3 | Cost of tender document (Rs) | **Rs. 10,000=00** only (non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | **Rs. 1,10,000=00** only. |
| 5 | Time of Completion | 335 Days |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publication of Tender on website (http://jharkhand tenders.gov.in) | Date:- 29.05.2025, Time- 04.00 PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submission of Tender on Website | Date:- 13.06.2025, Time:- 03.00 PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:- 29.05.2025, Time- 4.00 PM<br>Last Date:- 13.06.2025, Time:- 3.00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date:- 14.06.2025, Time:-04.00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer Minor Irrigation Division Medininagar |
| 12 | (a) Contact No. of e-Procurement Officer ( (b) E-mail of e-Procurement Officer | 06562-240100<br>eemidmed-cemr-jhr@gmail.com |
| 13 | Help line No. of e-Procurement Cell | 0651-2214784 |

**Note:-**

- Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 **HP** pumps (**DC** Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
- **Only e-Tender will be accepted.**
  Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Medininagar.

PR 352964 Minor Irrigation(25-26)#D


# पिता की पुण्यतिथि पर छात्रों के बीच किया शिक्षण सामग्री का वितरण

**डिहरी ऑन-सोन(नबिटा ब्यूरो)।** डालमियानगर न्यू सिधौली निवासी शिक्षक अमित कुमार उर्फ पेंटर नें अपने पिता स्वर्गीय हरिहर राम की 30 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय रजवरवा बिगहा (डालमियानगर) के छात्र-छात्राओं के बीच शिक्षण सामग्री के साथ मिठाइयां बांट बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर के अधूरे सपनों को साकार करने का काम किया है। शिक्षक अमित कुमार उर्फ पेंटर नें कहा कि उनके पिता स्वर्गीय हरिहर राम को सच्ची श्रद्धांजलि गरीब व असहायों की सेवा करना ही माना जायेगा। इस अवसर पर लाल बाबू राम, देवंती कुमारी शिक्षिका, बिट्टू कुमार, वीरेंद्र कुमार सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# समर कैंप का किया शुभारंभ

**डिहरी ऑन-सोन(नबिटा ब्यूरो)।** स्थानीय शिवगंज स्थित पीएम श्री मध्य विद्यालय में समर कैंप का शुभारंभ बीइओ डॉ संजय कुमार सिंह, वार्ड पार्षद सह अध्यक्ष मीना देवी व सचिव रीता देवी ने संयुक्त रूप से किया। बीइओ डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि समर कैंप के आयोजन से बच्चों में नई ऊर्जा, संस्कृति से जुड़ाव, राष्ट्र गौरव का बोध, परिपूर्ण व्यक्तित्व तथा सृजनात्मकता विकास हो सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रखंड के सभी विद्यालय प्रधान को समर कैंप के नियमानुसार आयोजन के निदेश दे दिये गये है। समर कैंप के पहले दिन बुनियादी अभिवादन की शिक्षा दी गई। दूसरे दिन वर्चुअल शहर भ्रमण, तीसरे दिन कला, चौथे दिन स्थानीय व्यंजन, पांचवे दिन संस्कृति से जुड़ाव, छठे दिन प्राकृतिक धरोहर के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का ज्ञान तथा अंतिम सातवें दिन 25 मई को प्रेरणा और समापन किया जायगा। बच्चों ने भारतीय परिधान एवं वेशभूषा में सज-धज कर विभिन्न धर्म में प्रचलित अभिवादन के आकर्षक तरीके का मंचन तथा डील प्ले किया। प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने आगत अतिथियों का स्वागत व धन्यवाद ज्ञापित किया। मौके पर शिक्षक सतीश कुमार, चंचला द्विवेदी, सुजाता प्रसाद, नसरीन, विभा रानी, प्रेमचन्द प्रसाद, नरेश प्रसाद आदि मौजूद थे।




## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एंव कौशल विकास विभाग, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा

**शैक्षणिक सत्र–2025–2026–2027 में नामांकन से सबंधित सूचना**

निदेशालय, नियोजन एंव प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एंव कौशल विकास विभाग, रांची के पत्रांक–639, दिनाकं–07/05/2025 के अनुपालन में सूचित किया जाता है कि **NCVT** से मान्यता प्राप्त व्यवसायों में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा के शैक्षणिक सत्र–2025–2026–2027 में योग्य आवेदकों (महिला सहित) से जो झारखण्ड़ राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी के श्रेणी में आते हैं और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाइन (https://iti.jharkhand.gov.in के Admission tab) में आवेदन –पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

**1. न्युनतम शैक्षणिक योग्यता**– सभी व्यवसायों में नामाकन के लिए आवेदक को दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। केवल वेल्डर व्यसाय में (आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।)

**2. आयु अहर्ता:**– 01 जुलाई 2025 को न्युनतम आयु 14 वर्ष एंव अधिकतम 40 वर्श के बीच होनी चाहिए। सैन्य कार्रवाई में मारे गये सैन्य कर्मियों के विधवाओं के मामले में अधिकतम 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

**3. ऑनलाइन आवेदन भरने की तिथि:**–

| क्र0.सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एंव आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 20 मई 2025 |
| 02 | ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एंव आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 13 जून 2025, अपराह्न 5:00 बजे |
| 03 | औपबंधिक मेघा सूचियों (आठवीं एंव दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 16 जून 2025, अपराह्न 5:00 बजे |
| 04 | औपबंधिक राज्य मेघा सूचियों में शामिल आवेदकों द्वारा प्राप्तांक/प्राप्तांक प्रतिशत, कोटि एंव अन्य प्रविष्टियों में त्रूटि में सुधार | 17 जून 2025, 19 जून 2025 |
| 05 | अंतिम मेधा सूची का प्रकाशन | 21 जून 2025 |

**4.** डी0जी0टी के पत्राकं –**DGT-MIS 011/1/2025-O/o DIR(TC) [71015]**, दिनाकं–08/04/2025 के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन लेने वाले अभ्यथियों का वैध मोबाईल नम्बर, ई–मेल आई0डी एंव आधार नम्बर आवश्यक है तथा **National Trade Certificate (NTC)** उतीर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त होने तक उसमें परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी।डी0जी0टी का पत्र https://iti.jharkhand.gov.in के **Download section** के **Notification Tab** में देखा जा सकता है।

**5.** नामांकन सबंधी विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना झारखण्ड ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in )के Download section के **Notification Tab** में **देखा/Download** किया जा सकता है।

**6. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा में संचालित व्यवसायों की विवरणी :–**

| 02 वर्षीय व्यवसाय | सीटें | 01 वर्षीय व्यवसाय | सीटें |
|---|---|---|---|
| फिट्र | 40 | मेकेनिक ड़ीजल | 24 |
| इलेक्ट्रीशियन | 20 | | |
| टर्नर | 20 | वेल्डर | 20 |
| मेकेनिक मोटर वेहिकल | 24 | | |
| इलेक्ट्रोनिक्स मेकेनिक्स | 24 | कोपा | 24 |
| आई0 टी0 | 24 | | |

HELP DESK IN ITI CAMPUS
RITESH KUMAR YADAV, COMPUTER OPERATOR
INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE, GARHWA
MOB- 7992311265

ह0/-
प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा।

PR 352957 (Labour Employment and Traning) 25-26 (D)

# बिहारशरीफ : मंत्री ने विद्यालय के नवनिर्मित भवन का किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने सोमवार को प्रखंड के नाहूब गांव में दो करोड़ दस लाख रुपए की लागत से प्लस टू उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय नाहूब के बने नये भवन का विधिवत उद्घाटन किया। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पूरा बिहार तेजी से आगे बढ़ रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में काफी सुधार हुआ है। छात्रों को प्रोत्साहन राशि के साथ-साथ पोशाक व अन्य योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है। इस कारण स्कूलों में छात्रों की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। उन्होंने कहा कि शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षा अनमोल दौलत है। इसके बिना हम बेहतर समाज की कल्पना नहीं कर सकते हैं। सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार मिलकर काफी तेजी से काम कर रही है। सूबे के हर गांव को सड़क से जोड़ा गया है। इस कारण अब पटना जाना काफी आसान हो गया है। आने वाली विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनेगी। इस मौके पर जदयू नेता त्रिनयन कुमार, जदयू नेता मुन्ना कुमार, मनोज कुमार उर्फ मनोज भैया सहित अन्य मौजूद थे।



# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** हरनौत प्रखंड क्षेत्र के बासनीमा पंचायत के तिसकुरवा गांव के निवासी स्वर्गीय प्रसादी यादव के 50 वर्षीय पुत्र प्रमोद यादव दिल्ली के रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से उनकी घटनास्थल पर मौत हो गई। घटना के संबंध में उनके भतीजा अजीत कुमार ने सोमवार को बताया कि परिवार की भरण पोषण करने के लिए ट्रेन से दिल्ली जा रहे थे। दिल्ली रेलवे स्टेशन पर उतरने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से प्रमोद यादव की घटनास्थल पर मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दिल्ली में लेबर का काम करते थे। उन्होंने बताया कि 8 दिन पहले दिल्ली से वापस घर आए थे।

# 1251 महिला श्रद्धालुओं ने निकाली कलश शोभायात्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** हरनौत प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत तेलमर में हनुमान जी की प्राणप्रतिष्ठा को लेकर 7 दिवसीय भक्ति अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन सोमवार की सुबह कन्याकुमारी एवं महिला श्रद्धालुओं के द्वारा गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाला गया। आयोजन कर्ता विक्की पासवान, मुखिया विद्यानंद बिंद, रोहित सिंह समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने बताया कि गांव के सुख समृद्धि एवं शांति की कामना को लेकर समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से तेलमर गांव के करौटा-सलेमपुर नया रोड पर हनुमान जी की नवनिर्मित मंदिर बनाया गया है। मंदिर में हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सात दिवसीय भक्ति अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के पहले दिन 1251 महिला श्रद्धालुओं के द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाला गया। कलश में जल भरने के लिए सुरक्षित वाहन के द्वारा बख्तियारपुर स्थित गयासपुर गंगा घाट पहुंचा। जहां से कलश में जल भरने के बाद गांव पहुंचकर पूरा गांव भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर परिसर में पहुंचा। जहां कलश को स्थापित की गई। उसके बाद सभी महिला श्रद्धालुओं को खीर का प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन कर्ताओं ने बताया कि मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा को लेकर लाखों रुपए की लागत से बिहार के गया जिले से हनुमान जी की मूर्ति मंगाई गई है। इस सात दिवसीय भक्ति अनुष्ठान कार्यक्रम में कलश शोभायात्रा, महायज्ञ, मेला, महोत्सव, रामायण कथा, रात्रि में रासलीला एवं भव्य भंडारा के आयोजन किया जाएगा। मौके पर डॉ. पूनम सिंह, रजनीश, नागेंद्र, इंदल, नीरज ,धर्मेंद्र, मनोज, सुजीत, युगल, धनंजय, हरेंद्र शत्रुघ्न, अरविंद, बिट्टू, मनीष, वीरिंद समेत हजारों ग्रामीण मौजूद थे।

# पैसे की खातिर पिता की हत्या, बेटा गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** बेटे के द्वारा पिता की हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना गिरियक थाना क्षेत्र के पहलौआ गांव का है। मृतक की पहचान (50) वर्षीय सिद्धेश्वर पंडित के रूप में की गई। हत्या का आरोप बड़े बेटे दिवाकर पंडित पर लग रही है। घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि पैसे को लेकर आए दिन बड़े बेटे के द्वारा माता-पिता के साथ मारपीट की जाती थी। रविवार को फिर से सिद्धेश्वर पंडित के साथ पैसे को लेकर बेटे ने विवाद कर दिया। उन्हें मारपीट कर जख्मी कर दिया। खुद ही इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज लेकर चला गया। जहां इलाज के क्रम में देर रात सिद्धेश्वर पंडित की मौत हो गई। मौत के बाद चुपके से दिवाकर पंडित अपने पिता के दाह-संस्कार में जुटा हुआ था। इसी बीच गांव वालों ने परिवार और पुलिस को इस बात की जानकारी दे दी। मौके पर पुलिस पहुंची और दिवाकर पंडित को गिरफ्तार कर लिया। पैसे के हीं खातिर वर्ष 2021 में दिवाकर पंडित ने मां के साथ मारपीट की थी। सिर पर गम्भीर चोट लगने के कारण मां की दिमागी हालत बिगड़ गई थी। इस मामले में भी दिवाकर पंडित चार्ज शिटेड है। पत्नी भी मारपीट की वजह से तंग आकर मायके में रहती है। छोटा भाई अपनी बहन के यहां रहता है। आरोपी दो भाई और एक बहन है। गिरियक थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा सूचना प्राप्त होने के उपरांत पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। आरोपित बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतक के साले ने हत्या का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।




# शहीद की माता को प्रशासन ने दिया 21 लाख का चेक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** नवादा डीएम रवि प्रकाश के निर्देश पर कौआकोल बीडीओ डॉ0 अखिलेश कुमार ने सोमवार को शहीद जवान मनीष कुमार के घर पाण्डेयगंगौट जाकर प्रशासन के तरफ से 21 लाख रुपये का चेक मृतक की माता सुशीला देवी को सौंपा। बीडीओ ने बताया कि नवादा डीएम रवि प्रकाश को निदेशक, सैनिक कल्याण निदेशालय गृह विभाग (आरक्षी शाखा) बिहार, पटना एवं मुख्यालय, झारखंड एवं बिहार सब एरिया दानापुर कैंट के द्वारा पत्राचार कर जम्मू एवं कश्मीर में ओपी रक्षक शहीद मनीष कुमार के निकटम आश्रित उनकी माता सुशीला देवी को उचित पहचान पर अनुग्रह अनुदान के रूप में 21 लाख रुपये का चेक भुगतान करने का निर्देश प्राप्त हुआ। जिसके बाद उनके द्वारा दिए गए आदेश के आलोक में स्थानीय मुखिया दीपक कुमार एवं पैक्स अध्यक्ष राहुल रत्नेश की मौजूदगी में शहीद जवान मनीष के माता व उनके निकटतम आश्रित सुशीला देवी को जिला प्रशासन के तरफ से 21 लाख रुपये का चेक घर जाकर सौंपा गया।



# दुर्घटना के शिकार हुए तीन व्यक्तियों के परिजनों को दी सहायता राशि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** 17 मई की मध्य रात्रि को नवादा जिले के कोनिया स्थान पर हुए सड़क हादसे में तीन व्यक्तियों की मौत हो गई थी। मृतकों की पहचान नरहट प्रखंड अंतर्गत छोटी पाली गांव निवासी रंजीत उर्फ नथुन, धीरेंद्र कुमार एवं पंकज कुमार के रूप में की गई थी। यह दुर्घटना रोह प्रखंड के धनवा गांव से बारात से लौटते समय हुई। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन हरकत में आया। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश पर 18 मई 2025 को मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत नरहट प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा तत्काल राहत स्वरूप प्रति परिवार 20-20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। जिला प्रशासन इस दुखद घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करता है और पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी पूरी सहानुभूति प्रकट करता है।



# प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी ने नालंदा पहुंच शहीद को दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव सोमवार को स्थानीय प्रखंड स्थित उतरथू गांव पहुंचे, जहां उन्होंने हाल ही में दिवगंत हुए सेना के जवान सिकंदर रावत को श्रद्धांजलि अर्पित की। तेजस्वी यादव ने जवान के परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि यह क्षति केवल एक परिवार की नहीं, बल्कि पूरे देश की है। तेजस्वी यादव ने कहा कि शहीद सिकंदर रावत पर पूरे राज्य को गर्व है। अभी हाल ही में उन्हें सेना में नौकरी मिली थी, लेकिन देश के लिए उन्होंने अपनी जान कुर्बान कर दी। जब हमें उनकी शहादत की जानकारी मिली, तो हमने वीडियो कॉल के जरिए उनकी पत्नी से बात की थी और वादा किया था कि हम जरूर मिलेंगे। आज हम उसी वादे को निभाने आए हैं। तेजस्वी ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार को मिलिट्री फोर्सेज के जवानों को शहीद का दर्ज़ा देने की नीति बनानी चाहिए, ताकि ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले सैनिकों को सम्मान और उनके परिवारों को पर्याप्त सहयोग मिल सकें। हम खुद मुख्यमंत्री और गृहमंत्री को पत्र लिखेंगे। तेजस्वी ने कहा कि पार्टी के तरफ से एक लाख का सहयोग दिया गया है। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता, जिलाध्यक्ष और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# 24 घंटे के अंदर 33 फरार अपराधी गिरफ्तार : एसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 18 मई 2025 को जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, हत्या में 7, पुलिस पर हमला में 5, मद्य निषेध में 3 एवं अन्य गिरफ्तारी 18 कुल 33 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 202 लीटर महुआ शराब एवं 2.375 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। वाहन जांच के क्रम में कुल 215 वाहनों की जांच की गयी है एवं जुर्माने की कुल राशि 79 हजार रूपया वसूला गया है।

अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत एक मोटरसाइल, एक गैस सिलेंडर, एक गैस चूल्हा, 600 लीटर महुआ घोल विनष्ट बरामद किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

# नि:शुल्क आंख जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** प्रखंड मुख्यालय स्थित इंटर विद्यालय रजौली के बाबूलाल भवन में मंगलवार को निःशुल्क आंख जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन लोक नायक जयप्रकाश आंख अस्पताल के सहयोग से लगाया जा रहा है। प्रखंड मुख्यालय समेत आसपास के बुजुर्ग ग्रामीण मोतियाबिंद के शिकायत से परेशान रहते हैं, उनलोगों के लिए शिविर एक सुनहरा अवसर है।जहां मोतियाबिंद से पीड़ित बुजुर्ग निःशुल्क में अपनी आंखों की जांच करवाकर ऑपरेशन करवा सकते हैं वहीं शिविर के आयोजक ने बताया कि जिन व्यक्तियों को आंख में किसी प्रकार की समस्या हो,तो वे शिविर में आकर अपनी आंख जांच निःशुल्क करवा सकते हैं। समय पर मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने से अच्छी रौशनी आती है।हमारी संस्था द्वारा आयुष्मान कार्ड से मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बाद दवा और काला चश्मा मुफ्त में दिया जाता है। उन्होंने कहा कि मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए मरीज को अपना आधारकार्ड और आधार कार्ड से संबद्ध मोबाइल नंबर लेकर आना अनिवार्य है। दिव्यागों के लिए विशेष सुविधाएं संस्था द्वारा प्रदान किया जाता है।




# 95 वर्षीय वृद्धा लापता, अनहोनी की आशंका से परेशान परिजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** नगरनौसा थाना क्षेत्र के बडिहा गांव में एक 95 वर्षीय वृद्धा के लापता होने से हड़कंप मच गया है। लापता महिला की पहचान स्वर्गीय ईश्वरी प्रसाद की पत्नी सुशीला देवी के रूप में हुई है, जो गत 5 मई से घर से अचानक गायब हैं।

परिजनों के अनुसार, सुशीला देवी बिना किसी को बताए घर से निकल गईं और अब तक वापस नहीं लौटी हैं। परिजन ने उन्हें रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाशा, लेकिन उनका कहीं कुछ सुराग नहीं मिला।

महिला का पोता प्रवीण कुमार उर्फ हैप्पी ने नगरनौसा थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रवीण ने पुलिस को बताया कि उनकी दादी का रंग गोरा है और वह झुक कर चलती हैं।

गुमशुदगी की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इधर, वृद्धा की रहस्यमयी गुमशुदगी से परिजन बेहद चिंतित हैं और किसी अनहोनी की आशंका जता रहे हैं।



# दहशत: वनगंगा चौक पर बदमाशों ने की फायरिंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज,नवादा।** थाना क्षेत्र के वनगंगा चौक पर बदमाशों ने सोमवार की सुबह में तांडव मचाया।लोग कहते हैं कि पांच की संख्या में रहे बदमाशों ने छह राउंड आसमानी फायरिंग कर दशहत फैलाया। सभी बदमाश हथियार से लैश थे।घटना के अंजाम देकर सभी भाग खड़े हुए। वैसे इस घटना में किसी भी प्रकार का अप्रिय घटना नहीं घटी। सभी बदमाश यहां पर अपना अपना वर्चस्व कायम करना चाह रहे हैं। दुकानदारों से रंगदारी वसूलने की नीयत बदमाशों के बारें में कही जा रही है।इस घटना के बाद स्थानीय दुकानदार व लोगों में दशहत बना हुआ है।सभी डरे सहमे हुए हैं।कोई भी बदमाशों का नाम बताने से इंकार कर रहे हैं।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की तहकीकात शुरु की है।थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी कहती है मारपीट की सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचे, और जानकारी इकट्ठा भी की,लेकिन घटनास्थल पर से गोली का खोखा बरामद नहीं हुआ है।इस घटना में किसी भी व्यक्ति ने मामला दर्ज नहीं कराया है। वैसे पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है।उल्लेखनीय है कि यह चौक नवादा नालंदा का सीमा है। यह इलाका पूर्व में अति संवेदनशील रहा है।

# विधिक जागरूकता शिविर में आमजन को दी गई कानूनी जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पटना के निर्देशानुसार हिसुआ प्रखंड परिसर में बिहार पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा, आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन तथा प्रभारी सचिव धीरेन्द्र कुमार पांडेय के निर्देश पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन डिफेंस काउंसिल सदस्य अमन जैन, पी.एल.वी. निरंजन कुमार, नगर परिषद हिसुआ के नगर प्रबंधक संजीत कुमार सुधांशु तथा कनीय अभियंता सुबोध कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए अमन जैन ने कहा कि विधिक जानकारी के अभाव में आम नागरिक कई बार शोषण का शिकार हो जाते हैं। ऐसे में विधिक जागरूकता शिविरों के माध्यम से लोगों को उनके अधिकारों की जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्रों के गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को विधिक सहायता दिलाने में सहयोग करें। पी.एल.वी. निरंजन कुमार ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को कानून की मूलभूत जानकारी होनी चाहिए, ताकि वे अपने अधिकारों की रक्षा स्वयं कर सकें वहीं, नगर प्रबंधक संजीत कुमार सुधांशु ने समाज के वंचित, कमजोर और जरूरतमंद वर्गों तक विधिक सेवा पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे इस नेक कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आमजन, स्थानीय प्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित थे, जिन्होंने विधिक जानकारी प्राप्त कर इसे समाज में प्रसारित करने का संकल्प लिया।




# छितर बिगहा में जदयू का 'बढ़ता बिहार' परिचर्चा कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** नालंदा जिले के छितर बिगहा गांव में जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ द्वारा 'बढ़ता बिहार' परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने की, जबकि संचालन जिला अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने किया। इस अवसर पर हिलसा विधानसभा क्षेत्र के विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया, जदयू जिला अध्यक्ष मोहम्मद अरशद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**गांव-गांव में बह रही विकास की धारा: विधायक**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक कृष्ण मुरारी शरण ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में सर्वांगीण विकास हो रहा है। उन्होंने कहा, गांव-गांव में विकास की धारा बह रही है। वर्ष 2005 से पहले के बिहार और आज के बिहार में जमीन-आसमान का अंतर है। सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, और शिक्षा जैसे हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति हुई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि नीतीश कुमार का विकास मॉडल आज पूरे देश में प्रशंसा का पात्र बना हुआ है।

**शहर-गांव की दूरी मिटाई: जदयू जिला अध्यक्ष**

जदयू जिला अध्यक्ष मोहम्मद अरशद ने कहा कि नीतीश कुमार ने अपने विकास मॉडल के जरिए शहर और गांव के बीच की असमानता को समाप्त कर दिया है। उन्होंने बताया, ‟अब गांवों में शहर जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। लोग अब शहरों की ओर पलायन करने के बजाय गांवों में ही रहना पसंद कर रहे हैं। सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, बिजली, पक्की सड़कें, गरीबों के लिए आवास, किसानों के लिए सिंचाई, और हर घर नल-जल जैसी सुविधाएं बिहार के गांवों की तस्वीर बदल रही हैं।

**न्याय के साथ विकास, नीतीश मॉडल बना देश का मॉडल: डॉ. सुरेंद्र**

जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमेशा गरीबों और वंचितों की सेवा में विश्वास रखते हैं। उन्होंने कहा, ‟हर वर्ग और क्षेत्र में न्याय के साथ विकास कार्य हो रहे हैं। बिहार आज विकास के मामले में अग्रणी राज्य बन चुका है। नीतीश मॉडल अब सुशासन का ब्रांड बन गया है, जो देश के लिए एक मॉडल है।

# शिक्षा से जीवन के हर लक्ष्य को पाना होता है संभव : डॉ एस सिद्धार्थ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** शिक्षा ही है जो समाज को समरसता, समृद्धि और सफलता की ओर ले जाती है। इसी भाव के साथ मॉडर्न शैक्षिक समूह द्वारा गनौरी रामकली टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र वितरण समारोह में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एवं मंत्रिमंडल सचिवालय के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने विद्यार्थियों और शिक्षाविदों को संबोधित किया।

कार्यक्रम का विषय था 'उच्च शिक्षा नीतिः चुनौती एवं नए अवसर', जिसमें डॉ. सिद्धार्थ ने कहा कि बेरोजगारी से अधिक गंभीर समस्या कौशलहीनता है, और यह तब तक बनी रहेगी जब तक शिक्षण संस्थान अपने पाठ्यक्रमों को उद्योगों और रोजगार प्रदाताओं की जरूरतों के अनुरूप नहीं बनाते। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब शिक्षा को केवल डिग्री तक सीमित न रखकर कौशलयुक्त, रोजगारोन्मुख एवं समाजोन्मुख बनाया जाए। उन्होंने समावेशी समाज के निर्माण में शिक्षा को महत्वपूर्ण बताते हुए युवाओं से अपील की कि वे अपने कौशल को विकसित करें, स्वास्थ्य पर ध्यान दें और एक विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। डॉ. सिद्धार्थ ने कहा, ‟हमारी बेटियों को डॉ. एन. विजयलक्ष्मी जैसे अधिकारियों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए।

गौरव अतिथि के रूप में उपस्थित पशुपालन विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉ. एन. विजयलक्ष्मी ने नवादा में अपने पूर्व कार्यकाल की स्मृतियों को साझा करते हुए बाल विवाह उन्मूलन, कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम, चाइल्ड लेबर से मुक्ति जैसे अभियानों में नवादा की जनता से मिले सहयोग की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया, ‟बड़े सपने देखें, कठिन परिश्रम करें और पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्यों की ओर अग्रसर हों। यही सफलता की असली पूंजी है। इस अवसर पर मॉडर्न शैक्षिक समूह के सचिव डॉ. शैलेश कुमार ने समूह की शैक्षणिक गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। समारोह में बीएड, एमएड, डीएलएड, डी.फार्मा, बी.फार्मा, बीएससी नर्सिंग सहित विभिन्न कोर्सों के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। बचपन बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय पदाधिकारी डॉ. मुख्तार उल हक ने डॉ. विजयलक्ष्मी के प्रशासनिक साहस की सराहना करते हुए कहा कि उनका नेतृत्व और सिद्धार्थ जी की दूरदृष्टि बिहार को एक नई विकासगाथा की ओर ले जा रही है। जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने शिक्षकों की समस्याओं के समाधान में डॉ. सिद्धार्थ की भूमिका की प्रशंसा की।

धन्यवाद ज्ञापन करते हुए समूह के अध्यक्ष डॉ. अनुज सिंह ने कहा कि मॉडर्न समूह का उद्देश्य समानता आधारित सशक्त समाज का निर्माण है, और इसके लिए शिक्षा एक प्रभावशाली साधन है।

कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य मनीराम ने किया, जबकि कार्यक्रम की सफलता में कॉलेज के विभागाध्यक्ष प्रो. विजय कुमार, डॉ. रामनरेश झा, डॉ. कुमार अभिषेक, नरेंद्र धीरज, देवकांत साहू सहित समूह परिवार की सक्रिय भागीदारी रही। यह आयोजन न केवल एक शैक्षणिक समारोह था, बल्कि नवादा की धरती पर शिक्षा, प्रेरणा और नवाचार का जीवंत संगम बन गया।





CMYK

# बिहार पुलिस ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में किया बेहतर कार्य : प्रेम कुमार

## बिहार पुलिस में चयनित 80 से अधिक अभ्यर्थियों को दी गई विदाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** मिशन फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर, गयाजी की ओर से रविवार को हरिहर सुब्रमण्यम स्टेडियम, गांधी मैदान, गयाजी में बिहार पुलिस में चयनित 80 से अधिक अभ्यर्थियों के सम्मान में 'बिहार पुलिस विदाई समारोह' का आयोजन किया गया। इस मौके पर बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि मिशन फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर युवाओं को लंबे समय से बिहार पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों में सेवा देने के लिए तैयार करता रहा है और यह



समारोह इस बात का प्रमाण है कि संस्था का प्रशिक्षण उत्कृष्ट और परिणामदायी है। उन्होंने सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए राज्य की सेवा में ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करने की अपील की साथ ही यह भी कहा कि बिहार सरकार ने महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें सम्मान देने का कार्य किया है। कार्यक्रम में चयनित अभ्यर्थियों को भावभीनी विदाई दी गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। आयोजन का संचालन संस्थान के संचालक सौरभ कुमार ने किया। इस अवसर पर संस्था के प्रशिक्षकगण, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष देवानंद पासवान, जिला संयोजक आईटी सेल वेद प्रकाश, विकास कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गयाजी)।** आंती थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने आंती-जहाना मुख्य मार्ग पर स्थित पुल के समीप एक महिला को 10 लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि एक महिला अवैध शराब लेकर आंती-जहाना मार्ग से गुजरने वाली है। सूचना के आधार पर पुलिस ने क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान एक संदिग्ध अवस्था में पैदल चल रही महिला को रोका गया। महिला पुलिस बल द्वारा तलाशी लेने पर उसके पास से पीले रंग के थैले में छिपाकर रखी गई 10 लीटर देसी महुआ शराब बरामद हुई। पूछताछ के दौरान महिला ने अपना नाम शारदा देवी, पति वीरेंद्र चौधरी, ग्राम औलिया बिगहा बताया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# मोदी केयर जीवन में आगे बढने का दे रहा विश्वास और संकल्प : अनुप गुप्ता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बोधगया स्थित संबोधि रिट्रीट में 17 और 18 मई को मोदी केयर की ओर से दो दिवसीय आर टी डब्लू (आरटीडब्लयू - रोड टू वेल्थ) कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में देशभर से आए लगभग 250 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों के व्यक्तित्व विकास, आर्थिक सशक्तिकरण, सामाजिक पहचान, स्वास्थ्य सुधार और जीवनशैली को बेहतर बनाने की दिशा में मार्गदर्शन करना था। कार्यशाला का आयोजन डॉ अनूप गुप्ता, अमृता गुप्ता, राजेश गुप्ता, रविश रस्तोगी और नवनीत कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुख्य ट्रेनर सरद चौधरी और कुमार आर्यदेव ने किया, जिन्होंने प्रतिभागियों को प्रेरणादायक सत्रों के माध्यम से



सफलता के सूत्र बताए। डॉ अनूप गुप्ता ने कहा कि यह कार्यक्रम विशेष रूप से उन लोगों के लिए आयोजित किया गया है जो अपने जीवन में प्रगति की दिशा में ठोस कदम उठाना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि यहां बच्चों को बेहतर भविष्य देने, विदेश यात्रा के अवसर प्राप्त करने, आर्थिक स्वतंत्रता हासिल करने और समाज में एक प्रभावी पहचान स्थापित करने के गुर सिखाए गए। इस कार्यशाला में श्याम बाबू, धीरज गुप्ता, उत्तम प्रकाश गुप्ता, अमित सिन्हा, सुमन कुमार, शिवेंद्र शर्मा, रंजन कुमार, विशाल अग्रवाल, अल्पना कुमारी, दिव्या गोपाल सहित कई वरिष्ठ सलाहकारों और सफल नेटवर्क लीडरों ने प्रतिभागियों के अनुभव साझा किए और उन्हें मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण लेने वालों में विशेष उत्साह देखने को मिला। सभी ने नई ऊर्जा और आत्मविश्वास के साथ अपने विचार, दृष्टिकोण और जीवनशैली में बदलाव लाने का संकल्प लिया। 18 मई की संध्या को सभी प्रतिभागी प्रेरणा और उत्साह से भरकर अपने-अपने गंतव्यों के लिए रवाना हुए। कार्यक्रम ने यह सिद्ध किया कि सही दिशा और मार्गदर्शन मिलने पर कोई भी व्यक्ति अपनी क्षमता को पहचान कर जीवन को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। आयोजकों ने भविष्य में भी इस तरह के प्रेरणादायक कार्यक्रमों को जारी रखने की बात कही।

# विकास योजनाओं की प्रगति की जिलाधिकारी ने की गहन समीक्षा, 13 परियोजनाओं को ससमय पूरा करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान गया जिले के लिए की गई 13 घोषणाओं को धरातल पर उतारने और उनकी कार्य प्रगति की समीक्षा को लेकर जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उच्चस्तरीय बैठक कर सभी संबंधित विभागों के वरीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि योजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और उसकी दैनिक समीक्षा अपर समाहर्ता (राजस्व) के स्तर से सुनिश्चित हो। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि अधिग्रहण से लेकर कार्यारंभ तक की पूरी प्रक्रिया में गति और पारदर्शिता अनिवार्य है, ताकि तय समयसीमा में सभी परियोजनाएं पूरी हों और जनता को समय पर उनका लाभ मिल सके। गौरतलब है कि 13 फरवरी 2025



को मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के तहत गया जिले के लिए कुल 13 विकासात्मक घोषणाएं की गई थीं, जिन्हें राज्य सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इनमें सिंचाई, सड़क, फ्लाईओवर, विद्यालय, पार्क, पुल और डिग्री कॉलेज के निर्माण से जुड़ी प्रमुख योजनाएं शामिल हैं, जैसे इमामगंज के मोरहर नदी पर कोठी वीयर का निर्माण (88.12 करोड़), तीन प्रमुख बांधों का जीर्णोद्धार (45.87 करोड़), बसतपुर से लोदीपुर तक पईन विस्तार (77.59 करोड़), नगर क्षेत्र में दो फ्लाईओवर (349.22 करोड़), गया-औरंगाबाद पथ का चौड़ीकरण (104.72 करोड़), झारखंड से जुड़ने वाली सड़क का विकास (119.74 करोड़), बेल्थू गांव में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय (58.45 करोड़), कंडी नवादा व सिलौंजा में दो आधुनिक पार्क (41.60 करोड़), 14 नए प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन, बागेश्वरी गुमटी पर ओवरब्रिज (90.16 करोड़), बेला-पनारी रोड का चौड़ीकरण (39.82 करोड़), बारा गांव में दो पुलों का निर्माण (10.80 करोड़) और इमामगंज में डिग्री कॉलेज की स्थापना (14.52 करोड़)। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निविदा प्रक्रिया और अधिग्रहण कार्य में कोई ढिलाई न हो तथा प्रत्येक योजना की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए कार्यों को तीव्र गति से आगे बढ़ाया जाए। बैठक में उप विकास आयुक्त नवीन कुमार, अपर समाहर्ता (राजस्व) परितोष कुमार, भूमि अधिग्रहण पदाधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी समेत सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डॉ. प्रेम कुमार ने किया करोड़ों की लागत से कई स्कूल भवनों का शिलान्यास और उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने रविवार को गयाजी नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में करोड़ों की लागत से बने विद्यालय भवनों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया। वार्ड संख्या 27 स्थित धनिया बगीचा में बिहार शिक्षा परियोजना के तहत चार कमरों वाले उच्च विद्यालय भवन के निर्माण का शिलान्यास किया गया, जिसकी अनुमानित लागत 48 लाख 61 हजार 721 रुपये है। इसके अलावा वार्ड संख्या 42 गोदावरी में राजेंद्र +2 उच्च विद्यालय के चार कमरों वाले नए भवन का शिलान्यास 48 लाख 61 हजार 226 रुपये की लागत से किया गया। वार्ड संख्या 44 माडनपुर में चंद्रशेखर +2 उच्च विद्यालय के चार कमरों वाले नए भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास 49 लाख 45 हजार 800 रुपये की लागत से हुआ। इसी क्रम में धनिया बगीचा (थाना के पीछे) में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत नव पदस्थापित उच्च विद्यालय भवन का उद्घाटन 14 लाख 90 हजार रुपये की लागत से किया गया। वहीं, वार्ड संख्या 16 में गुरुनानक मध्य विद्यालय में लगभग 44 लाख रुपये की लागत से बनने वाले चार कमरों वाले भवन के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर प्रेम कुमार ने कहा कि अब तक भवन की कमी के कारण कई विद्यालयों के छात्र-छात्राएं दूसरे विद्यालयों में जाकर पढ़ने को मजबूर थे। इससे न केवल पढ़ाई बाधित होती थी बल्कि छात्रों को अनावश्यक परेशानी भी होती थी। नए भवनों के निर्माण से यह समस्या खत्म होगी और पढ़ाई में नियमितता आएगी। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद उपेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष सोनू कुमार, प्रेम सागर, संजय सिंह, कमलजीत



कौर, सनी नमन, मंजीत सिंह, गुरुनानक विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रवण कुमार, हरांचल विद्यालय के प्रधानाचार्य उपेंद्र कुमार, चंद्रशेखर विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित सिंह, रविन्द्र, देवानंद पासवान, विक्की सिंह, अमित पासवान, शिवा मांझी, सुरेंद्र यादव, वेद प्रकाश, दीनानाथ, महेश विद्यार्थी, लाडो, आनंद, बबलू, वीरेंद्र राउत, भोला वर्मा, विनोद पासवान और महादेव प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे।


**OFFICE OF EXECUTIVE OFFICER,**
**NAGAR PANCHAYAT SHRI BANSIDHAR NAGAR**
**URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT**

**e-Procurement Notice**

Tender Reference No.- SBD/NPSBN/01/2025-26(5Th Call), Dated- 17-05-2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | **Rejuvenation of Babhni Khand Dam at Ward No. 05, Nagar Panchayat, Shri Banshidhar Nagar** |
| 2 | Tender Value (Rs.) | INR 4,01,85,233 (Rupees Four Crore One Lakh, Eighty Five Thousand, Two Hundred Thirty Three and Paisa Zero ) |
| 3 | Time of Completion | 18 Months |
| 4 | Date of Publication of Tender on Website | 19-05-2025 |
| 5 | Last Date/Time of Submission of Bids | 04-06-2025 03.00 PM |
| 6 | Name & address of office Inviting tender | Executive Officer, Nagar Panchayat, Shri Bansidhar Nagar |
| 7 | Contact no. of Procurement officer | 6209395021 |
| 8 | Helpline number of e-Procurement cell | 8340682537 9905601861 |

**Note- Cost of Bidding Document (Not Refundable) & Bid Security (Security Deposit) shall be payable online through** http://jharkhandtenders.gov.in
**Any change can be seen on Website** http:// jharkhandtenders.gov.in
***Any other information can be seen on*** http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
(Rajkamal )
Executive Officer
Nagar Panchayat,
Shri Bansidhar Nagar.

PR 352849 (Urban Development) 25-26 (D)


# एमयू हिन्दी विभाग में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान, एआई विषयक संगोष्ठी आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में सोमवार को बैंक ऑफ बड़ौदा के संयुक्त तत्वावधान में मेधावी सम्मान समारोह और 'एआई का हिन्दी भाषा के विकास में योगदान' विषय पर राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सत्र 2021-23 के मेधावी छात्र-छात्राओं को नकद पुरस्कार, साहित्यिक पुस्तकें और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। छात्रा संवर्ग से प्रियंका कुमारी सिन्हा और भव्या भारती को संयुक्त रूप से शीर्ष अंक प्राप्त करने पर 5500-5500 रुपये का चेक दिया गया, जबकि छात्र संवर्ग से शीर्ष स्थान प्राप्त पंकज कुमार को 7500 रुपये का चेक प्रदान किया गया। सभी मेधावियों को प्रमाणपत्र और साहित्यिक पुस्तकें भी दी गईं। कार्यक्रम का उद्घाटन एमयू हिन्दी विभागाध्यक्ष ब्रजेश कुमार राय, जय प्रकाश विश्वविद्यालय छपरा के हिन्दी विभागाध्यक्ष सिद्धार्थ शंकर, बैंक ऑफ बड़ौदा गया क्षेत्र प्रमुख संजय कुमार




तिवारी, एमयू के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष एवं मानविकी संकायाध्यक्ष विनय कुमार, एसएस कॉलेज जहानाबाद के सेवानिवृत्त सह-आचार्य अरुण कुमार और बैंक के राजभाषा प्रमुख सुनील राजभर ने संयुक्त रूप से किया। संगोष्ठी के दौरान वक्ताओं ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से हिन्दी भाषा के विकास की संभावनाओं और चुनौतियों पर प्रकाश डाला। सिद्धार्थ शंकर ने एआई के सतत विकास और उसकी संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए इसके विवेकपूर्ण उपयोग की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि जितना अधिक डिजिटल और सटीक कार्य हिन्दी में होंगे, उतना ही एआई से लाभ होगा। संजय कुमार तिवारी ने बैंक ऑफ बड़ौदा के राजभाषा प्रयासों और योजनाओं की जानकारी दी। ब्रजेश कुमार राय ने विभाग के अनुशासित विद्यार्थियों की सराहना करते हुए 30 मई को होने वाले हिन्दी भवन के उद्घाटन समारोह की तैयारियों की जानकारी साझा की। अरुण कुमार ने ओजस्वी वक्तव्य के माध्यम से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ, जिसमें निर्णायक मंडल के सदस्य आनंद कुमार सिंह, अनुज कुमार तरुण और राकेश कुमार रंजन ने निर्णय दिया। प्रतियोगिता में सुमित्रा को स्वर्ण, रविरंजन को रजत और माला को कांस्य पदक प्रदान किया गया। शोधार्थी सुनील कुमार (संगीत) और अर्चना कुमारी (हिन्दी) को सांत्वना पुरस्कारस्वरूप प्रशस्ति पत्र एवं पुस्तक दी गई। कार्यक्रम का संचालन परम प्रकाश राय ने किया और धन्यवाद ज्ञापन सुनील राजभर ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अम्बे कुमारी, नेहा कुमारी, पिंटू कुमार सहित अनेक शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## महुआइन गांव में आयोजित हो रही साप्ताहिक भागवत कथा, श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू (गयाजी)।** थाना क्षेत्र के बरोरह पंचायत अंतर्गत महुआइन गांव में इन दिनों भक्ति और आध्यात्म की गूंज सुनाई दे रही है। गांव में प्रसिद्ध कथा वाचक एवं मानस मर्मज्ञ डॉ. मनोहर मिश्र 'बनारस वाले' द्वारा सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया है। यह दिव्य आयोजन शनिवार से प्रारंभ हुआ है और आगामी शुक्रवार तक प्रतिदिन संध्या काल से देर रात तक चलेगा। आयोजन की जानकारी देते हुए शिक्षक मिथिलेश पाठक ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान में न केवल स्थानीय ग्रामीण बल्कि आसपास के दर्जनों गांवों से श्रद्धालु भारी संख्या में सम्मिलित होकर कथा श्रवण का आनंद ले रहे हैं। कथा के अंतिम दिन 24 मई को महाप्रसाद भंडारा के उपरांत पूर्णाहुति के साथ कथा का विधिवत समापन किया जाएगा। अपने प्रवचनों के दौरान डॉ. मिश्र ने युवाओं को परिवार और परंपरा के महत्व को समझाने का संदेश देते हुए कहा जब व्यासजी के दो शिष्यों ने सूतजी को भागवत के केवल दो श्लोक सुनाए, तो उन्हें अनुभव हुआ कि उनके पिता ही इस दिव्य ग्रंथ के रचयिता हैं। तब उन्होंने अपने पिता को ही गुरु मानकर अठारह हजार श्लोकों को आत्मसात किया।


**जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू**
पलामू समाहरणालय परिसर (सी) ब्लॉक, मेदिनीनगर– 822101
ई–मेलः–palamau.mdm@gmail .com

**आवश्यक–सूचना**

सरकार के संयुक्त सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 651 दिनांक 15.05.2025 के द्वारा विभागीय संकल्प संख्या 2093 दिनांक 06.08.2019 यथासंशोधित अधिसूचना संख्या 1556 दिनांक 08.06.2022 एवं अधिसूचना संख्या 1522 दिनांक 14.05.2025 के कम में राज्य के सरकारी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षक/प्रधानाध्यापक के अंतर जिला स्थानांतरण के लिए निम्न रूपेण समय–सीमा निर्धारित की गई है।

| | |
|---|---|
| शिक्षकों द्वारा ऑनलाईन आवेदन समर्पित करने की तिथि | दिनांक 19.05.2025 से 14.06.2025 तक |
| जिला शिक्षा पदाधिकारी/जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा ऑनलाईन आवेदनों का सत्यापन | दिनांक 20.06.2025 तक |
| जिला शिक्षा स्थापना समिति का अनुमोदन एवं राज्य स्तरीय समिति के लॉगिन पर ऑनलाईन अग्रसारण | दिनांक 21.06.2025 से 05.07.2025 तक |

ऑनलाईन आवेदन का लिंक https://teachertransfer.jharkhand.gov.in/ में आवेदन करने संबंधी विस्तृत जानकारी एवं आवश्यक निदेश उपलब्ध है।

जिला शिक्षा अधीक्षक
पलामू

PR 352829 District(25-26)#D


# पीएचईडी कर्मियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग, तेज आंधी में घायल हुई महिला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू (गयाजी)।** प्रखंड क्षेत्र में जल-नल योजना की अनदेखी और विभागीय लापरवाही एक बार फिर चर्चा में आ गई है। प्रखंड बीस सूत्री समिति के नवनिर्वाचित सदस्य विजित कुमार सिंह ने जिलाधिकारी से पीएचईडी के कनिष्ठ अभियंता और संबंधित कर्मियों पर प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभागीय लापरवाही के कारण रविवार को तेज आंधी में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। दरअसल, एसएच-69 स्थित रफीगंज बाजार के पास अधूरी जल मीनार पर लापरवाही से रखे गए भारी कर्कट (टिन शेड) तेज हवा में उड़कर सड़क पर आ गिरा। इसी दौरान सोनडीहा टोला, भीमपुर गांव निवासी सावंती देवी, पति नवलेश मांझी, उसकी चपेट में आ गईं और बुरी तरह घायल हो गईं। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां समय रहते इलाज मिलने से उनकी जान बच सकी। इस घटना को लेकर गुरारू पंचायत के मुखिया पति डॉ. कमलेश कुमार यादव ने पीएचईडी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार ने वर्षों पूर्व जल-नल योजना को पीएचईडी के हवाले कर दिया, लेकिन विभाग की उदासीनता के कारण गुरारू पंचायत में ही छह योजनाएं वर्षों से अधूरी पड़ी हैं। ना ठेकेदारों का कुछ अता-पता है, न ही कर्मचारी मौके पर दिखते हैं। मैं कई बार बीडीओ से लेकर डीएम तक गुहार लगा चुका हूं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने मांग की कि लापरवाह कर्मियों को चिन्हित कर जनमानस की जान-माल से खिलवाड़ करने के आरोप में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

## पुलिस की कार्रवाईः शराब पीकर हंगामा करने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गयाजी)।** आंती थाना क्षेत्र के आंती बाजार में पुलिस ने एक व्यक्ति को शराब के नशे में हंगामा करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने व्यक्ति को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे सोमवार को जेल भेज दिया गया। आंती एस एच ओ के रंजीत कुमार के अनुसार, आंती बाजार में पोस्ट ऑफिस के पास ग्राम आंती निवासी रामजन्म साव पिता विशेश्वर साव शराब के नशे में हंगामा कर रहा था, जिससे आम जनता को परेशानी हो रही थी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम और अन्य संबंधित धाराओं के तहत कांड संख्या 66/25 दर्ज किया।

# तेजस्वी यादव का तीखा हमलाः मंत्री संतोष सुमन और नीतीश सरकार को बताया 'खटारा'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने रविवार को गया जिले के गुरुआ प्रखंड में राजद विधायक विनय कुमार यादव के पिता स्व. उमेश कुमार वर्मा की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा में उन्होंने सत्तारूढ़ गठबंधन और राज्य सरकार पर तीखे हमले किए। सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि, मुख्यमंत्री अब अचेत अवस्था में पहुंच गए हैं। उन्हें न कुछ याद रहता है, न अपने दोनों उपमुख्यमंत्रियों का नाम। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि, 15 साल में गाड़ी भी खटारा हो जाती है, और ये सरकार तो 20 साल से चल रही है। अब ये पूरी तरह खटारा हो चुकी है। खटारा गाड़ी की तरह यह सरकार अब सिर्फ धुआं उगल रही है।

**मंत्री संतोष कुमार सुमन पर भी तीखा प्रहार**

मीडिया द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में तेजस्वी यादव ने राज्य सरकार में मंत्री संतोष कुमार सुमन पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, अब उन्हें क्या समझ आएगा? जब वे 17 महीने हमारे साथ थे, तब हमने बिना पेपर लीक किए 5 लाख नौजवानों को रोजगार दिया। उस वक्त उन्हें सब कुछ सही लगता था, अब जब भाजपा के साथ चले गए हैं तो विकास का अर्थ ही भूल गए हैं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि, पहली बार एमएलसी हमने ही बनाया था, लेकिन अब जब वे सत्ता पक्ष में हैं, तो उन्हें स्पोर्ट्स, टूरिज्म और रोजगार जैसे मुद्दे भी समझ नहीं आ रहे।

**तेजस्वी ने गिनाई उपलब्धियां**

सभा में तेजस्वी यादव ने अपने उपमुख्यमंत्री रहते हुए किए गए कार्यों की चर्चा की और कहा कि बिहार की जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि जब उन्हें काम करने का मौका मिला, तो उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की।

**राजनीतिक गर्मी बढ़ी**

तेजस्वी यादव की इस सभा ने गया और मगध क्षेत्र की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। राजद नेता का यह दौरा आगामी चुनावों के मद्देनज़र अहम माना जा रहा है, खासकर जब नीतीश सरकार की उम्र और विश्वसनीयता पर विपक्ष लगातार सवाल उठा रहा है।


**झारखण्ड सरकार**
**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, (पशुपालन प्रभाग)**
**LHDCP योजना से संबंधित आवश्यक जानकारी**
**जिला पशुपालन कार्यालय, गढ़वा**

**–ः आम सूचना ः–**

भारत सरकार के केन्द्र प्रायोजित योजना LHDCP योजनान्तर्गत गढ़वा जिला में FMD & LSD टीकाकरण कार्यक्रम दिनांक 19.05.2025 से दिनांक 18.07.2025 तक गढ़वा जिला में निःशुल्क टीकाकरण चलाया जाना है। इस कार्यक्रम अन्तर्गत पशुपालकों के घर–घर जाकर खुरहा–मुँहपका (FMD) रोग के रोकथाम हेतु सुयोग्य गौ जाति एवं भैंस जाति के पशुओं को FMD का निःशुल्क टीकाकरण एवं गॉठदार त्वचा रोग (LSD) के रोकथाम हेतु केवल गौ जाति के सुयोग्य पशुओं को LSD का निःशुल्क टीकाकरण किया जाना है।

टीकाकरण के पूर्व सभी गौ वंशीय एवं भैंस प्रजाति के पशुओं को 12 अंकों के (UID) टैग से चिन्हितीकरण करते हुए भारत पशुधन ऐप में निबंधन किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी पशुपालकों से अनुरोध है कि अपने–अपने आधार नं0 एवं मोबाईल नं0 इस कार्य हेतु विभाग द्वारा प्राधिकृत टीकाकर्मियों को उपलब्ध कराकर अपने पशुओं का पंजीकृत, टैगिंग एवं टीकाकरण करवाना सुनिश्चित करें एवं इस कार्य में विभाग को सहयोग प्रदान करें।

जिला के सभी मुखिया, वार्ड सदस्य, जिला परिषद्, पंचायत समिति सदस्य एवं अन्य सभी जनप्रतिनिधियों से अनुरोध है कि इस कार्यक्रम को अपने–अपने क्षेत्र में बृहत प्रचार–प्रसार कर पशुओं का टैगिंग एवं टीकाकरण के लिए पशुपालकों को प्रेरित करें।

**नोट** :–अधिक जानकारी के लिए अपने प्रखण्ड के पशुचिकित्सा पदाधिकारियों से सम्पर्क करें।

टैग नही तो टीका नही।, जन–जन तक संदेश पहुँचाना है।
खुरहा–मुँहपका एवं गॉठदार त्वचा रोग को जड़ से मिटाना है।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी, गढ़वा

PR 352868 Animal Husbandry(25-26)#D


CMYK

संपादकीय

# असम में क्यों हो रही हैं इतनी गिरफ्तारियां?

कथित पाक समर्थक पोस्ट की वजह से बढ़ती गिरफ्तारियों के बाद असम में अब लोग सोशल मीडिया के दूरी बनाने लगे हैं.इस मामले में अब तक राज्य के विभिन्न हिस्सों से 58 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है जो देश में सबसे ज्यादा है.पूर्वोत्तर का प्रवेशद्वार कहा जाने वाले असम राज्य में बीजेपी और खासकर हिमंता बिस्वा सरमा की सरकार के सत्ता में आने के बाद से ही विवादास्पद फैसलों और कार्रवाइयों के लिए सुर्खियां बटोरता रहा है.मुख्यमंत्री पर अल्पसंख्यक विरोधी एजेंडा चलाने के आरोप भी लगते रहे हैं.अब बीते महीने पहलगाम हमले के बाद भी राज्य में कथित पाक समर्थकों और गद्दारों की गिरफ्तारियों ने सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया है.हालांकि मामला संवेदनशील होने की वजह से अब तक किसी ने इसके खिलाफ टिप्पणी नहीं की है.मुख्यमंत्री ने पाक का कथित समर्थन करने वाले लोगों पर एनएसए लगाने की भी बात कही है.असम में पाकिस्तान के कथित समर्थन में सोशल मीडिया पोस्ट लिखने के आरोप में अब तक 58 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है.इनमें एक विपक्षी विधायक और छात्रों के अलावा एक महिला भी शामिल है.एक युवक को तो पुलिस ने तेलंगाना से गिरफ्तार किया है. गिरफ्तारी का सिलसिलाबीते 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद असम में 26 अप्रैल को देशद्रोह के आरोप में विपक्षी आल इंडिया डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के विधायक अमीनुल इस्लाम को गिरफ्तार किया गया था.उस मामले में जमानत मिलने के बाद उनको राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत हिरासत में रखा गया है. इससे पहले उनको पहलगाम हमले को केंद्र की बीजेपी सरकार की साजिश बताने पर गिरफ्तार किया गया था.गिरफ्तारी के बाद उनकी पार्टी ने इसे उनका निजी बयान बताते हुए इससे किनारा कर लिया था.वैसे, अमीनुल इस्लाम का विवादों से पुराना नाता रहा है.उनको इससे पहले वर्ष 2020 में भी देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था.उनकी गिरफ्तारी के बाद तो यह सिलसिला लगातार तेज होता रहा.ऐसी हर गिरफ्तारी के बाद मुख्यमंत्री खुद अपने एक्स हैंडल पर अपडेट देते रहे हैं.उन्होंने कहा है कि राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सरकार की कार्रवाई जारी रहेगी.भारत-पाकिस्तान विवाद से धार्मिक मतभेद बढ़ने की आशंकाहिमंता ने पहलगाम हमले के अगले दिन कहा था कि उसे (पाकिस्तान को) इसकी कड़ी सजा मिलेगी.उन्होंने हिंदुओं की एकता पर जोर देते हुए पाक समर्थकों की शिनाख्त करने की भी अपील की है.काफी संवेदनशील है मामलासबसे दिलचस्प बात यह है कि यह गिरफ्तारियां किसी खास इलाके नहीं बल्कि राज्य के 21 जिलों से की गई हैं.इनमें सबसे ज्यादा सात लोग बांग्लाभाषी बराक घाटी के कछार जिले से की गई हैं.जिले के पुलिस अधीक्षक नुमाल महात्ता बताते हैं, सोशल मीडिया पोस्ट पर निगरानी के लिए मेरे दफ्तर में एक मॉनिटरिंग सेल खोला गया है. इसके अलावा असम पुलिस मुख्यालय से भी हमें आपत्तिजनक पोस्ट के बारे में सूचना मिल रही है.उसी के आधार पर गिरफ्तारियां की जा रही हैं। यह भी दिलचस्प है कि राज्य के किसी भी विपक्षी पार्टी ने इस मामले की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक रूप से सरकार की कार्रवाई पर सवाल नहीं उठाया है.कांग्रेस के एक नेता नाम नहीं छापने की शर्त पर डीडब्ल्यू से कहते हैं, असम ने इस मामले में गिरफ्तारियों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है.यह तादाद और बढ़ने की आशंका है.लेकिन मामला संवेदनशील होने की वजह से इस मुद्दे पर सार्वजनिक तौर पर कोई टिप्पणी करना उचित नहीं हैसैन्य कार्रवाई में भारत आगे लेकिन कूटनीति में पाकिस्तान को मिली जीतमुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने अपनी एक फेसबुक में लिखा है, असम पुलिस के अभियान के दौरान अब तक राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के आरोप में 58 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# जीईएम - सार्वजनिक खरीद को आकर्षक बनाने का सार्थक प्रयास



पीयूष गोयल

सार्वजनिक खरीद के लिए पारदर्शी, समावेशी एवं कुशल मंच प्रदान करने के एक अग्रणी उपाय के रूप में, गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पूरी दुनिया में तेजी से उभरा है। यह प्लेटफॉर्म 1.6 लाख से अधिक सरकारी खरीदारों को 23 लाख विक्रेताओं एवं सेवा प्रदाताओं से जोड़ता है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण का एक प्रमुख वाहक बन गया है।

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस परिवर्तनकारी डिजिटल पहल को शुरू किए जाने के बाद से नौ वर्षों के दौरान, जीईएम ने भ्रष्टाचार को खत्म करके और स्टार्टअप, एमएसएमई, महिलाओं एवं छोटे शहरों के व्यवसायों को व्यावसायिक अवसर प्रदान करके सरकार द्वारा वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला दिया है।

उपयोगकर्ताओं के अनुकूल माना जाने वाला यह प्लेटफॉर्म एक ऐसा सच्चा रत्न है, जिसने कुख्यात आपूर्ति एवं निपटान महानिदेशालय (डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सप्लाइज एंड डिस्पोजल्स) की जगह ले ली है। इस महानिदेशालय की अपारदर्शी और गैर-प्रतिस्पर्धी प्रणालियां कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोगों को अनुचित लाभ प्रदान करती थीं। इसलिए यह उचित ही है कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय का नया कार्यालय, वाणिज्य भवन, उस भूमि पर बनाया गया है जिस पर कभी यह पुराना निकाय स्थित था।

शानदार प्रगति ङ्ग वर्ष 2016 में स्थापना के बाद से, जीईएम पोर्टल पर 13.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक के ऑर्डर का लेन-देन किया गया है।

वर्ष 2024-25 के दौरान, इस प्लेटफ़ॉर्म पर सार्वजनिक खरीद बढ़कर रिकॉर्ड 5.43 लाख करोड़ रुपये की हो गई। जीईएम का लक्ष्य वर्तमान वित्त वर्ष में अपने वार्षिक कारोबार को बढ़ाकर 7 लाख करोड़ रुपये करना है। जीईएम निस्संदेह सार्वजनिक खरीद से जुड़े परिदृश्य में एक असाधारण तकनीकी उपाय के रूप में उभरा है।

कारोबार के आकार की दृष्टि से, जीईएम निकट भविष्य में दुनिया का सबसे बड़ा सार्वजनिक खरीद पोर्टल बन जाएगा और दक्षिण कोरिया के कोनेप्स जैसी सुप्रतिष्ठित संस्थाओं को पीछे छोड़ देगा।

जीईएम ने ईमानदारी से व्यावसाय करने प्रतिष्ठानों को व्यापक अवसर प्रदान किए हैं, नौकरियां सृजित की हैं और भारत के आर्थिक विकास को प्रोत्साहित किया है। इस संदर्भ में, जीईएम का महत्व वित्तीय दृष्टि से इसकी अभूतपूर्व प्रगति से कहीं बढ़कर है जो अपने आप में ई-कॉमर्स से जुड़ी किसी भी बड़ी कंपनी को हैरान कर देने के लिए काफी है।

न्यायसंगत विकास का वाहक - जीईएम प्रधानमंत्री मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' मिशन के अनुरूप न्यायसंगत विकास के एक महत्वपूर्ण वाहक के रूप में कार्य करता है। यह स्टार्टअप, छोटे व्यवसायों और महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों को बिना किसी बिचौलियों के सरकारी खरीदारों के सामने अपने उत्पादों एवं सेवाओं को प्रदर्शित करने का एक आसान रास्ता प्रदान करता है। प्रवेश की सभी बाधाओं को दूर करके, यह प्लेटफॉर्म छोटे घरेलू व्यवसायों को ई-टेंडर में भाग लेने और अपने व्यवसाय का विस्तार करने का अधिकार देता है।

समावेशिता के सिद्धांत से प्रेरित, जीईएम ने छोटे व्यवसायों के विकास को समर्थन देने के उद्देश्य से विभिन्न रणनीतिक पहलों का समावेश किया है।

इनमें सरकारी खरीदारों को सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) और महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों द्वारा पेश किए जाने वाले उत्पादों एवं सेवाओं की पहचान करने तथा उनका चयन करने में मदद करने वाली प्रणालियां शामिल हैं।

लक्ष्य से आगे - जीईएम पर ÷स्टार्टअप रनवे÷ और ÷वुमनिया÷ जैसे समर्पित स्टोरफ्रंट ने इन व्यवसायों की दृश्यता के साथ-साथ सार्वजनिक खरीद में उनकी हिस्सेदारी को भी प्रभावी ढंग से बढ़ाया हैद्य

इससे सरकार को सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) से 25 प्रतिशत खरीद और महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों से 3 प्रतिशत खरीद के अपने लक्ष्यों को पूरा करने और उससे आगे निकलने में मदद मिली है। जीईएम पर किए गए कुल कारोबार का लगभग 38 प्रतिशत हिस्सा सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) को दिया गया है और महिला उद्यमों द्वारा खरीद की हिस्सेदारी लगभग 4 प्रतिशत है।

अप्रैल 2025 तक 30,000 से अधिक स्टार्टअप ने जीईएम के ज़रिए 38,500 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया है। इसके अलावा, 1.81 लाख उद्यम-सत्यापित महिला उद्यमियों ने जीईएम पोर्टल पर लगभग 50,000 करोड़ रुपये के ऑर्डर हासिल किए हैं।

बड़ी बचत - इन बदलावों से कुछ खास आकार के ऑर्डरों के लिए 33 प्रतिशत से लेकर 96 प्रतिशत तक की बचत हुई है। यह उल्लेखनीय कमी देश के आम नागरिकों के हित में व्यापार करने में आसानी (ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस) और जीवन-यापन में आसानी (ईज ऑफ लिविंग) को बढ़ाने के मोदी सरकार के मिशन के अनुरूप एक स्वागत योग्य बदलाव है।

विश्व बैंक द्वारा किए गए एक स्वतंत्र मूल्यांकन से यह पता चला है कि जीईएम पर खरीदार औसत कीमत पर लगभग 9.75 प्रतिशत की बचत करते हैं। इससे करदाताओं के पैसे का उपयोग करके की जाने वाली सार्वजनिक खरीद में अनुमानित रूप से 1,15,000 करोड़ रुपये की भारी बचत हुई है।

जीईएम पर खरीद ने सरकारी कंपनी एनटीपीसी को 20,000 करोड़ रुपये के अनुबंध में रिवर्स नीलामी का उपयोग करके 2,000 करोड़ रुपये बचाने में मदद की। जीईएम ने रक्षा उपकरणों, टीकों, ड्रोन और बीमा जैसी सेवाओं की पारदर्शी एवं किफायती खरीद में भी मदद की है।

छोटे उद्यमों को बड़ी राहत प्रदान करते हुए, जीईएम ने हाल ही में अपने लेनदेन शुल्क में उल्लेखनीय कमी की है। 10 लाख रुपये से अधिक के ऑर्डर पर 0.30 प्रतिशत का कम लेनदेन शुल्क लगेगा, जबकि 10 करोड़ रुपये से अधिक के ऑर्डर पर 3 लाख रुपये का सीमित शुल्क लगेगा - जोकि पहले के 72.50 लाख रुपये के शुल्क से काफी कम है।

प्रौद्योगिकी, एआई - एक ठोस तकनीकी बुनियादी ढांचे से लैस, यह प्लेटफॉर्म विभिन्न तकनीकी उपायों का उपयोग करके व्यापार करने के नए एवं आसान तरीके पेश करते हुए लगातार विकसित होता जा रहा है। जीईएम ने ÷जीईएम एआई÷ नामक एक एआई-संचालित चैटबॉट का समावेश किया है - यह संवादात्मक विश्लेषण और व्यावसायिक बुद्धिमत्ता में प्रशिक्षित एक उपकरण है। यह स्मार्ट चैटबॉट आठ स्थानीय भाषाओं में उपलब्ध है और जीईएम पोर्टल पर व्यापार करने में आसानी को और बढ़ाने के लिए वॉयस कमांड कार्यक्षमता सहित नवीनतम तकनीकों से लैस है।

जीईएम सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) विक्रेताओं के लिए वित्तपोषण संबंधी उत्पाद भी प्रदान करता है। यह पात्र खरीद आर्डरों के लिए 10 मिनट से भी कम समय में गिरवी-मुक्त वित्तपोषण प्रदान करता है। इस प्लेटफॉर्म ने जीईएम सहाय 2.0 पेश किया है, जो 10 लाख रुपये तक के ऋण को हासिल करने के लिए एकल खिड़की के रूप में कार्य करता है। इस प्लेटफॉर्म को और अधिक समावेशी एवं प्रतिस्पर्धी बनाने हेतु पहले की अपेक्षा अधिक पहलों एवं तकनीकी उपायों पर काम चल रहा है।

जीईएम पोर्टल भारत के आर्थिक विकास और प्रधानमंत्री मोदी के प्रगति संबंधी उद्देश्यों को आगे बढ़ाने वाले एक महत्वपूर्ण वाहक के रूप में सक्रिय है। यह समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों को सशक्त बनाने एवं उनका उत्थान करने तथा उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए हमेशा अतिरिक्त प्रयास करेगा और साथ ही यह भी सुनिश्चित करेगा कि करदाताओं के पैसे का कुशलतापूर्वक उपयोग प्रतिस्पर्धी मूल्य पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की खरीद के लिए किया जाए।

**(लेखक केन्द्रीय मंत्री हैं)**

अध्यात्म

## जब मन अशांत हो तो धैर्य नहीं छोड़ना चाहिए, मन शांत होने की प्रतिक्षा जरूर करें

गौतम बुद्ध और आनंद एक दिन किसी जंगल से गुजर रहे थे। गर्मी और थकान से परेशान होकर बुद्ध को प्यास लगी। बुद्ध ने आनंद से कहा कि पास ही एक झरना है, वहां से पानी ले आएं। आनंद झरने के पास पहुंचे, लेकिन वहां की स्थिति कुछ और ही थी, एक बैलगाड़ी झरने से होकर निकली थी, जिससे पानी मटमैला और गंदा हो गया था। निराश होकर आनंद लौट आए और बुद्ध को बताया कि पानी पीने योग्य नहीं है।

बुद्ध मुस्कुराए और बोले, तुम वहां वापस जाओ और कुछ देर किनारे पर बैठ जाओ। आनंद ने गुरु की बात मानी और झरने के पास जाकर शांत होकर बैठ गए। थोड़ी ही देर में गंदगी नीचे बैठने लगी और पानी साफ दिखने लगा। आनंद ने साफ पानी भरा और बुद्ध के पास लौट आए।

बुद्ध ने बड़े ही शांत स्वर में कहा, जीवन में भी कई बार ऐसा होता है जब परिस्थितियां इतनी गड़बड़ हो जाती हैं कि हमें कुछ समझ नहीं आता। उस समय अगर हम भी परेशान हो जाएं और प्रतिक्रिया देने लगें तो चीजें और बिगड़ती हैं। लेकिन अगर हम शांत रहें, धैर्य रखें, तो समय के साथ परिस्थितियां साफ होने लगती हैं और हम सही निर्णय ले पाते हैं, सकारात्मक भाव के साथ आगे बढ़ते हैं।यह कथा सिर्फ झरने की कहानी नहीं, बल्कि हमारे मन की स्थिति का प्रतीक है। जब जीवन में कोई परेशानी आती है, तो हमारा मन भी उस गंदे पानी की तरह अस्थिर हो जाता है। चिंता, डर और क्रोध का गुबार हमारे सोचने की शक्ति को धुंधला कर देता है। ऐसे में सबसे बड़ी आवश्यकता होती है - धैर्य की। मेडिटेशन और आत्मनिरीक्षण की विधियां हमें यह सिखाती हैं कि विपरीत समय में प्रतिक्रिया देने की बजाय, अगर हम सिर्फ रुक जाएं, देखें, और धैर्य रखें, तो समाधान खुद-ब-खुद स्पष्ट हो जाता है।

### सीख

धैर्य एक मानसिक शक्ति है, जो समय के साथ स्थिति को बेहतर बना सकती है। जिस तरह शांत जल में अपनी परछाई साफ दिखती है, वैसे ही शांत मन में समाधान स्वतः प्रकट होता है। बुरे समय में घबराने की बजाय ठहरना और खुद को संभालना ही बुद्धिमानी है। बुद्ध की यह छोटी सी कथा हमें सिखाती है कि जीवन की सबसे कठिन परिस्थितियां भी धैर्य और शांति से हल की जा सकती हैं। क्योंकि जब मन बैठ जाता है, तब समाधान उभर आता है।

# जीवन का आधार है संबंध, इसी से हमारे कर्म का होता है निर्धारण

**स्वार्थपरता और संबंध एक दूसरे के धुर विरोधी हैं। दोनों का साथ चलना असंभव है। अगर हम मानव जीवन की गहन पड़ताल करें तो पाएंगे कि वह अलग-अलग समय में अलगाव की विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजरता है। वह ज्यादातर उन्हीं संबंधों को तरजीह देता है, जिनसे उसका हित जुड़ा होता है और हितों की समाप्ति के साथ ही उनसे छुटकारा पा लेता है या पाने की कोशिश करता है। यह स्थिति संबंध के मर्म पर आघात है। वास्तव में संबंधों को समझना जीवन को समझने के समान है। यह मनुष्यता का द्योतक है। जिसने भी इसकी गूढ़ता और महत्त्व को समझा है, वही सफल इंसान बन पाया है। विडंबना यह है कि आज के समाज में सफलता की जो परिभाषा तय की गई है, उसका अंधानुकरण किया जा रहा है, उसे प्राप्त करने के क्रम में संबंधों को दरकिनार कर दिया जाता है। सवाल है कि अगर हम सफलता की ऊंचाई पर पहुंच जाते हैं, लेकिन उस सफलता पर उल्लसित होने वाला हमारा कोई करीबी या संबंधी हमारे आसपास नहीं होता, तो उसकी क्या कीमत होगी।**

संगीता सहाय

इन दिनों सोशल मीडिया पर संबंधों पर खूब बातें होती हैं। उसे बनाने, चलाने और बढ़ाने पर चर्चा, बहस मुबाहिसा आदि चलते ही रहते हैं। सुबह से लेकर देर रात तक बड़ी-बड़ी सारगर्भित उक्तियां लिखी, कही और कहीं से उठा के कहीं लगा ली जाती है। बहुत सारे लोग सुबह, दोपहर, शाम तीनों वक्त अपने मित्रों और इष्टजनों को शुभवचन, मंगलकानाएं आदि भेजते रहते हैं। किसी को याद करना, उनके हर दिन को स्मरणीय बनाने की कोशिश करना एक अच्छी बात है। पर अफसोस की बात यह होती है कि ऐसी बातें ज्यादातर इन्हीं खानों तक सीमित रह जाती हैं।

महत्त्वपूर्ण यह भी कि इन्हें कहने और सुनने वाले अधिकांश लोगों का लगभग सारा समय उनके हाथों की परिधि में समाए 'डिजिटल स्लेटों' की गुत्थियों को सुलझाने-उलझाने में ही बीत जाती है। संबंधों की दुहाई देते ये लोग दूर के रिश्तेदारों की कौन कहे, अपने परिजनों, यहां तक कि माता-पिता के साथ भी सही तरीके से रिश्तों का निर्वहन नहीं कर पाते। संबंधों के निर्माण और निबाह की अधिकांश बातें इंस्टाग्राम, वाट्सएप और फेसबुक आदि से शुरू होकर वहीं खत्म भी हो जाती हैं।

संबंध ही हमारे जीवन और सामाजिक जीवन का आधार है। उसका विकास और विस्तार समाज के निर्माण की बुनियाद है। महान राजनीतिक विचारक अरस्तू कहते हैं, 'मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज से बाहर रहने वाला या तो पशु है या देवता।' मनुष्य अलग-थलग नहीं रह सकता। समाज में ही उसका विकास होता है। गौरतलब है कि समाज के निर्माण का आधार लोगों के बीच का परस्पर संबंध है। आपसी संबंध और समाज एक दूसरे के पर्यायवाची हैं। एक के बिना दूसरा अस्तित्वहीन है। हमारे जीवन का आधार संबंध है और इसी से हमारे कर्म भी निर्धारित होते हैं। यानी संबंधों का ताना-बाना ही मनुष्य को कुछ करने या कुछ बनने के लिए उत्प्रेरित करता है। हम अपनी जरूरतों की पूर्ति और घर-परिवार, गांव, देश और समाज के लिए अपनी उपादेयता सिद्ध करने के लिए कर्म से जुड़ते हैं।

कहा जा सकता है कि जीवन संबंध है और संबंध ही कर्म। संबंध का क्षेत्र अत्यंत विस्तृत है। मनुष्य का संबंध सिर्फ मनुष्य से ही नहीं होता, बल्कि स्वयं से, विचारों, वातावरण, प्रकृति, जीव-जंतु आदि से जुड़ना भी संबंध ही है। इन सबके साथ अपने रिश्तों को समझ कर ही व्यक्ति जीवन को भली-भांति समझ सकता है। उसके व्यक्तित्व का विस्तार तथा जीवन की पूर्णता का रहस्य इसी में समाहित है। यह एक अजीब बात है कि हममें से दुनिया के ज्यादातर हिस्से से नाता जोड़ते और सामंजस्य स्थापित करते-करते स्वयं की क्षमताओं, मन की गति, सोच आदि से ही अनभिज्ञ होते जाते हैं। उनकी सारी उम्र इसी अनभिज्ञता में बीत जाती है। वास्तव में जीवन के सहज और संतोषप्रद प्रवाह के लिए आत्म



साक्षात्कार सबसे पहली जरूरत है। स्वयं को जानना, मन की गति को समझना, उससे जुड़ना और उसी दिशा में कर्मरत होना मनुष्य और समाज के बेहतर संबंधों के लिए जरूरी है। जो व्यक्ति स्वयं को नहीं पहचानता, अपनी जरूरतों, खुशियों के लिए पहल नहीं करता या उसे महत्त्व नहीं देता, वह समाज से भी सकारात्मक जुड़ाव स्थापित नहीं कर पाता।

बिना संबंध के मनुष्य या किसी भी जीव मात्र का होना असंभव है। हमारे होने का मतलब ही संबंधित होना है। सूर्य, चांद, धरा, पर्वत, नदी, वृक्ष, जल, थल, नभ, जीव सहित प्रकृति का हर जर्रा एक दूजे के साथ स्थापित संबंधों पर ही टिके हैं। सच यह है कि सृष्टि का चक्र इसी के बदौलत चलायमान है। हमारे द्वारा संबंधों की इन गुत्थियों को समझ नहीं पाना संघर्ष और विवाद का कारण बनता है। बहुत सारे लोग संबंधों को जीते नहीं है, बल्कि आवश्यकतानुसार उसका उपयोग करते हैं। जन्म से मिले संबंधों के अलावा (अक्सर उसमें भी) अधिकांश में उसकी लाभप्रदता और महत्त्व की तलाश करते हैं। व्यक्ति की स्वार्थपरकता उसे ऐसा करने को विवश करती है। अपने वृद्ध माता-पिता और परिजनों को वृद्धाश्रम में रखना, संपत्ति के लिए परिवारजनों, मित्रों से विश्वासघात, छोटी-छोटी बातों को लेकर रिश्ते तोड़ना, अपने फायदे के लिए किसी भी हद तक जाना आदि स्वार्थपरकता की पराकाष्ठा है।

गौरतलब है कि स्वार्थपरता और संबंध एक दूसरे के धुर विरोधी हैं। दोनों का साथ चलना असंभव है। अगर हम मानव जीवन की गहन पड़ताल करें तो पाएंगे कि वह अलग-अलग समय में अलगाव की विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजरता है। वह ज्यादातर उन्हीं संबंधों को तरजीह देता है, जिनसे उसका हित जुड़ा होता है और हितों की समाप्ति के साथ ही उनसे छुटकारा पा लेता है या पाने की कोशिश करता है। यह स्थिति संबंध के मर्म पर आघात है। वास्तव में संबंधों को समझना जीवन को समझने के समान है। यह मनुष्यता का द्योतक है। जिसने भी इसकी गूढ़ता और महत्त्व को समझा है, वही सफल इंसान बन पाया है। विडंबना यह है कि आज के समाज में सफलता की जो परिभाषा तय की गई है, उसका अंधानुकरण किया जा रहा है, उसे प्राप्त करने के क्रम में संबंधों को दरकिनार कर दिया जाता है। सवाल है कि अगर हम सफलता की ऊंचाई पर पहुंच जाते हैं, लेकिन उस सफलता पर उल्लसित होने वाला हमारा कोई करीबी या संबंधी हमारे आसपास नहीं होता, तो उसकी क्या कीमत होगी।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज आपको अनुमान से अधिक काम करना पड़ सकता है। नकारात्मक लोगों के कारण आप अपने लक्ष्य से भ्रमित हो सकते हैं।

**वृषभ**
समाज में आपकी प्रसिद्धि बढ़ेगी। जॉब में उच्च अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। नयी तकनीक का प्रयोग करेंगे। पैतृक व्यवसाय में विस्तार के योग बन रहे हैं।

**मिथुन**
जीवनसाथी और परिजनों की सलाह आपके लिये काफी अनुकूल रहने वाली है। देवस्थल की यात्रा हो सकती है। गृहस्थ जीवन का भरपूर आनन्द लेंगे।

**कर्क**
कार्यक्षेत्र के अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे। धार्मिक क्रियाकलापों में आपका मन लगेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

**सिंह**
घर में अशान्ति का वातावरण रहेगा। अनुभवी व्यक्तियों से सलाह लेकर काम करना उचित होगा। परिजनों के साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रखें।

**कन्या**
व्यवसाय में अपने कौशल का परिचय देंगे। सरकारी कर्मचारियों के लिये दिन अत्यन्त अनुकूल है। सन्तान के व्यवहार से आनन्दित रहेंगे।

**तुला**
आज आप कुछ विशेष कार्यों को पूरा करने के प्रयास में लगे रहेंगे। आपकी दिनचर्या काफी व्यस्त रहेगी। भूमि-सम्पत्ति को लेकर कोई निर्णय न लें।

**वृश्चिक**
पारिवारिक रिश्ते और भी मजबूत होंगे। छात्रों को मेहनत का बेहतरीन परिणाम मिलेगा। अनुभवी व्यक्तियों की सलाह का लाभ उठायेंगे।

**धनु**
आयात-निर्यात के व्यवसाय में उत्तम लाभ मिलेंगे। तनावपूर्ण स्थिति से अपने आपको दूर रखें। अत्यधिक कार्यभार के कारण थोड़ी परेशानी होगी। पढ़ाई में अवरोध का सामना करना पड़ेगा।

**मकर**
परिवार में आपके विचारों के अनुसार वातावरण रहेगा। बड़े भाइयों के साथ आपके सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। आपके भीतर आत्मविश्वास और ऊर्जा का संचार होगा।

**कुंभ**
अपने व्यवहार में संयम अवश्य रखें। युवाओं के मन में नये व्यवसाय को लेकर उत्साह रहेगा। वरिष्ठ सदस्यों की सलाह पर अमल अवश्य करें।

**मीन**
आपके सिद्धान्तों की प्रशंसा होगी। विवादित मुद्दों को हल करने के लिये उत्तम समय है। माता-पिता आपका उत्साहवर्धन करेंगे। मेहनत के बल पर काम में सफलता मिलेगी।

# नगर निगम की जर्जर सड़कों को कराएं दुरूस्त

## डीएम ने की नगर निगम के कार्यों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** सोमवार को नगर निगम के कार्यो की समीक्षा हेतु जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला की अध्यक्षता में बैठक की गई। जिला पदाधिकारी ने विगत 25 फरवरी को हुए बैठक की समीक्षा की। बैठक में आपका शहर आपकी बात एवं पूर्व में आयोजित कैंप में राशन कार्ड बनाने एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन से संबंधित प्राप्त आवेदनों का 15 दिनो के अंदर शत-प्रतिशत निष्पादन करने का निदेश जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग को दिया गया। वार्ड संख्या-15 में अवस्थित आईपीएस-2 से संबंधित समस्या का निराकरण करने के लिए बैठक करने का निदेश नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी एवं



परियोजना निदेशक, बुडको को दिया गया। सिवर लाईन से संबंधित समस्याओं का निराकरण करने हेतु विशेष कर वार्ड संख्या- 17, 20, 21, 25, 35 एवं 44 में नगर आयुक्त के साथ निरीक्षण करने का निदेश परियोजना निदेशक को दिया गया। इसके अतिरिक्त हेमरा चौक पर यथाशीघ्र वाटर लिकेज एवं रिस्टोरेशन कराने का निदेश परियोजना निदेशक को दिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, सदर एवं अंचलाधिकारी, बेगूसराय को सदर अस्पताल के पीछे अतिक्रमण हटाने का निदेश दिया गया। एनएच-31 के किनारे केडीएम होटल के निकट हो रहे जल-जमाव से मुक्ति के लिए नाला निर्माण को विस्तारित करने हेतु जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने के लिए एनएचएआई एवं नगर निगम को दिया गया। साथ ही चट्टी रोड पर नाला निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने एवं एनएच 31 के किनारे पावर हाउस चौक से आगे क्षतिग्रस्त नाला की मरम्मति कराने का निर्देश नगर आयुक्त को दिया गया। वार्ड संख्या-08 राजापुर में 10 कट्ठा सरकारी भूमि होने की प्राप्त सूचना का सत्यापन करने का निदेश अंचलाधिकारी को दिया गया। हेमरा चौक सहित शहर के अन्य स्थानों पर वाई-फाई एवं अन्य केबल तारों अभियान चलाकर हटाने का निदेश नगर निगम को दिया गया। इसके अतिरिक्त काली स्थान के निकट टेम्पू पार्किंग तथा शहर में जगह-जगह पार्किंग एवं छोटे-छोटे पार्क विकसित करने का निदेश भी दिया गया। नाला क्रासिंग एवं अन्य समस्याओं के निराकरण हेतु रेलवे के साथ मासिक बैठक आयोजित करने का निदेश अनुमंडल पदाधिकारी सदर को दिया गया। शहर में जर्जर तार को हटाने एवं ठीक करने का निदेश विद्युत विभाग को दिया गया। जर्जर सड़क हटाओ अभियान का संचालन करने का निदेश नगर निगम, पथ निर्माण विभाग एवं बुडको को दिया गया। बैठक में महापौर नगर निगम पिंकी देवी, सहायक समाहर्त्ता अजय यादव, नगर आयुक्त नगर निगम, अपर समाहर्त्ता, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, ट्राफिक डीएसपी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, अंचलाधिकारी बेगूसराय, बुडको के परियोजना निदेशक एवं सहायक परियोजना निदेशक, नगर प्रबंधक सहित नगर निगम के सभी पदाधिकारी, सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### लूटकांड का आरोपित गिरफ्तार

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना पुलिस के द्वारा छापेमारी कर लूट कांड का आरोपी को शनिवार की रात गिरफ्तार किया गया। जिसे रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष विकास कुमार राय ने बताया कि सितंबर 2023 में एन एच 31 स्थित पोखरिया ढाला के समीप दो की संख्या में बाइक सवार लुटेरों ने नगर परिषद क्षेत्र के ऊपर टोला निवासी वकील शर्मा के पुत्र मुकेश शर्मा से उसकी अपाची मोटरसाइकिल की लूट की थी। जिसको लेकर थाना में कांड संख्या 264/23 दर्ज किया गया था। जिस मामले के अप्राथमिकी अभियुक्त खगड़िया जिले के परवत्ता थाना अंतर्गत श्रीरामपुर ठुट्ठी निवासी मिथिलेश कुमार झा के पुत्र चिक्कू कुमार को गिरफ्तार किया गया। जिसे रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### नशे की हालत में युवक धराया

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना पुलिस ने शनिवार को नशे की हालत में एक युवक को गिरफ्तार किया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष विकास कुमार राय ने बताया कि थाना क्षेत्र के नगरगामा निवासी स्वर्गीय रामदेव सिंह के पुत्र रूद्र प्रताप सिंह को नशे की हालत में गिरफ्तार कर जांचोपरांत पुष्टि होने पर रविवार को केस दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शहर के विष्णु ट्रामा सेंटर के डायरेक्टर सह जदयू प्रदेश राजनैतिक सलाहकार समिति सदस्य डा. प्रवीण कुमार के हास्पिटल पर मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह गाँधी, पूर्व जदयू प्रदेश मुख्यालय प्रभारी अनिल, जदयू प्रदेश महासचिव परमहंस का आगमन हुआ। आगामी विधानसभा चुनाव एवं पार्टी संगठन को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला जदयू जिला संघठन प्रभारी शिव नंदन सिंह, जदयू मीडिया सेल प्रदेश अध्यक्ष मनीष मंडल, युवा जिलाध्यक्ष पंकज राय, युवा प्रवक्ता मिजान रिजवान, मीडिया सेल जिलाध्यक्ष मोनू पटेल, जिला प्रवक्ता अरुण महतो, जिला महासचिव अरुण सिंह गाँधी, जिला अनुश्रवण उपाध्यक्ष अकील अख्तर, प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ ड इताहमूल हक अंसारी जदयू प्रदेश सचिव तकनीकी प्रकोष्ठ सत्येंद्र शर्मा एवं बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

### तीन वारंटी गिरफ्तार

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र से सोमवार को वीरपुर पुलिस ने अलग अलग मामलों में तीन वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के सहूरी गांव वार्ड संख्या 4 निवासी शराब कारोबारी अरुण सहनी और उसकी पत्नी लक्ष्मी देवी जो वीरपुर थाना कांड संख्या 83/24 के नामजद अभियुक्त है वहीं 204/03 के नामजद अभियुक्त थाना क्षेत्र के भवानंदपुर गांव निवासी रामविलास साह को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए न्यायलय से जेल भेज दिया गया है।

### भाजपा ने निकाला तिरंगा जुलूस

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ऑपरेशन सिंदूर के सफलता के उपलक्ष्य में विक्रम प्रखंड भाजपा की ओर से तिरंगा जुलूस निकाला गया।कार्यकर्ताओं ने तिरंगा झंडा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों के साथ बिक्रम बाजार का भ्रमण किया। कार्यक्रम का नेतृत्व नगर एवं ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सतीश कुमार एवं अभिषेक रंजन मोंटी ने किया।जुलूस में लाल बाबू सिंह, सुब्रत वासुदेव, जितेंद्र यादव , संधीर यादव, ललन राम,श्रीकांत पासवान, योगेश तिवारी, अरुण सिंह, पिंटू सिंह, अविनाश उपाध्याय ,गोलू कुमार, चंदन कुमार, तेजनारायण शर्मा, उज्ज्वल कुमार सहित कई कार्यकर्ता शामिल

### बस ने महिला को कुचला, बवाल

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दानापुर के खगौल थाना क्षेत्र में बीआरटीसी की तेज रफ्तार इलेक्ट्रिक बस ने एक महिला को कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई. मृतका की पहचान गाड़ीखाना निवासी 45 वर्षीय कलावती देवी के रूप में हुई है, जो घरेलू काम कर घर लौट रही थी. घटना के बाद बस ड्राइवर फरार हो गया.हादसे से आक्रोशित लोगों ने बस में तोड़फोड़ कर सड़क पर आगजनी कर दी और दानापुर-सगुना मोड़ मार्ग को जाम कर दिया. मौके पर पहुंची खगौल पुलिस ने लोगों को शांत कराने की कोशिश की. करीब तीन घंटे बाद सहायक पुलिस अधीक्षक भानु प्रताप सिंह ने पहुंचकर लोगों को समझाया, मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

## सेविकाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के ई किसान भवन में चल रहे तीन दिवसीय आंगनबाड़ी सेविकाओं का प्रशिक्षण 'पोषण भी पढ़ाई भी' कार्यक्रम सोमवार तीसरे दिन समापन किया गया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान महिला पर्यवेक्षिका लालिमा कुमारी एवं सिंकी कुमारी ने बताया की पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा शुरू की गयी एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों को सिर्फ पोषण केंद्र ही नहीं, बल्कि प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा प्रदान करने वाले शिक्षा केंद्र के रूप में भी विकसित करना है। 6 साल से कम उम्र के बच्चों का शारीरिक, संज्ञानात्मक, सामाजिक-भावनात्मक, नैतिक, सांस्कृतिक, कलात्मक और प्रारंभिक भाषा साक्षरता का समग्र विकास सुनिश्चित करना। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का क्षमता संवर्धन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के पोषण और शिक्षा के संबंध में उच्च गुणवत्ता वाला प्रशिक्षण देना, ताकि वे बच्चों के समग्र विकास में अपनी भूमिका का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकें। केंद्र पर विभिन्न गतिविधियों एवं नवाचार के माध्यम से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के सीखने के मूल्यांकन, सीखने के प्रतिफल एवं कहानी सुनाने के तरीका का अभ्यास कराया गया। इस अवसर महिला पर्यवेक्षिका रंजिता कुमारी, सेविका मीना कुमारी, कमरून निशा बेग, जयंती कुमारी, बबीता कुमारी, चांदनी कुमारी, निर्मला कुमारी, निभा कुमारी, रोजी खातुन, शकीला बेगम, मधुरानी, कोमल कुमारी, मीना सहनी, सुलेखा कुमारी, आयशा खातून, रंजु कुमारी, प्रमिला कुमारी, गीता कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

## जूस व्यापारी घर से 15 लाख की चोरी

**फुलवारीशरीफ।** रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के देव नगर पिपरा में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक व्यापारी के घर को खंगाल डाला.चोरों ने घर में घुसकर अलमारी को तोड़ा। अलमारी से एक लाख पैंतीस हजार रुपये नगद और करीब 15 लाख रुपये के जेवरात ले उड़े.जूस व्यापारी अनिल कुमार अपने पैतृक गांव मोतीहारी में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। यहाँ घर में ताला बंद करके चले गए थे। चोरों ने रात में ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया। सुबह अनिल कुमार को घटना की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची. आसपास के लगे सीसीटीवी फुटेज और लोगों से पूछताछ के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। रामकृष्ण नगर थाना प्रभारी आशुतोष ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं.पुलिस मामले की जांच में जुटी है. जूस व्यापारी अनिल कुमार पूरे परिवार के साथ अपने पैतृक गांव मोतिहारी जिला में शादी समारोह में गए थे।

## मूलभूत सुविधा उपलब्ध होने पर होगी राशि की वसूली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** जबतक मूलभूत सुविधा नगर परिषद बीहट द्वारा मुहैया नहीं कराई जाती है तब तक जनहित में स्टैंड का सैरात नहीं किया जाए। एनएच पर टेंडर कर वसूली करने व करवाने का अधिकार और आदेश अबतक किसी को नहीं दिया गया है। जीरोमाइल गोलम्बर सहित अन्य स्थानों पर संवेदक द्वारा वसूली तथा वसूली के दौरान विरोध करने पर उसके साथ अभद्र व्यवहार किया जाना गलत है। उक्त बातें सोमवार को नगर परिषद बीहट कार्यालय प्रांगण में आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों को संबोधित करते हुए स्थानीय सांसद सह केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने मुख्य पार्षद एवं कार्यपालक पदाधिकारी से कही। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों तथा ऑटो चालक संघ एवं विभिन्न समाचार पत्रों तथा इलेक्ट्रनिक चौनलों के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई की नगर परिषद बीहट कार्यालय द्वारा विगत दिनों एक निविदा प्रकिया लाई गई थी। जिसपर संवेदक द्वारा विगत 15 मई से रसीद काटकर रुपये की वसूली शुरू कर दिया। जिसपर तत्काल प्रभाव से ऑटो चालक दल एवं स्थानीय विभिन्न संघ संगठनों द्वारा इसपर करा आपत्ति जताई गई थी। जिसपर स्थानीय जनप्रतिनिधि होने के नाते हमने संज्ञान लेते हुए कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बीहट एवं डीएम बेगूसराय से दूरभाष पर सम्पर्क स्थापित किया। तत्काल प्रभाव से पहले वसूली पर रोक लगाने, साथ ही मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के बाद ही निविदा प्रकिया लाई जाए। आगे उन्होंने कहा राजेन्द्र पुल सिमरिया घाट, बीहट चांदनी चौक और जीरोमाइल गोलम्बर पर एनएच सड़क पर कोई भी वसूली नहीं करेगा। जिसपर डीएम बेगूसराय तुषार सिंगला ने बिना वक्त जायर किए नगर परिषद बीहट कार्यालय द्वारा निविदा में निर्गत आदेशों को स्थगित करते हुए वसूली पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया। इसके लिए केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने डीएम बेगूसराय, मुख्य पार्षद बबीता कुमारी, उप मुख्य पार्षद ऋषिकेश कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण स्वरूप के प्रति आभार व्यक्त किया। इधर मुख्य पार्षद बबीता देवी ने आरोप लगाते हुए कहा कि कार्यपालक पदाधिकारी या कार्यालय प्रधान द्वारा किसी भी तरह की सूचना नहीं दी जाती है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह, केशव शांडिल्य, उप मुख्य पार्षद ऋषिकेश कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष बरौनी शंभू कुमार सिंह, बीस सूत्री उपाध्यक्ष यशस्वी आनंद, पूर्व मुख्य पार्षद अशोक कुमार सिंह, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष रामनरेश सिंह, सहायक लोक स्वक्षता पदाधिकारी प्रदीप कुमार, सिटी मैनेजर चांदनी कुमारी, कनीय अभियंता दिलरूबा खातून, प्रधान लिपिक राज कुमार, स्वक्षता निरीक्षक मो नदीम, सिटी मैनेजर मिशन रूपम कुमारी थे।

## दो सिल्वर पुरस्कारों से सम्मानित हुई एनटीपीसी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** एनटीपीसी बरौनी ने तिरूवनंतपुरम में आयोजित प्रतिष्ठित टस्कर अवार्ड्स में दो सिल्वर पुरस्कार जीतकर जिले और बिहार का नाम रोशन किया। पहला सिल्वर पुरस्कार सीएसआर इनोवेटिव श्रेणी में मिला। जो ग्रामीण समुदायों तक आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मोबाइल मेडिकल यूनिट जैसी सशक्त और सतत पहलों के लिए प्रदान किया गया। इस पहल ने ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य जागरूकता और सुविधा की पहुंच को प्रभावी ढंग से सुदृढ़ किया है। दूसरा सिल्वर पुरस्कार मानव संसाधन विभाग को लर्निंग एंड डेवलपमेंट श्रेणी में मिला। जिसमे कर्मचारियों के सतत प्रशिक्षण, कौशल विकास और व्यावसायिक उन्नयन की दिशा में किए गए सराहनीय प्रयासों को मान्यता दी गई। इस मौके पर एनटीपीसी बरौनी की ओर से श्री गौरव चक्रवर्ती, वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) ने पुरस्कार ग्रहण किये। इस अवसर पर एनटीपीसी बरौनी परियोजना प्रमुख जयदीप घोष ने इस उपलब्धि पर एनटीपीसी बरौनी टीम को बधाई देते हुए कहा यह सम्मान हमारी टीम की सामाजिक उत्तरदायित्व और कर्मचारी विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हम आगे भी इसी भावना के साथ कार्य करते रहेंगे।

## घुसपैठिये को चिह्नित कर वापस भेजें सभी राज्य : गिरिराज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** अवैध घुसपैठियों के संबंध में गृह मंत्रालय द्वारा जारी एडवाइजरी को लेकर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सोमवार को कहा है कि पश्चिम बंगाल सहित सभी राज्यों को यह एडवाइजरी माननी होगी। बताते चले कि गृह मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी कर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देशित किया है कि उनके राज्य में अगर कोई बांग्लादेशी और म्यांमार वाले संदिग्ध अवैध प्रवासी रह रहे हैं तो उन्हें हिरासत में लेकर 30 दिनों के अंदर उन्हें देश से निकालने की प्रक्रिया पूरी की जाए। इस बाबत केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि पश्चिम बंगाल सहित सभी राज्यों को यह एडवाइजरी माननी होगी। उन्होंने कहा कि बहुत दुख होता है जब कोई राज्य संघिय ढांचा के अंदर काम करने का मन नहीं बनाता है। जैसे की पश्चिम बंगाल। कई बार वहां के मंत्री और मुख्यमंत्री का स्टेटमेंट आया कि बांग्लादेशी घुसपैठियों को ममता के राज में कोई निकाल नहीं सकता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। यह नोटिफिकेशन की बात करते हैं। अगर यह एडवाइजरी सभी राज्यों को गया है तो बंगाल में भी ममता बनर्जी को लागू करना पड़ेगा। क्योंकि बंगाल भी भारत का एक राज्य है। न कि वह कोई अलग देश है। वह गलतफहमी में नहीं रहें। वहां जिस तरह से वोट बैंक की एवं तुष्टिकरण की राजनीति चल रही है। उसमें घुसपैठियों को समर्थन करने की बात की जा रही है। यह कभी नहीं होगा।

## परिसीमन सुधार हमारा संवैधानिक अधिकार : महासचिव



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार के मुद्दे को लेकर सोमवार को राष्ट्रिय लोक मोर्चा के प्रदेश महासचिव चन्दन बागची ने जिला अतिथि गृह में प्रेस वार्ता किया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए श्री बागची ने कहा की भारत में 2026 में नया परिसीमन होना है। जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 82 देश में हर जनगणना के बाद परिसीमन आयोग का गठन कर लोकसभा सीटों का फिर से निर्धारण करने का अधिकार देता है। वही अनुच्छेद 170 राज्यों में विधानसभा के निर्वाचन क्षेत्र की सीमा और संख्या तय करने का अधिकार देता है। अभी तक देश में 1991, 1961, 1971 की जनसंख्या के आधार पर परिसीमन कर लोकसभा की सीटों को निर्धारित किया गया है। परिसीमन का उद्देश्य राज्यों के लोकसभा और विधानसभा सीटों की संख्या आबादी के अनुसार निर्धारण करना है। देश में परिसीमन 1973 तक आबादी के अनुसार तय होता रहा। किंतु 1976 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने परिसीमन को 25 वर्षो के लिए फ्रिज कर दिया। देश में आपातकाल लागू था और इसी का फायदा उठाकर 42 वे संविधान संशोधन के जरिए परिसीमन को फ्रिज किया गया । पुनः यह रोक अगले 25 साल तक के लिए बढ़ा दी गई। यह अवधि साल 2026 में पूरी होने जा रही है। वहीं पर 2009 में भी परिसीमन तो किया गया । लेकिन लोकसभा की सीटों को स्थिर रखते हुए सिर्फ निर्वाचन क्षेत्र को आबादी के अनुसार संतुलित करने का काम किया गया। गौरतलब है कि 1951 1961 और 1971 में किए गए परिसीमन के अनुसार सीटों की संख्या को क्रमशः 494, 522 और 543 किया गया । तब हर सीट पर औसतन आबादी क्रमशः 7.3 लाख, 8.4 लाख और 10.1 लाख थी। परिसीमन का उद्देश्य ही था पूरे भारतवर्ष में एक समान आबादी के आधार पर सीटों का निर्धारण करना। लेकिन मौजूदा समय में यह उद्देश्य

## 'बदलते समुदायों में संग्रहालय का भविष्य' विषय पर संगोष्ठि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विद्यापीठ स्थित राजेन्द्र स्मृति संग्रहालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर एक विचारोत्तेजक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस वर्ष संगोष्ठी का विषय था– 'बदलते समुदायों में संग्रहालय का भविष्य', जिसमें संग्रहालयों की भूमिका, उपयोगिता और उनके भावी स्वरूप पर गहन चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने संग्रहालयों की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि संग्रहालय न केवल अतीत का दस्तावेज होते हैं, बल्कि वे शिक्षा और सामाजिक चेतना के महत्वपूर्ण संसाधन भी हैं। उन्होंने कहा कि संग्रहालय केवल ऐतिहासिक वस्तुओं तक सीमित नहीं हैं–प्रत्येक वस्तु, परंपरा और यहाँ तक कि मानवीय गतिविधियों का भी संग्रहालय संभव है। एआई और रोबोटिक्स के युग में मनुष्य की जीवन पद्धति, कार्य शैली और पारिवारिक इतिहास को संरक्षित करने की दिशा में भी संग्रहालयों की नई संभावनाएँ हैं। उन्होंने परिवार स्तर पर वंशवृक्ष के निर्माण का भी आह्वान किया। संग्रहालय की निदेशक डॉ. मृदुला प्रकाश ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि संग्रहालयों के सुदृढ़ भविष्य के लिए आवश्यक है कि हम अपने घरों को भी लघु संग्रहालय के रूप में विकसित करें। घरों में प्रयुक्त वस्तुएं, परंपराएं और सांस्कृतिक गतिविधियां यदि सहेजी जाएं, तो वह न केवल हमारी विरासत को जीवित रखेंगी, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगी। बिहार विद्यापीठ के संयुक्त सचिव श्री अवधेश के नारायण ने सुझाव दिया कि राजेन्द्र स्मृति संग्रहालय को बाल केंद्रित शैक्षिक गतिविधियों का केंद्र बनाया जाए, ताकि यह स्कूली बच्चों के लिए भी आकर्षक और ज्ञानवर्धक बन सके। अजय चौधरी ने प्रस्ताव दिया कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के भाषणों और जीवन पर आधारित फिल्म का निर्माण संग्रहालय की पहुंच को जनसामान्य तक सरलता से बढ़ा सकता है। राजेश कुमार ने संग्रहालय को आधुनिक स्वरूप देने और जनसंपर्क माध्यमों के प्रयोग से प्रचार बढ़ाने पर बल दिया। इस अवसर पर राकेश रमन, स्वीटी कुमारी, सौम्या कुमारी एवं श्रीमती श्रद्धा कुमारी ने भी संग्रहालयों के महत्व और भावी योजनाओं पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धा कुमारी ने सभी वक्ताओं एवं आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। यह संगोष्ठी न केवल संग्रहालयों के वर्तमान स्वरूप की समीक्षा का अवसर बनी, बल्कि उनके नवाचारयुक्त भविष्य की संभावनाओं पर एक सशक्त विमर्श भी प्रस्तुत किया।

## बढ़ते अपराध के खिलाफ व्यवसायियों ने दलसिंहसराय बाजार रखा बंद

### मॉब लिचिंग मे मारे गए दोनों अपराधियों की हुई पहचान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** बिहार में समस्तीपुर जिले में बढ़ते अपराध के खिलाफ आज व्यवसायियों ने दलसिंहसराय बाजार को बंद रखा।

व्यवसायियों ने आरोप लगाया कि पुलिसिया तंत्र के नाकामी के कारण जिले मे लगातार आपराधिक घटनाओं में वृद्धि हो रही हैं। जिसका ताजा उदाहरण दलसिंहसराय बाजार में कल रात अपराधियों ने किराना व्यवसायी के दुकान पर चढ़कर दो भाईयों को गोली मारकर घायल कर देना है।

इधर समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के सरदारगंज में कल हुई मॉब लिंचिंग मे मारे गए दोनों अपराधियों की पहचान कर ली गई है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि मारे गए अपराधियों मे पहला मुजफ्फरपुर जिले के हत्था थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव निवासी प्रेम पासवान एवं दुसरा समस्तीपुर जिले के विद्यापतिनगर थाना क्षेत्र के मड़वा गोपालपुर गांव के प्रिंस महतो के रूप में की पहचान की गई हैं।

## छापेमारी में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** उत्पाद एवं मध्य निषेध विभाग की टीम ने गुप्त सूचना मिलने पर पटना के बेउर थाना क्षेत्र के 70 फिट इलाके में छापेमारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए दो धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। सहायक आयुक्त उत्पाद एवं मधनिषेध प्रेम ने बताया कि मनोज कुमार निरीक्षक के नेतृत्व में टीम गठन कर छापेमारी किया गया। छापेमारी में वाहन से कुल 1632 टेट्रा पैक और 48 बोतल शराब जप्त किया गया. साथ मे आर्यन कुमार निवासी रामकृष्णानगर और



राहुल कुमार शास्त्री नगर पटना को गिरफ्तार किया गया है। जब्त शराब की अनुमानित मूल्य लगभग 5 लाख रू आँका गया है. पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा बताया गया कि यूपी से पटना के लिए शराब क़ी यह खेप लाया जा रहा था।

## वायु प्रदूषण से फेफड़े के कैंसर मामलों में बढ़ोतरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** प्रसिद्ध अमरीकी फ़ेफड़ा रोग विशेषज्ञ डॉक्टर तारकेश्वर तिवारी का मानना है कि देश (भारत) मे बढ़ते वायु प्रदूषण से फ़ेफड़ों का संक्रमण बढ़ रहा है और फ़ेफड़ों में कैंसर की बेतहाशा वृद्धि का मुख्य कारण है। डॉ तिवारी आज अपने गांव डुमरांव अनुमंडल के सोनबरसा में ग्रामीणों की चिकित्सा के उपरांत संवाददाताओं को बताई। डॉ तिवारी प्रायः हर वर्ष अपने बुजुर्ग माता पिता को देखने भी अपने गाँव आते है और ग्रामीणों को भी परामर्श देते है। अमेरिका के पेंसिल्वेनिया के बड़े अस्पताल जुड़े फ़ेफड़ा रोग विशेषज्ञ डॉ तिवारी ने बताया कि बच्चों से लेकर बुजुर्गों को भी वायु प्रदूषण से सांस लेने से लेकर गंभीर कैंसर की बीमारी की समस्या बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि भारत में स्वास्थ्य सेवा की बुनियादी ढांचे का अभाव है और बहुत बड़ी जनसंख्या को सामाजिक व आर्थिक कारणों से चिकित्सा सुविधा मयस्सर नहीं है जो दुःखद है। डॉ तिवारी ने बताया कि देश में 60 लाख व्यक्ति फ़ेफड़ों के विभिन्न बीमारियों से ग्रसित है और 10 फीसदी कैंसर से पीड़ित हैं। स्वास्थ्य विज्ञान की लांसेट की नई रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के एक चौथाई लोग भारत मे तपेदिक से पीड़ित हैं और गरीबी, आर्थिक व सामाजिक विषमताओं से चिकित्सालयों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बक्सर जिला मुख्यालय सहित गाँवों में वायु प्रदूषण मानक से कई गुणा अधिक है और यह कारण है कि जिले के नवजात शिशुओं से लेकर बुजुर्गों तक को अस्थमा, खांसी एवं अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित है। डॉ तिवारी ने बताया कि लम्बे समय तक वायु प्रदूषण के संपर्क में रहने से अस्थमा और क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज सहित फ़ेफड़ों से संबंधित बीमारियाँ हो सकती हैं।

# स्वास्थ्य मंत्री ने 11.80 करोड़ की योजनाओं का किया उद्घाटन

## 92.42 करोड़ की लागत से 22 स्वास्थ्य उपकेंद्र का किया शिलान्यास

## स्वस्थ बिहार ही है विकसित बिहार की पहली सीढ़ी : मंगल पांडेय



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने 11.80 करोड़ की लागत से अरेराज के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर राधिया टोला बलहा में जिले के 14 एचडब्लूसी एवं 1अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने उद्घाटन किया वहीं उन्होंने 92.42 करोड़ की लागत से 22 स्वास्थ्य उपकेंद्र का किया शिलान्यास किया। इस दौरान उनके साथ अरेराज विधायक सुनीलमणि तिवारी, चिरैया विधायक लालबाबू गुप्ता,सिविल सर्जन डॉ रविभूषण श्रीवास्तव, डीडीसी, एसडीएम, उपाधीक्षक उपस्थित थे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार की बहुत ही अच्छी पहल है कि अब ग्रामीण क्षेत्र में ही लोगों को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर चिकित्सकीय सुविधा का लाभ मिलेगा। इसके इसके लिए आपको जिला मुख्यालय मोतिहारी या अनुमंडलीय अस्पताल अरेराज जाकर दूर सफर नहीं करना पड़ेगा, इससे समय और पैसे सभी की बचत होगी। उन्होंने कहा की यहां 14 प्रकार की जांच होगी, वहीं 121 तरह की दवाएं निःशुल्क उपलब्ध होगी। स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों शुगर, बीपी, कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर व अन्य गंभीर बीमारियों से बचाव के तरीके स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा बताए जायेंगे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बिहार में लाखों की संख्या में आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है जिससे निर्धारित केटेगरी के लोगों को 5 लाख रूपये तक का असानी से मुफ्त इलाज की सुविधा मुहय्या कराई जा रहीं है। उन्होंने कहा की गर्भाशय कैंसर से बचाने के लिए 09 से 14 वर्ष की उम्र में बच्चियों को टीका दी जा रहीं है। उन्होंने कहा की गर्भाशय कैंसर से बचाने के लिए यह टीका लेना बेहद जरूरी है। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों के बीच एईएस किट का भी वितरण किया। स्वास्थ्य मंत्री ने बिहार की स्वास्थ्यकर्मी भर्ती योजना के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने के लिए 41,000 से अधिक पदों को भरा जा रहा है। 11,000 जी.एन.एम पदों की भर्ती प्रक्रिका चालू है और 10,600 ए.एन.एम. की भर्ती अगले 15 दिनों में पूरी कर ली जाएगी। इसके साथ ही एमबीबीएस डॉक्टरों, आयुष चिकित्सकों, स्नातकोत्तर विशेषज्ञों, दंत चिकित्सकों और चिकित्सा सहायकों की भर्ती भी तेजी से की जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा ग्रामीण स्वास्थ्य ढ़ांचे में भी उल्लेखनीय सुधार हुए हैं। आगे भी बेहतर सुविधाएं लोगों को उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मौके पर गोविन्दगंज विधायक सुनीलमणि तिवारी, चिरैया विधायक लालबाबू गुप्ता, सिविल सर्जन डॉ रविभूषण श्रीवास्तव, डीडीसी शंभू शरण पांडे, एसडीएम अरुण कुमार, उपाधीक्षक, डीपीएम, डैम, डीपीसी, डॉ, प्रभारी, एएनएम, आशा व अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु मन्दिर शिक्षण पद्धति का शिक्षा जगत में है एक विशिष्ट स्थान: राधामोहन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधामोहन सिंह ने महावीर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हरसिद्धि के रजत जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। समारोह को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि सरस्वती शिशु मन्दिर शिक्षण पद्धति का शिक्षा जगत में एक विशिष्ट स्थान है। इसका प्रमुख कारण यह है कि यह योजना किसी व्यक्ति विशेष की देन या खोज न होकर एक विचारधारा से आविर्भूत है। यद्यपि इसके प्रादुर्भाव में कतिपय समाजसेवी, देशभक्त महापुरुषों का प्रमुख सहयोग रहा। श्रद्धेय भाऊराव देवरस, कृष्णचन्द्र गांधी तथा नानाजी देशमुख जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता थे। उनकी प्रेरणा से गोरखपुर में 1952 में इस योजना का श्रीगणेश हुआ, नाम रखा गया 'सरस्वती शिशु मन्दिर' जो बाद में अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान विद्या भारती का शिक्षा के क्षेत्र में प्रथम विद्यालय के नाम से विख्यात हुआ। शनैः-शनैः योजना के प्रथम विद्यालय न केवल उत्तर प्रदेश में अपितु सम्पूर्ण देश में प्रज्ज्वलित होने लगे। कालान्तर में हमारे सरस्वती शिशु मन्दिरों से जुड़े हुए अभिभावकों एवं शिक्षा प्रेमियों द्वारा यह अनुभव किया जाने लगा कि अपने इस अभिनव संस्कार के प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र के प्रयोग को कक्षा पंचम से आगे बढ़ाया जाय।

कक्षा पंचम के आगे कक्षा षष्ठ से द्वादश तक के लिए प्रारम्भ किया गया, 'सरस्वती विद्या मन्दिर' उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कारों से युक्त शिक्षा पद्धति के अनुरूप सम्पूर्ण देश में कार्यरत 25,000 से अधिक शिशु मन्दिरों व विद्या मन्दिरों में लगभग 30 लाख भैया एवं बहनें अध्ययनरत हैं, साथ ही इनमें लगभग 1,50,000 आचार्य-आचार्या अध्यापन कार्य कर रहे हैं। श्री सिंह ने कहा कि छात्र अपने माता-पिता की भावी आशाओं, आकांक्षाओं का केन्द्र बिन्दु, किसी भी समाज के अमूल्य धरोहर तथा राष्ट्र की निधि है। अतः इस धरोहर की अन्तर्निहित शक्तियों तथा गुणों का विकास करके भावी पीढ़ी का निर्माण करना आवश्यक है। अपनी विभिन्न विशेषताओं को लेकर इसी उद्देश्य के लिए कृत संकल्प है।

## एक नजर

### नगर परिषद की कार्यशैली से नाराज पार्षद पुत्र ने गेट पर जड़ा ताला

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** रक्सौल नगर परिषद कार्यालय सोमवार सुबह उस समय चर्चा का केंद्र बन गया, जब वार्ड संख्या 13 की पार्षद आशा देवी के पुत्र एवं भाजपा नेता कमलेश कुमार नगर परिषद के मुख्य द्वार पर ताला लगाकर धरने पर बैठ गए। परिषद कर्मियों के कार्यालय पहुंचने पर उन्हें यह दृश्य देख हैरानी हुई। बताया जा रहा है कि भाजपा नेता कमलेश कुमार अपने वार्ड में नल-जल योजना की ठप स्थिति, सड़क निर्माण कार्य के अधर में लटके रहने, नगर परिषद कर्मियों की कार्यशैली में लापरवाही और जन शिकायतों की अनदेखी से नाराज थे। मीडिया से उन्होंने कोई बयान नहीं दिया, लेकिन सूत्रों के अनुसार यह धरना इन्हीं मुद्दों को लेकर किया गया। कुछ घंटों बाद नगर परिषद के कर्मियों ने समझा-बुझाकर धरना समाप्त कराया, लेकिन स्थानीय राजनीति में यह घटनाक्रम पूरे दिन चर्चा का विषय बना रहा।

### शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

घोड़ासहन (पूर्वी चंपारण)। सीमावर्ती झरौखर थाना क्षेत्र के आठमुहान-बिजबानी सड़क पर रविवार देर शाम पुलिस ने छापेमारी कर नेपाली शराब की तस्करी कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों युवक एक बाइक पर 31 बोतल नेपाली शराब लेकर जा रहे थे। थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार युवकों की पहचान आठमुहान गांव निवासी कामेश्वर प्रसाद यादव के पुत्र रवि कुमार एवं उमेश प्रसाद यादव के पुत्र रवि कुमार के रूप में की गई है। दोनों आपस में मित्र बताए जाते हैं। पुलिस ने बाइक को भी जब्त कर लिया है। पूछताछ के बाद दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### अज्ञात युवक का शव बरामद

**घोड़ासहन (पूर्वी चंपारण)।** झरौखर थाना क्षेत्र के भंगहा-सुंदरपुर सैनिक रोड स्थित पुल के नीचे से रविवार को एक अज्ञात युवक का सड़ा-गला शव बरामद हुआ। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया है। युवक की उम्र लगभग 35 वर्ष आंकी जा रही है, जो ब्लू जींस और नीली शर्ट पहने हुए था। थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह के अनुसार शव की स्थिति देखकर प्रतीत होता है कि वह चार-पांच दिन पुराना है। युवक के जेब से दिल्ली मेट्रो का टिकट बरामद हुआ है, जिस पर 'सक्करपुर' लिखा है। पुलिस को संदेह है कि युवक नेपाल का निवासी हो सकता है और उसकी हत्या कर शव को यहां फेंका गया हो। मामले की जांच जारी है।

### पुलिस अभिरक्षा से चोर फरार, चौकीदार निलंबित

**मधुबन (पूर्वी चम्पारण)।** मधुबन थाना क्षेत्र के मेला बाजार में रविवार को सब्जी बेचने आए सवंगिया गांव के किसान शैलेंद्र कुशवाहा ने बाइक चोरी का प्रयास कर रहे चोर को घर दबोचा। उसे अपने गांव सवंगिया लाकर गड़हिया ओपी को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर चोर को थाने ले गई। चोर की पहचान मधुबन पुरानी बाजार निवासी राहुल दास के रूप में हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस चोर से पूछताछ की। ग्रामीणों द्वारा आवेदन नहीं मिलने के कारण उसे हाजत में नहीं रखा गया। मौके का फायदा उठाकर चोर फरार हो गया ।मामले में एसपी स्वर्ण प्रभात ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चौकीदार राम इकबाल को निलंबित किया तथा मधुवन सर्किल इंस्पेक्टर को मामले की जांच करने का आदेश दिया ।बता दें कि राहुल दास पूर्व में भी बाइक चोरी के मामले में जेल जा चुका है।

### बाइक की ठोकर से वृद्ध घायल

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** शिव मंदिर चौक के पास रविवार की देर संध्या बुलेट बाइक की ठोकर से साइकिल सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। ठोकर मार भाग रहे बाइक चालक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। जिसे पुलिस के हाथों सौंप दिया गया। घायल की पहचान मकरी महुवा बाही टोला के करीब 50 वर्षीय प्रभू राय के रूप में हुई जबकि बाइक सवार पीपरा थाना के चिंतामनपुर का बताया जाता है। बताया जाता है कि साइकिल पर सवार व्यक्ति बजार से घर जाने के लिए लौट रहा था। इस दौरान विपरीत दिशा से तेज गति में आ रहे बुलेट बाइक ने ठोकर मार दी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसका सर फूट गया और एक पैर टूट गया है।

### एसडीओ ने अंचल अधिकारियों के साथ की बैठक

**मोतिहारी।** अरेराज अनुमंडल पदाधिकारी अरुण कुमार द्वारा अनुमंडल अंतर्गत सभी अंचल अधिकारियों के साथ अनुमंडल कार्यालय अरेराज में समीक्षा बैठक की गई। बैठक अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा राजस्व विभाग के सभी कार्यों की समीक्षा की गई एवं जरूरी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि दाखिल खारिज के सभी लंबित मामलों का समयबद्ध तरीके से निपटारा सुनिश्चित कराई जाए। परिमार्जन प्लस पर लंबित आवेदनो का निष्पादन नियमित रूप से किया जाए ताकि परिमार्जन का कोई मामला लंबित नहीं रहे। अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा ई- मापी के माध्यम से प्राप्त आवेदन का निष्पादन, अभियान बसेरा 2, आधार सीडिंग इत्यादि में प्रगति लाने का निर्देश सभी अंचल अधिकारी एवं राजस्व पदाधिकारी को दिया गया एवं कहा गया कि प्रतिदिन राजस्व से जुड़े कार्यों की समीक्षा राजस्व कर्मचारियों के साथ की जाए। बैठक के सभी अंचल अधिकारियों को राजस्व कर्मचारियों की उपस्थिति बायोमेट्रिक पद्धति से अनिवार्य रूप से दर्ज किए जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

### भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प, नौ घायल

**आदापुर (पूर्वी चंपारण)।** थाना क्षेत्र के श्यामपुर चौक के पास सोमवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई, जिसमें नौ लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार किशोरी भगत को उनके नाना कुंवर बरई ने नौ कट्ठा बारह धूर जमीन बक्शीसनामा के तहत दिया था, जिस पर वे वर्षों से जोत-कोड़ में थे। इसी जमीन को लेकर जब राजेश्वर भगत ने दावा पेश किया और जमीन पर पहुंचकर हस्तक्षेप करने लगे, तो विवाद ने उग्र रूप ले लिया और दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चल गए। घटना में राजेश्वर भगत, किशोरी भगत, दीपक कुमार, रिंकू देवी, सृष्टि कुमारी, रजनी कुमारी, सुनीता देवी, मुनिता देवी तथा रामेश्वर भगत की पत्नी सुनीता देवी (45 वर्ष) घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।

# संवैधानिक अधिकार-परिसीमन सुधार को ले उठेगी बुलंद आवाज



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार को ले राष्ट्रीय लोक मोर्चा पार्टी अपनी आवाज को बुलंद करेगी और अपने सकंल्प को पूरा करके ही दम लेगी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा इस मसले पर एक बेहतर रणनीति बनाकर काम कर रहे हैं। उक्त बातें पार्टी के किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर धमेन्द्र सिंह व चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीपक कुमार ने सोमवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आगामी 25 मई को रोहतास जिले के विक्रम गंज व 8 जून को मुजफ्फरपुर में राष्ट्रीय लोक मोर्चा की ओर से संवैधानिक अधिकार-परिसीमन सुधार महारैली आयोजित की गयी। कहा कि परिसिमन का उद्देश्य राज्यों के लोकसभा व विधान सभा सीटों की संख्या आबादी के अनुसार निर्धारित करना है। अभी तक देश में 1951,1961 व 1971 की जनसंख्या के आधार पर परिसीमन बनाकर लोकसभा की सीटों का निर्धारण हुआ है। बताया कि भारत में 2026 में ही परिसीमन होना है। ऐसे में परिसीमन बेहतर हो व आबादी के अनुसार हो, इसके लिए पार्टी आवाज बुलंद कर रही है। मौके पर जिलाध्यक्ष ई रमेश कुमार, संत सिंह कुशवाहा, विजय कुमार, धनंजय कुमार चंदेल, मुजीबुर्र रहमान एवं कुमुद सहित पार्टी के कई नेता मौजूद थे।

# एमजीसीयू न्यूज लेटर का कुलपति ने किया लोकार्पण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित और जनसम्पर्क प्रकोष्ठ द्वारा वितरित एवं प्रसारित 'एमजीसीयू न्यूज लेटर' के द्वितीय अंक का लोकार्पण कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव के कर कमलों से हुआ। द्विभाषी एवं छमाही इस अंक के लोकार्पण कार्यक्रम में सलाहकार बोर्ड के सदस्य, संपादक, सह-संपादक एवं सम्पादकीय टीम के सदस्य शामिल थे।न्यूज लेटर के मुख्य संरक्षक कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने कहा कि न्यूज लेटर में जुलाई-दिसम्बर 2024 अवधि में विश्वविद्यालय की विभिन्न अकादमिक गतिविधियों और विश्वविद्यालय के उन्नयन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों से सम्बंधित समाचारों का प्रकाशन किया गया है। उन्होंने कहा कि न्यूज लेटर के प्रकाशन अवधि में विश्वविद्यालय को भौतिक स्वरूप में लाने की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। डीपीआर निर्माण से लेकर, द्वितीय दीक्षांत समारोह का आयोजन, दीक्षारम्भ कार्यक्रम और अनेक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों और संस्थानों से अकादमिक समझौते सहित अनेक उपलब्धियां न्यूज लेटर में प्रकाशित हैं। संपादक और सम्पादकीय टीम की सराहना करते हुए कुलपति ने कहा कि न्यूज लेटर का प्रकाशन बहुत सुंदर और सुव्यवस्थित ढंग से किया गया है। इसके माध्यम से विश्वविद्यालय की गतिविधियों को शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों और अकादमिक से जुड़े विद्वानों तक पहुँचाने में मदद मिलेगी।




संपादक डॉ. परमात्मा कुमार मिश्र ने कहा कि न्यूज लेटर का उद्देश्य विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों को विस्तारपूर्वक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव की प्रेरणा और मार्गदर्शन से विश्वविद्यालय में अध्ययन-अध्यापन के साथ अनेक रचनात्मक गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उनकी जानकारी लोगों को इस न्यूज लेटेर के माध्यम से दिया जाना महत्वपूर्ण है।जनसम्पर्क प्रकोष्ठ के समन्वयक व सह-संपादक डॉ. श्याम नंदन ने कहा कि न्यूज लेटर को विश्वविद्यालय और विश्वविद्यालय के बाहर विभिन्न शिक्षण संस्थानों और शिक्षा मंत्रालयों सहित महत्वपूर्ण विभागों में पूर्व की भाँति प्रेषित किया जायेगा। विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों के प्रचार-प्रसार की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण आयाम है।न्यूज लेटर प्रकाशन में सलाहकार बोर्ड के सदस्य प्रो. प्रसून दत्त सिंह, प्रो. शिरीष मिश्र, प्रो. रणजीत कुमार चौधरी, डॉ. अंजनी कुमार झा, संपादक डॉ. परमात्मा कुमार मिश्र, सह-संपादक डॉ. श्याम नंदन और संपादकीय बोर्ड के डॉ. उमेश पात्रा, डॉ. सुनील दीपक घोडके, डॉ. बबलू पाल और जनसम्पर्क अधिकारी शेफालिका मिश्रा और लेआउट डिजाइन के रूप में प्रतीक कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

# अनुरक्षकों के मानदेय भुगतान में आनाकानी करने वाले वार्ड सदस्यों के विरुद्ध होंगी एफआईआर दर्ज : डीपीआरओ

## 15 से 20 दिनों के अंदर भुगतान नहीं करने पर संबंधित क्षेत्र के बीपीआरओ पर भी गिरेगी गाज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** मुख्यमंत्री पेयजल निश्चय योजना के तहत पंचायतों में अविस्थापित जल मीनार के रख रखाव हेतु जिस अनुरक्षकों को बहाल किया गया है, साथ ही इस योजना के तहत वैसे व्यक्ति जिनके अपनी निजी जमीन में जलमीनार विस्थापित है, वैसे अनुरक्षकों का भुगतान करने वाले संबंधित वार्ड सदस्य द्वारा अनाकानी किया जा रहा है वैसे वार्डों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगीद्य उक्त जानकारी देते हुए जिला पंचायती राज पदाधिकारी रामजन्म पासवान ने बताया कि सभी बीपीआरओ को निर्देश देते हुए कहा कि जिसके निजी जमीन में जल मीनार बना हुआ है उनका भुगतान नहीं करने वाले वार्डों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी साथ ही उन्होंने बताया कि 15 से 20 दिनों के अंदर उक्त सभी का मानदेय भुगतान नहीं करने वाले संबंधित बीपीआरओ को भी नहीं बख्शा जाएगा। बताया कि 15 से 20 दिन के अंदर अगर भुगतान नहीं किया जाएगा तो संबंधत प्रखंडों के बीपीआरओ के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जनता दरबार में प्राप्त अभ्यावेदन के साथ संलग्न जमीन के कागजात के आधार पर अंचल अमीन से सत्यापन कराकर जिनके निजी जमीन में नल जल मीनार स्थापित है, तो उन्हें 15 दिनों के अन्दर नियमानुसार अनुरक्षक मानदेय का भुगतान करना सुनिश्चित किया जाय साथ ही यह भी निर्देश है कि यदि अभ्यावेदन के साथ वांछित कागजात संलग्न नहीं रहने पर आवेदक से जमीन का कागजात मांग कर जांचोंपरान्त अनुरक्षक का मानदेय का भुगतान करना सुनिश्चित किया करें। उन्होंने बताया कि यदि वैसे वार्ड सदस्य जिनके द्वारा जान बूझकर अनुरक्षक का मानदेय राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है तो उनके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई का निर्देश दिया। उक्त आदेश का अनुपालन नहीं होने और अपने दायित्यों का निर्वहन नहीं करनेवाले सबंधित बीपीआरओ के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।



# जिले के होनहारों को जिला पदाधिकारी ने किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में आयोजित एक गरिमामयी समारोह में जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय द्वारा जहानाबाद जिले के मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल 14 छात्रों को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं स्मार्ट वॉच देकर सम्मानित किया गया। मैट्रिक परीक्षा में उत्कर्ष कुमार, उच्च विद्यालय, हुलासगंज - प्रथम स्थान। रिया कुमारी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, पीतम्बरपुर - द्वितीय स्थान एवं उत्कर्ष प्रसाद केशरी उच्च विद्यालय मुरगांव-तृतीय स्थान को जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया गया। इंटरमीडिएट (कला संकाय) में श्रृष्टि कुमारी, एसएस. कॉलेज - 432 अंक (प्रथम) अमृत राज, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, नेर नारायण शर्मा एवं एस.एन.एस. कॉलेज - दोनों द्वितीय स्थान (426 अंक), शुभम कुमार,+2 कृष्ण उच्च विद्यालय, भवानीचक सुरंगापुर - तृतीय स्थान (425 अंक) को मिला सम्मान। वाणिज्य संकाय में खुशी कुमारी, एस.एन.एस. कॉलेज - 417 अंक (प्रथम), अंजली वर्मा - 413 अंक (द्वितीय) एवं सलोनी कुमारी - 412 अंक (तृतीय) स्थान के लिए सम्मानित किया गया वहीं बात करें विज्ञान संकाय के टॉपर की तो विज्ञान संकाय में मैहबिस प्रवीण, +2 कृष्ण उच्च विद्यालय - 460 अंक (प्रथम), अनीश कुमार, +2 उच्च विद्यालय, हाटी, काको - 458 अंक (द्वितीय), पूजा कुमारी, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, लाखापुर एवं प्रिंस कुमार, गांधी स्मारक इंटर स्तरीय विद्यालय ऽ ने तृतीय स्थान (457 अंक) प्राप्त किया उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने सभी प्रतिभाशाली छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्रों से उनकी शैक्षणिक यात्रा, शिक्षकों की उपस्थिति, छात्रवृत्ति, मध्यान्ह भोजन एवं पोषाक वितरण आदि की जानकारी भी ली और सभी विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति लगन एवं अनुशासन से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।




# आशा पार्टी के जन सुराज में विलय का स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी रहे आरसीपी सिंह की अगुवाई वाली आप सब की आवाज आशा पार्टी का रविवार को जन सुराज पार्टी में औपचारिक विलय कर दिया गया। इस अवसर पर आशा पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष रहे लालबाबू सिंह ने मठिया जिरात स्थित पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए इसे बिहार की राजनीति में बदलाव की नई शुरुआत बताया।

उन्होंने कहा कि आशा पार्टी के संयोजक रामचंद्र बाबू और जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर की जोड़ी बिहार के लिए राम-लखन जैसी साबित होगी। यह गठबंधन न केवल राज्य में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करेगा, बल्कि एक समृद्ध, स्वर्णिम बिहार के निर्माण में भी निर्णायक भूमिका निभाएगा।



नीतीश कुमार सरकार पर निशाना साधते हुए लालबाबू सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री अब मानसिक, शारीरिक और वैचारिक रूप से अक्षम हो चुके हैं। ऐसे समय में दो सशक्त राजनीतिक धाराओं का यह विलय बिहार की राजनीति में सकारात्मक उथल-पुथल लाएगा।

उन्होंने दावा किया कि प्रशांत किशोर आज जनभावनाओं के प्रतीक बन चुके हैं और आरसीपी सिंह जैसे अनुभवी नेता का साथ उन्हें और ताकत देगा। इसका प्रभाव सिर्फ बिहार तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति पर भी इसकी गूंज सुनाई देगी। बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिनमें संगीता कुमारी, मनिंदर तिवारी, बड़ा बाबू मिश्रा, तपसी सिंह, बलिराम सिंह, राजेश कुमार, बबीता सिंह, छोटेलाल प्रसाद और सुरेंद्र कुमार सहित कई प्रमुख नाम शामिल रहे।

# महिला संवाद बना ग्रामीण महिलाओं की आकांक्षाओं का सशक्त मंच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिले में महिलाओं को योजनाओं की जानकारी, उनकी समस्याओं की पहचान, सुझावों का संग्रहण तथा नीति-निर्धारण में भागीदारी के उद्देश्य से संचालित महिला संवाद कार्यक्रम लगातार प्रभावशाली साबित हो रहा है। सोमवार को इस कार्यक्रम के 32वें दिन जिले के सातों प्रखंडों के चयनित 16 ग्राम संगठनों में महिला संवाद का सफल आयोजन किया गया। अब तक जिले के 487 ग्राम संगठनों में यह कार्यक्रम संपन्न हो चुका है, जिसमें 96,000 से अधिक महिलाओं की भागीदारी हो चुकी है। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय स्वयं सदर प्रखंड के कल्पा पंचायत अंतर्गत अमर ज्योति ग्राम संगठन के महिला संवाद कार्यक्रम में शामिल हुईं। महिलाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महिला संवाद केवल जानकारी का माध्यम नहीं, बल्कि ग्रामीण महिलाओं की सुनवाई और नीति निर्माण में भागीदारी का सेतु बन रहा है। महिलाएं अब न केवल योजनाओं की जानकारी ले रही हैं, बल्कि स्वयं आगे आकर जनहित के मुद्दे उठा रही हैं। यही जन-भागीदारी लोकतंत्र की असली शक्ति है।

**पूर्व रेलवे**

**सं. ईसी/टी/कॉम्प्रिहेंसिव/ओटी-03/2025-26, दिनांक 14.05.2025,** मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे वर्कशॉप, काँचरापाड़ा, कैरिज/लोको कॉम्प्लेक्स, उत्तर 24 परगना, पीओ काँचरापाड़ा, पिन-743145, पश्चिम बंगाल द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा (खुली निविदा) आमंत्रित की जाती है। **ई-निविदा सं.: ईसी_टी_सीओएम_ओटी-03_25-26, दिनांक 12.05.2025, कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** व्यापक अनुबंध के आधार पर खुली निविदा के माध्यम से डीईटीसी/ डीएचटीसी टाइप 8-व्हीलर टावर वैगनों के दस (10) अदद सीआईएल प्रस्तुत अंडर-स्लंग माउंटेड डीजल इंजन टाइप एनटीए 855आर, छह (06) अदद सीआईएल प्रस्तुत डीजल इंजन टाइप एनटी855आर बिग कैम, तीन (03) अदद सीआईएल प्रस्तुत डीजल इंजन टाइप वीटीए 1710एल, छह (06) अदद वॉइथ प्रस्तुत ट्रांसमिशन सिस्टम टाइप टीआर.211आर, दो (02) अदद एवीटीईसी/एलीसन/एसएएन प्रस्तुत ट्रांसमिशन सिस्टम टाइप सीआरटी-5633, एक (01) अदद सीजीएल/बीएचईएल प्रस्तुत कन्वेंशनल ट्रैक्शन अल्टरनेटर, दस (10) अदद बीएचईएल/सीजीएल प्रस्तुत अंडर-स्लंग माउंटेड ट्रैक्शन अल्टरनेटरों की आवधिक ओवरहॉलिंग। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु. 11,55,81,673.50 (जीएसटी सहित)। **बयाना राशि जमा की जाएगी:** रु. 7,27,900/-**निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य। **कार्य की समापन अवधि:** 24 माह। **वेबसाइट जहाँ से निविदा कागजात उपलब्ध होगा:** निविदा कागजात और अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 12.05.2025 से 09.06.2025 को अपराह्न 03.00 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं। **विज्ञापन अवधि:** दिनांक 12.05.2025 से 09.06.2025 को अपराह्न 03.00 तक। **प्रस्ताव जमा देने की अवधि:** दिनांक 26.05.2025 से 09.06.2025 को अपराह्न 03.00 बजे तक। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 09.06.2025 को अपराह्न 03.00 बजे तक। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 09.06.2025 को अपराह्न 03.30 बजे तक। MISC-67/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# विवाहिता की मौत, ससुरालवालों पर लगा हत्या का आरोप

## मृतका के भाई ने कहा: 20 लाख नहीं देने पर बहन को पीटकर मार डाला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** दहेज में 20 लाख रुपया नहीं मिलने पर ससुराल वालों द्वारा बहू के साथ मारपीट किये जाने और ईलाज के बाद उसकी मौत होने का एक मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में जम्होर थाना क्षेत्र के धनगाई गांव निवासी मृतका के भाई रामनाथ राम ने स्थानीय थाना में मृतका के ससुरालवालों पर प्राथमिकी दर्ज कराते हुए उल्लेख किया है कि 25 अप्रैल 2024 को हिंदू रीति-रिवाज से अपनी बहन दुर्गावती कुमारी की शादी भदवा हरिहरगंज के जनेश्वर राम के पुत्र सुजीत राम के साथ किया था तथा उपहार में मोटरसाइकिल, फ्रिज, कूलर इत्यादि दिया था। शादी के बाद से लड़का द्वारा 20 लाख रुपया की मांग हमारी बहन के माध्यम से किया जाने लगा। रामनाथ ने बताया कि उसी क्रम में आरोपित हमारी बहन के साथ बराबर मारपीट करने लगा। प्राथमिकी में सुजीत राम के साथ उदित राम, संजीत राम, गोतनी अंजलि कुमारी, अनिल राम पर आरोप लगाते हुए कहा गया कि सभी मिलकर पैसा के लिए हमारी बहन के साथ बुरी तरीके से मारपीट किया। गंभीर रूप से घायल हमारी बहन 10 दिनों तक आईसीयू में भर्ती रही औरं अंततः उसने दम तोड़ दिया। मृतका के भाई ने कहा कि ससुराल वाले मेरे तथा मेरे घरवालों के साथ भी मारपीट करने पर उतारू हैं। थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

# भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, चार घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर के सलैया थाना क्षेत्र के नरकपी गांव में रविवार की रात भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई जिसमें चार लोग जख्मी हो गए। ज़िख्मयों में सीताराम महतो की पत्नी सुमित्रा देवी, उनका पुत्र सुबोध कुमार, स्व. ललन प्रजापति की पत्नी राधा देवी एवं रामाशीष प्रजापति के पुत्र राहुल कुमार शामिल है। इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर में



हुआ जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज किया गया। इसके बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए राधा देवी एवं सुबोध कुमार को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह थाना क्षेत्र के गया-दाउदनगर पथ पर दधपी पेट्रोल पंप के समीप अचानक चालक का संतुलन बिगड़ने से बाइक पर सवार तीन युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को पीएचसी में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गोह थाना मुख्यालय के विनोबा बिगहा निवासी ज्ञानचंद दास का 30 वर्षीय पुत्र विमलेश दास व 28 वर्षीय कमलेश दास एवं आदित्य पासवान का 25 वर्षीय पुत्र रोहित पासवान एक ही बाइक पर सवार होकर दाउदनगर जा रहा था। उसी बीच दधपी स्थित साईं पेट्रोल पंप के समीप दक्षिण दिशा में सड़क किनारे पहले से मृत होकर पड़ी नीलगाय से बाइक टकरा गई जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये।

# लंबित मामलों का अविलंब निष्पादन सुनिश्चित करें : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक सोमवार को हुआ। शुरुआत में जिलाधिकारी ने डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के अंतर्गत आयोजित विशेष कैंप की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय सभी अधिकारियों से फीडबैक लिया और निर्देश दिया कि लंबित मामलों का अविलंब निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारियों से मॉडल टोला निर्माण की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और संबंधित विभागों के नोडल पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय स्थापित कर टोलों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी सीओ को निर्देश दिया कि विभिन्न विभागों के लंबित एनओसी मामलों को संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर शीघ्र निष्पादित किया जाए। इस



दौरान 'महिला संवाद' कार्यक्रम पर भी चर्चा हुई। डीपीएम, जीविका द्वारा बताया गया कि यह कार्यक्रम जिले के 1398 ग्राम संगठनों में निर्धारित रोस्टर के अनुसार 58 दिनों तक संचालित किया जाएगा। जिसमें महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उनकी अपेक्षाएं और सुझाव भी संकलित किए जा रहे हैं। इस पर जिलाधिकारी ने सभी नोडल एवं वरीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्वयं इन कार्यक्रमों में भाग लें और महिलाओं को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दें। जिलाधिकारी ने शौचालय निर्माण कार्य में तेजी लाने एवं 'हर घर नल का जल' योजना के अंतर्गत छूटे हुए घरों को शीघ्र जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने सीओ एवं राजस्व अधिकारियों को भूमिहीन परिवारों को पर्चा वितरण एवं भूमि उपलब्धता की प्रक्रिया शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। मौके पर डीडीसी डॉ. अनुपमा सिंह, सिविल सर्जन, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, डीआरडीए निदेशक, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता, पंचायती राज पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर निकाय पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी समेत अन्य थे।

# चोरी की बाइक के साथ आरोपित गिरफ्तार

- पूछताछ के क्रम में आरोपित ने अपना अपराध स्वीकार किया
- आवश्यक कार्रवाई के उपरांत भेजा गया जेल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** चोरी की बाइक के साथ एक आरोपित को माली थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान थाना क्षेत्र के चैनपुर भटौलिया गांव निवासी बद्री पासवान के पुत्र नीतीश कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मादक पदार्थों यथा अन्य अपराधों को रोकथाम के लिए निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना क्षेत्र के शाहपुर मोड़ पर वाहन जांच के दौरान एक युवक को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वह रुकने की बजाय अचानक विपरीत दिशा में भागने लगा जिसे पुलिस ने पीछा कर धर दबोचा। पूछताछ के क्रम में आरोपित ने अपराध स्वीकार किया है। संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत आरोपित को जेल भेज दिया गया।

# मुख्यमंत्री ने कई योजनाओं का किया शिलान्यास, बांटे नियुक्ति पत्र

## विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से डीएम तनय सुलतानिया सीधे जुड़े कार्यक्रम से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पटना में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 315 प्रखंड उद्यान पदाधिकारियों को नियुक्ति/ नियोजन-पत्र का वितरण एवं 62 अनुमंडल स्तर पर कृषि भवन का शिलान्यास को सोमवार किया गया। वहीं भोजपुर जिले में जगदीशपुर अनुमंडल अंतर्गत कृषि भवन का शिलान्यास, कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय आरा (भोजपुर) का कार्यारम्भ, 'बिहार कृषि' मोबाईल ऐप की शुरुआत एवं खरीफ महाभियान-2025 का



शुभारंभ एक साथ किया गया। जिसका सीधा प्रसारण समाहरणालय सभागार, आरा भोजपुर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी तनय सुलतानिया ने भी भाग लिया गया। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी, सहायक निदेशक, उद्यान एवं अन्य संबंधित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# चोरी के ट्रैक्टर के साथ दो लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** चोरी की ट्रैक्टर के साथ नबीनगर पुलिस द्वारा दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान गया जिले के डुमरिया थाना क्षेत्र के पंकारा गांव निवासी प्रगास कुमार एवं अरूणजय कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि कुछ दिन पहले थाना क्षेत्र से एक ट्रैक्टर चोरी गई थी जिसमें मामला दर्ज की गई थी। इसके बाद से चोरी गई ट्रैक्टर को विभिन्न स्त्रोतों से खोजबीन की जा रही थी, इसी क्रम में गया जिले से ट्रैक्टर बरामद किया गया और साथ ही मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत दोनों को जेल भेज दिया गया।

# जलजमाव से गंज मोहल्ला के लोग हलकान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अभी बारिश का मौसम ठीक से शुरू भी नहीं हुआ और शहर में कई जगहों पर जल-जमाव की स्थिति बन गई है। अचानक मौसम के बदलाव के कारण जहां एक ओर शहरवासियों ने राहत की सांस ली और ठंडी हवाओं के साथ खुशनुमा मौसम का आनंद लिया, वहीं दूसरी ओर गंज मोहल्ले के निवासियों के लिए यह बारिश मुसीबत बनकर आई। क्षेत्र में घंटों तक जलजमाव की स्थिति बनी रही, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो गया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह कोई नई समस्या नहीं है, बल्कि हर साल मानसून की शुरुआत के साथ ही इसी तरह की स्थिति उत्पन्न होती है। नागरिकों ने बताया कि नालियों की सफाई समय पर नहीं होती और जहां कहीं होती भी है, वह केवल औपचारिकता तक सीमित रहती है। इसका नतीजा यह होता है कि थोड़ी सी बारिश में ही पानी सड़कों पर भर जाता है और आवागमन बाधित हो जाता है। एक स्थानीय दुकानदार ने कहा हर साल हम यही झेलते हैं। जलजमाव से आने-जाने में पूरा कपड़े गंदे व मैले हों जाते है। वहीं दुकानें बंद करनी पड़ती है। वहीं, मोहल्ले की एक बुज़ुर्ग ने बताया कि उनके घर के सामने घुटनों तक पानी भर गया, जिससे घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया। लोगों की मांग है कि नालियों की नियमित और गहन सफाई करवाई जाए, जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाए और बारिश से पहले ही सभी जरूरी तैयारी पूरी की जाए ताकि हर साल की तरह इस बार फिर लोगों को परेशानी न झेलनी पड़े।

# बाल संसद चुनाव सम्पन्न, परिणाम आज होंगे घोषित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के मध्य विद्यालय गुलाब बिगहा में प्रधानाध्यापक विश्वजीत कुमार के निर्देशन में बाल संसद गठन हेतु ईवीएम ऐप के माध्यम से मतदान संपन्न हुआ। सोमवार को हुए मतदान के द्वारा सात पदों एवं उसके उपपदों जिसमें प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री, जल एवं पर्यावरण मंत्री, खेल व सांस्कृतिक मंत्री, पुस्तकालय मंत्री और बाल सुरक्षा मंत्री के लिए कक्षा 6 से 8 के बच्चे मतदाता के रूप में बारी-बारी से अपना मतदान किया। मतदान का परिणाम अगले दिन घोषित करने के पश्चात



विजेता उम्मीदवारों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाना है। इस मतदान प्रक्रिया में मतदानकर्मी के रूप में विद्यालय के शिक्षिका निशा शॉ, रंजू कुमारी, शिक्षक धर्मेंद्र कुमार, रजनीश कुमार, शाहबाज आलम तथा सहायक मतदानकर्मी के तौर पर बगल के कन्या उर्दू मध्य विद्यालय केराप से आए शिक्षिका नूरजहां, तयबा खातून एवं श्रेया ने अपना सहयोग प्रदान किया। उपरोक्त बाल संसद के गठन और चुनाव की समस्त प्रक्रिया पिरामल फाउंडेशन के प्रखंड समन्वयक अनामिका जांगिड़ और मास्टर ट्रेनर अभय कुमार की देख- रेख में पूरी की गई। श्री कुमार ने बताया कि इस मतदान में भाग लेकर बच्चे संसदीय प्रणाली एवं चुनाव प्रक्रिया को बेहतर तरीके से समझ सकेंगे।

# नफरत फैलाने के मंसूबा को करना होगा चकनाचूर : भाकपा माले

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भाकपा माले का पकड़ी, कतिरा, चंदवा, मौलाबाग में सम्मेलन रविवार देर रात संपन्न हुआ। उद्घाटन भाषण भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य व आरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी क्यामुद्दीन अंसारी ने किया। इस दौरान दिवंगत पार्टी नेता पारस राम की पत्नी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मेलन के मंच का नाम का. पारस राम मंच रखा गया था। अध्यक्षता तीन सदस्यीय अध्यक्ष मंडल में शामिल मिल्टन कुशवाहा उर्फ अशोक सिंह, धीरेन्द्र आर्यन और हरिनाम राम ने किया। संचालन सुधीर सिंह ने की। मुख्य अतिथि पार्टी पॉलित ब्यूरो सदस्य स्वदेश भट्टाचार्य थे। उद्घाटन भाषण करते हुए भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने पकड़ी, कतिरा, चंदवा, मौलाबाग इलाके के जनता के सवालों को उठा कर संघर्ष करते हुए पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चंदवा हाउसिंग सहित शहर की सभी सड़कें जर्जर हो चुकी है। जिसकी सारी जिम्मेवारी वर्ष 2000 से भाजपा के विधायक रहे अमरेन्द्र प्रताप सिंह और आरा नगर निगम की है। हमें इन सवालों पर संघर्ष कड़ा कर तथा पेयजल में ब्याप्त भ्रष्टाचार और साफ-सफाई पर उठाते हुए संघर्ष करते हुए पार्टी को मजबूत करना है। मुख्य अतिथि स्वदेश भट्टाचार्य ने कहा कि हमें कतई सेना का अपमान मंजूर नहीं। उन्होंने सुफिया कुरैशी को आतंकवादीयों की बहन बताने वाले मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की। वहीं आतंकवाद के खात्मे के लिए खड़ा होना होगा तथा फासीवादी हुकुम्मत के द्वारा उन्माद और नफरत फैलाने के मंसुबे को चकनाचूर करना होगा। स्वदेश भट्टाचार्य ने 2025 के विधानसभा चुनाव में आरा में भाकपा माले को विजयी बना कर महागठबंधन की बिहार में सरकार बनाने का पुरी पार्टी कतार से आह्वान किया। इस सम्मेलन में प्रो चिंटु कुमारी, दिलराज प्रीतम ने भी संबोधित किया। झंडोतोलन वरिष्ठ माले नेता यदुनंदन चौधरी ने किया। संस्कृतकर्मी कृष्णनंदन कृष्णेन्दु भी मौजूद थे। सम्मेलन से मिल्टन कुशवाहा उर्फ अशोक सिंह को इस इलाके का पार्टी सचिव चुना गया।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.**

**SHORT NOTICE INVITING TENDER**

**Tender Ref. No.-07/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2025-26**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 03.06.2025 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 05.06.2025 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 05.06.2025 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Repair of Middle School, Latpauri Under Block Mohammadganj, Palamu. | 17,56,350.00 | 36000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 2. | Construction of Boundary Wall in Girls High School, Panki | 34,91,300.00 | 70000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 3. | Construction of P.C.C Road From REO Beharatand Road to Dipauwa Road under Block Patan, Palamu. | 32,44,300.00 | 65000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 4. | Construction of Washing Shed and Platform at Sadar Hospital at Daltonganj, Palamu. | 9,00,400.00 | 18500.00 | 1250.00 | 02 Months |
| 5. | Construction of First Class Veterinary Hospital Building at Bishrampur, Daltonganj, Palamu. | 31,20,000.00 | 64000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 6. | Repairing Work of Perimeter Wall at Central Jail, Medininagar. | 23,33,550.00 | 48000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 7. | Laying of Paver Block from Office to Main Gate in District Forest Office, Daltonganj, Palamu. | 24,99,800.00 | 50000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 8. | Construction of Boundary Wall, Main Gate, Vehicles Shed and P.C.C Path in the Campus of Labour Office Building at Redma, Daltonganj, Palamu. | 24,99,100.00 | 50000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 9. | Construction of Guard Wall, Paver Block, Railing Work and Partition Wall at Campus of Fishery office Building Daltongnaj, Palamu. | 15,38,700.00 | 32000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 10. | Renovation of Old Circuit House, Palamu. | 40,60,200.00 | 81000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 11. | Construction of Gazebo with glass Enclosure in D.C Palamu Residence at Daltonganj. | 7,39,500.00 | 15000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 12. | Renovation of Server Room, Civil Court, Palamu at Daltonganj. | 7,33,800.00 | 15000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 13. | Renovation and Roof Treatment of PDJ, Palamu Residence at Daltonganj, Palamu. | 17,92,700.00 | 36000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 14. | Renovation of Barrack 1, Barrack 2 and Construction of Bike Shed in S.P, Palamu Residence Campus at Daltonganj. | 19,25,300.00 | 39000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 15. | Construction of Barrack Boundary Wall, Soak Pit, PCC Flooring, Landscaping and Deep Boring in IG, Palamu Residence at Daltonganj, Palamu. | 22,95,600.00 | 46000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 16. | Installation of Deep Bore Well with submersible in the Campus of SC/ST Welfare Hostel, Daltonganj, Palamu. | 2,93,500.00 | 6000.00 | 750.00 | 15 Days |

निविदा में परिमाण विपत्र क्रय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन करना अनिवार्य होगा।

- परिमाण विपत्र क्रय हेतु सत्यापित निबंधन पत्र, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र (उपायुक्त द्वारा निर्गत हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा जो कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के नाम से भुगतेय होगा, जो निविदा सूचनापरांत तिथि से निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा परिमाण विपत्र क्रय की जाती है तो इस आशय का शपथ पत्र मूल में संलग्न करना आवश्यक होगा।
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

**Executive Engineer,**
**Building Division, Daltonganj.**

**PR 352921 (Building)25-26*D**


# क्षेत्र में नहीं रूक रही बाइक चोरी की घटनाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** अंबा थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही है। चोर दिन-दहाड़े चौक-चौराहों और प्रखंड मुख्यालय में चोरी की घटनाओं को बेखौफ होकर अंजाम दे रहे हैं। सोमवार की दोपहर चोरों ने अंबा चौक से महज कुछ दूरी पर व्यवसायी प्रदीप कुमार गुप्ता के दरवाजे पर खड़ी बाइक को उड़ा लिया। व्यवसायी ने बताया कि उन्होंने तीन वर्ष पूर्व मधुबनी जिले अंतर्गत गुल पाड़ा थाना क्षेत्र के बेलहा गांव निवासी मिथिलेश कुमार से बाइक खरीदी थी। सोमवार की दोपहर उन्होंने अपनी बाइक दरवाजे पर खड़ी की थी। अंबा चौक की तरफ से बाइक पर सवार होकर दो चोर आए। उनमें से एक चोर बाइक से उतरा और उनका बाइक लेकर फरार हो गया। व्यवसायी ने अंबा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। हालांकि चोरी की घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है। पुलिस चोरों की गिरफ्तारी के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# एसडीपीओ ने थानों का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह ने रविवार- सोमवार की देर रात्रि शाहपुर, बिहिया व जगदीशपुर थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने गश्ती गाड़ी और डायल 112 का भी अवलोकन किया और पुलिस पदाधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। एसडीपीओ ने पुलिस पदाधिकारियों को वर्दी में रहने, ड्यूटी पर उपस्थित रहने, गश्ती रजिस्टर मेंटेन रखने, रात्रि गश्ती पर ध्यान देने, लंबित मामलों की निष्पादन शीघ्र करने और



स्टेशन डायरी अपडेट रखने का निर्देश दिया। वहीं एसडीपीओ ने कहा कि किसी भी पुलिस पदाधिकारी की मनमानी या उदासीनता सामने आने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# कुशल युवा कार्यक्रम के तहत शिक्षा पा लाभान्वित हो रहे छात्र



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के गोरडीहा पंचायत के मई गांव में एआरसीसी के द्वारा कुशल युवा कार्यक्रम को लेकर कैंप के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। पंचायत के मुखिया विजय कुमार सिंह ने पंचायत के छात्र-छात्राओं को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन में शिक्षा अति आवश्यक है, शिक्षा के बिना कोई भी मनुष्य जानवर के समान है। मुखिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कुशल युवा कार्यक्रम के द्वारा निःशुल्क कंप्यूटर और अंग्रेजी का शिक्षा दिया जाएगा। साथ ही मुखिया ने शिक्षा को लेकर जागरूक के साथ बच्चो को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के युग में अंग्रेजी और कंप्यूटर हर एक विद्यार्थियों को सीखना अति आवश्यक है, इसलिए सरकार द्वारा यह योजना चलाई जा रही है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र में 10वीं एवं 12वीं पास छात्रों को कुशल युवा प्रोग्राम में अपना नामांकन कराकर कंप्यूटर और अंग्रजी विषय की पढ़ाई कर सकें। संचालक परवेज आलम व इरफाम आलम ने बताया कि कुशल युवा प्रोग्राम के द्वारा तीन महीने का कोर्स अंग्रेजी और कंप्यूटर का दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वातानुकुलित वातावरण में किताब भी संस्थान द्वारा मुहैया करायी जायेगी।

# शिक्षिका के साथ विद्यालय में मारपीट, प्राथमिकी

**गोह (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** प्रखंड के बंदेया उत्क्रमित उच्च विद्यालय की प्राथमिक वर्ग की शिक्षिका कुमारी शोभा भारती ने अपने ही विद्यालय के शिक्षकों पर एससी-एसटी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है। मामले में बताया जाता है कि 16 मई को शिक्षक राजेश कुमार, रीता कुमारी, राजेश चौबे व खालिदा अख्तरी ने जातिसूचक गालियां देते हुए हमें अपमानित किया। जब पीड़िता ने मना किया तो चारों ने धमकी देते हुए कहा कि दो मिनट में गायब करवा दूंगा किसी को पता नहीं चल सकेगा। इसी बीच महिला शिक्षिका रीता व खालिदा ने गंदी गालियां देते हुए मारपीट की घटना को अंजाम दिया। वहीं शिक्षक राजेश कुमार ऊंची आवाज में अभद्र भाषा का प्रयोग कर मारने के लिए दौड़ पड़े जिससे पीड़िता घबराकर बेहोश होकर गिर पड़ी। परिजनों को सूचना मिलने पर पीड़िता शिक्षिका को पीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से बेहतर इलाज हेतु मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया। इस संबंध में पीड़िता शिक्षिका ने एससी-एसटी थाना औरंगाबाद में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### वंदे भारत की चपेट में आने से एक युवक की मौत

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना गया रेल खंड के तारेगना रेलवे स्टेशन और छोटकी मसौढ़ी हॉल्ट के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस के चपेट में आने से एक 13 वर्ष किशोर की मौत मौके पर ही हो गई है। मृतक की पहचान आशीष कुमार उम्र 13 वर्ष पिता सतेंद्र पासवान डी मसौढ़ी का बताया जाता है। रेल थानाध्यक्ष राजू दुबे ने बताया की पीजी रेलखंड में तड़के सुबह ट्रेन नंबर 21896 वंदे भारत एक्सप्रेस के चपेट में आ जाने से एक किशोर की मौत हो गई है। मृतक की पहचान हो गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है, थाने में यूडी केस दर्ज की गई हैस घटना के वक्त किशोर कहां जा रहा था किस रूट में था इस पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। बहरहाल वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पटना के बाद इसका ठहराव कहीं नहीं है ऐसे में तेज रफ्तार की ट्रेन की चपेट में आने से किशोर की मौत होना माना जा रहा है।

### रजनीश हत्याकांड में संलिप्त आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लहसुना थाना क्षेत्र के उस्मानचक गांव के रजनीश हत्याकांड में फरार चल रहे एक और अपराधी को लहसुना पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार किया है। उसका नाम राधा कुमार उर्फ राकी उर्फ राधेश्याम कुमार है। थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि बीते 1 अप्रैल को थाना क्षेत्र के उस्मानचक गांव में रजनीश कुमार पिता अजीत कुमार को कुल पांच लोगों ने प्रेम प्रसंग मामले में निर्मित हत्या कर शव आर पाईन के पास फेंक दिया था, मृतक के पिता के बयान पर कुल पांच लोगों पर थाने में केस दर्ज की गई थी जहां अब तक चार लोगो की गिरफ्तारी भी हो चुके हैं एक और फरार अपराधी की गिरफ्तार की छापरारीकी जा रही है।

### नवनियुक्त 120 से अधिक बीपीएससी शिक्षकों ने किया योगदान

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बीपीएससी शिक्षक बहाली के तीसरे चरण में नियुक्त शिक्षक बीआरसी से औपबंधिक नियुक्ति पत्र, योगदान पत्र और विद्यालय पदस्थापन पत्र प्राप्त करने के बाद अपने आवंटित विद्यालय में योगदान किया।



नियुक्ति पत्र नवनियुक्त शिक्षकों को विपरीत कर विभागीय के निर्देशानुसार आवंटित विद्यालय में 15 में से 31 मई में तक योगदान करने का निर्देश दिया गया था। नव नियुक्त शिक्षकों के योगदान के बाद अब कई विद्यालयों में एक ही विषय के एक से अधिक शिक्षक पद स्थापित हो गए हैं। क्योंकि कुछ विषय के पहले से शिक्षक कार्यरत थे, फिर भी टीआरई 3 में नियुक्त शिक्षकों को उसी विद्यालय में पद स्थापित कर दिया गया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र ठाकुर ने बताया की 1-5 में 29 शिक्षक,6-8 में 52, 9 -10 में 23, 11 12 में 6 शिक्षक कुल 178 शिक्षकों में 120 शिक्षकों ने अपने विद्यालय में योगदान दिया है। जो 31 सभी नवनियुक्त शिक्षकों को 31 मई तक अपने-अपने आवंटित विद्यालयों में योगदान कर लेना है।

### दहेज मामले में 3 साल की सजा

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी सिविल कोर्ट मे प्रथम श्रेणी दंडाधिकारी नविन कुमार की कोर्ट में दहेज मामले में अभियुक्त को 3 साल 1 महीने की सजा सुनाई गई है। दरअसल पुनपुन थाना कांड संख्या 58/22 के तहत के धननी केवड़ा पोठही के रहने वाले प्रमोद कुमार पिता विष्णुदेव राय पर दहेज मामले का केस चल रहा था, जहां जीआर नंबर 245/ 22 के तहत धारा 325,498 के अलग अलग धाराओ में मामले में प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी नवीन कुमार ने 3 वर्ष एक महीना की सजा सुनाई गई है। इसके आयोजन पदाधिकारी भारत जि. रहे हैं।

### आपसी विवाद में महिला घायल

**सिसवन/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार की सुबह गांव में आपसी विवाद के दौरान हुई मारपीट में एक महिला घायल हो गई। घायल महिला की पहचान गांव निवासी प्रदीप शर्मा की पत्नी कविता देवी के रूप में हुई है। उन्हें इलाज के लिए सिसवन रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। पीड़िता ने घटना की जानकारी सिसवन थाने को दी है।

### बाइक की ठोकर से अधेड़ घायल

**सिसवन/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** माझी-रघुनाथपुर मुख्य मार्ग पर सोमवार दोपहर सड़क पार करते समय एक अधेड़ व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और फरार हो गया। घायल की पहचान भागर गांव निवासी श्रवण महतो के रूप में की गई है। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सिसवन रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

### आपसी विवाद में युवक घायल

**चैनपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार सुबह मुबारकपुर गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक युवक घायल हो गया। घायल युवक की पहचान पवन कुमार महतो के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। बाद में युवक को रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया। घायल ने चैनपुर थाने में घटना की सूचना दी है।

### बाइक असंतुलित होकर गिरी, युवक घायल

**सिसवन/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** माझी-रघुनाथपुर मुख्य मार्ग पर सोमवार सुबह बाइक का संतुलन बिगड़ने से एक युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के गभिरार गांव निवासी मंजेश कुमार साह के रूप में की गई है। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार किया गया।

### शराब के नशे में बाइक चलाने वाला गिरफ्तार

**चैनपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार देर शाम चैनपुर बाजार में शराब के नशे में बाइक चला रहे संजीत कुमार (निवासीः बघौना गांव) को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। चैनपुर पुलिस ने शराबबंदी कानून के तहत कार्रवाई करते हुए सोमवार को उन्हें सिवान न्यायालय में प्रस्तुत किया।

### मुख्यमंत्री से जदयू के राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य राकेश सिंह पटेल की शिष्टाचार भेंट

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को जनता दल (यूनाइटेड) की राजनीतिक सलाहकार समिति के सक्रिय सदस्य एवं सीवान निवासी राकेश सिंह पटेल ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से एक अणे मार्ग स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान श्री पटेल ने मुख्यमंत्री के साथ सीवान जिले में चल रही विकास योजनाओं एवं भावी संभावनाओं को लेकर सकारात्मक चर्चा की। ज्ञात हो कि राकेश सिंह पटेल जमीनी स्तर से जुड़े एक सक्रिय राजनीतिक कार्यकर्ता हैं, जो सीवान में युवाओं के बीच खासे लोकप्रिय हैं। वे जनसरोकारों को सरकार तक पहुँचाने में लगातार अहम भूमिका निभाते रहे हैं। सीवान के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और दूरदर्शी सोच को मुख्यमंत्री ने सराहा। इस दौरान श्री पटेल ने मुख्यमंत्री को जिले के वर्तमान राजनीतिक हालात, विकास की संभावनाओं और संभावित दूरगामी प्रभावों की भी जानकारी दी। वे जदयू के समर्पित कार्यकर्ता हैं और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निकट सहयोगियों में गिने जाते हैं।

### डॉ नागेश्वर सिंह की पुण्यतिथि आयोजित

**मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड क्षेत्र के कवलपुरा गांव निवासी व प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ नागेश्वर सिंह की 30वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रसिद्ध चिकित्सक स्व डॉ नागेश्वर सिंह इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। स्व डॉ नागेश्वर सिंह के पौत्र डॉ चन्द्रशेखर सिंह एवं डॉ कविता सिंह ने मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के मशरक जंक्शन के पास अवस्थित क्लीनिक पर पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। वहीं आए मरीजों को स्वास्थ्य जांच शिविर के माध्यम से सेवा दी गई। वही प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ नागेश्वर सिंह क्षेत्र के लोगों के लिए चिकित्सा क्षेत्र में भगवान थे। उन्होंने इलाके के लोगों की भरपूर सेवा की हैं। उन्होंने चिकित्सा के क्षेत्र में जो मुकाम स्थापित किया। वह काबिले तारीफ काम हैं। उन्होंने कहा कि उनके पौत्र डॉ चन्द्रशेखर सिंह और डॉ कविता सिंह को भी उनके आदर्श चिन्हों पर चलना चाहिए और उनके गरीब और असहाय लोगों के इलाज के सपने को साकार करना चाहिए।

### पूर्व शराब कांड का फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र में पूर्व शराब कांड मामले में फरार चल रहे अभियुक्त परशुराम गिरि के पुत्र अंकित गिरि को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह केसरी मठिया गांव का निवासी है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# वैशाली में मतदान प्रतिशत में हुई वृद्धि, वीटीआर और बढ़ाने के लिए करें सामूहिक पहल : निर्वाचन आयुक्त

## मिलकर चुनाव प्रक्रिया को सहभागिता पूर्ण बनाएं : निर्वाचन आयुक्त





**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अपने चार दिवसीय बिहार दौरे के क्रम में निर्वाचन आयुक्त डॉ विवेक जोशी ने आज वैशाली में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2025 की तैयारियों एवं निर्वाचक सूची संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के निर्वाचन आयुक्त के साथ बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री विनोद गुंजियाल, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा, पुलिस अधीक्षक श्री ललित मोहन शर्मा , उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अशोक प्रियदर्शी, राज्य मीडिया नोडल ऑफिसर श्री कपिल शर्मा एवं वैशाली जिला के सभी आठ विधानसभा क्षेत्र के आरओ उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा ने निर्वाचन आयुक्त का स्वागत करते हुए पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बिहार विधानसभा चुनाव की जिला प्रशासन की तैयारियों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि यहां कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 2592 है। उन्होंने जानकारी दी कि वैशाली जिला में पर्याप्त संख्या में वैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट उपलब्ध है। कहा कि 31 मई से ईवीएम का फर्स्ट लेवल चेकिंग का कार्य शुरू हो जाएगा, जो 22 जून तक पूरा कर लिया जाएगा। इसमें ईसीआईएल के 14 इंजीनियर कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि एआरओ और बीएलओ का प्रशिक्षण कार्य भी हो रहा है। 24 ब्लॉक लेवल ऑफिसर का दिल्ली में प्रशिक्षण हो चुका है। उन्होंने बताया कि 2019 लोकसभा आम चुनाव के दौरान हाजीपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत 55.82% था, जो लोकसभा चुनाव 2024 में बढ़कर 58.18% हो गया। इसी तरह पिछले लोकसभा चुनाव 2025 के दौरान सभी आठ विधानसभा क्षेत्र में वोटर टर्न अप में बढ़ोतरी हुई है। इस पर निर्वाचन आयुक्त ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह वैशाली जिले की अच्छी उपलब्धि है तथा इसे और भी बढ़ाने के लिए सामूहिक पहल किया जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर छह कोषांग गठन कर लिया गया है तथा वनरेबेल मैपिंग को अंतिम रूप दिया गया है। समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री ललित मोहन शर्मा ने जिला पुलिस प्रोफाइल के बारे में जानकारी दी। निर्वाचन आयुक्त ने कुछ बूथ लेवल ऑफिसर के साथ इंटरेक्शन कर उनका फीडबैक लिया। निर्वाचन आयुक्त ने निर्देश दिया कि निर्वाचक सूची में से मृत व्यक्तियों का नाम हटाया जाए। इसके लिए जिला सांख्यिकी पदाधिकारी से लिस्ट लेकर मिलान कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में अधिक से अधिक मतदाताओं की सहभागिता के लिए सभी मिलकर प्रयास करें। यह जरूरी है। बैठक में हाजीपुर विधानसभा क्षेत्र के आरओ एडीएम विनोद कुमार सिंह, वैशाली विधानसभा क्षेत्र के आरओ डीसीसी श्री कुंदन कुमार, राघोपुर विधानसभा क्षेत्र के आरओ एसडीएम श्री रामबाबू बैठा , महुआ विधानसभा क्षेत्र के आरओ एसडीएम महुआ श्री किसलय कुशवाहा, महनार विधानसभा क्षेत्र के आरओ एसडीएम महनार श्री नीरज सिंहा , लालगंज विधानसभा क्षेत्र के आरओ डीसीएलआर हाजीपुर श्रीमती सोनी कुमारी, राजापाकर विधानसभा क्षेत्र के आरओ डीसीएलआर महनार मेघा कश्यप तथा पातेपुर विधानसभा क्षेत्र के आरओ डीसीएलआर महुआ खुशबू पटेल के साथ जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी श्री नीरज मौजूद रहे।

## मसौढ़ी एवं धनरूआ में नवगठित बीस सूत्री सदस्यों एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक

### विकास कार्यों का खाका किया तैयार





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार को नवगठित बीस सूत्री प्रखंड कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की पहली बैठक आयोजित मसौढ़ी एवं धनरूआ प्रखंड में की गई। बैठक में सदस्यों का परिचय, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और समस्याओं के समाधान की दिशा में पहल की बात हुई। प्रखंड में नल जल योजना, बिजली की समस्या व अन्य समस्याओं पर चर्चा किया गया, मसौढ़ी बैठक में प्रमुख सद्दाम, बीडीओ प्रभाकर कुमार, सीओ, एमओ, सीडीपीओ, अर्चना कुमारी, पीओ,बीऐओ, समेत जदयू अध्यक्ष सुनील वर्मा, उपाध्यक्ष आशिष देव सहित कई अन्य सदस्य बैठक में उपस्थित रहे।वही धनरूआ में प्रमुख बबीता देवी, बीडीओ सीमा कुमारी, ऐडिएसओ निर्भय कुमार समेत जदयु अध्यक्ष वेद प्रकाश,उपाध्यक्ष सतिश कुमार शामिल रहे। जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा ने कहा कि सरकार ने हम पर भरोसा किया है, बीस सूत्री के माध्यम से क्षेत्र की समस्याओं को उचित सरकारी प्लेटफार्म पर उठाने,जनता के हक व उन्हे मदद करने तथा क्षेत्र का संपूर्ण विकास के लिए बीस सूत्री को बनाया है. बीस सूत्री उपाध्यक्ष आशिष देव ने कहा कि प्रखण्ड क्रियान्वयन समिति प्रखण्ड विकास कार्यालय से कदम मिलाकर चलेगा. जनता की समस्याओं के लिए वे हर सम्भव जन समस्याओं के उचित समाधान की कोशिश करेंगे। मसौढ़ी बैठक में मों मेराज,गोल्डी, संजय केसरी,धनरूआ बैठक मे भी सभी सदस्य एवं पदाधिकारी शामिल रहे।

## थाने में समझौता के दौरान गाली गलौज मारपीट, चली गोली, एक गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के शिवरामपुर गांव में बीते 15.05. 2025 को आपसी विवाद में दो पक्ष में जमकर मारपीट हुई थी, जिसको लेकर थाने में संजय यादव पिता शिवजी प्रसाद ने केस दर्ज करवाया था, उसी को लेकर बीते रविवार को समझौता करने के लिए दोनों पक्षों को बैठाया गया था, इसी दौरान दोनों में तीखी नोकझोंक और बहस हो गई और फिर मारपीट गलौज शुरू हुआ उसी के दौरान फायरिंग भी की गई है। थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया की.गोलू यादव उम्र 25 वर्ष पिता रामाश्रय प्रसाद, रामाश्रय यादव ग्राम शिवरामपुर एवं अन्य अज्ञात द्वारा घर पर गाली गलौज करते हुए फायरिंग किया गया है।

## मुजफ़्फरपुर जिले में करीब 1500 स्थानों पर आयोजित हुआ महिला संवाद

### तीन लाख से ज्यादा महिलाएं हुई सम्मिलित 16 हजार आकांक्षाओं का हुआ निवारण

**मुजफ्फरपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का प्रचार प्रसार करते हुए महिला संवाद का कार्यक्रम मुजफ्फरपुर जिले में अब तक 1500 स्थान पर आयोजित हो चुका है. इसमें करीब तीन लाख से ज्यादा महिलाएं शामिल हुई हैं.जिनकी छोटी-छोटी समस्याएं दर्ज कर जिलाधिकारी के माध्यम से बिभागो में भेजी जा रही हैं. जिलाधिकारी के नेतृत्व में जन आकांक्षाओं के निवारण के लिए लगातार समीक्षा की जा रही हैं. अब तक सभी विभागों के द्वारा 16 हजार आकांक्षाओं का निवारण होगा चूका है. पेंशन शौचालय, आवास, आंगनबाड़ी जैसी समस्याएं इसमें प्रमुख है.ज़िले में चल रहे महिला संवाद कार्यक्रम में अलग अलग प्रखंड में अलग अलग ग्राम संगठनों में महिलाओं से आकांक्षाएं ली जा रही हैं। अधिकतर आकांक्षाएं ग्रामीण मुद्दों पर ही आ रही हैं। गांव में बैंक, सड़क, सोलर लाइट, सोखता, नल जल सुदृढ़ीकरण, लाइब्रेरी, विवाह भवन, सामुदायिक भवन, जीविका भवन महिला सुरक्षा आदि प्रमुख है। बोचहा प्रखंड के देवगन पंचायत के आदर्श जीविका महिला ग्राम संगठन में आयोजित महिला संवाद में ग्राम संगठन की कुंती देवी ने कहा कि जीविका से जुड़ कर हमलोग को बहुत कुछ मिला है। हमलोगों को अब लोन के लिए साहूकार के पास नहीं जाना पड़ता है। हमलोग लोन ले कर अपनी जरूरत को पूरी करते हैं छोटे मोटे किराना दुकान, गाय पालन, बकरी पालन, खेती किसानी करते हैं। सड़क, स्कूल, शौचालय सब कुछ मिल गया है। हमलोग नहीं पढ़े लेकिन अपने बच्चों को पढ़ा रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि हमलोग को राशन चार किलो ही मिल पाता है इसको अब प्रति व्यक्ति दस किलो कर देना चाहिए। अन्य दीदियों ने मांग करते हुए कहा कि हमलोग बैठल रहते हैं सभी महिलाओं को रोजगार मिलना चाहिए। पूछे जाने पर कुछ दीदियों ने कहा कि मनरेगा में मजदूरी किए हैं और करना चाहते हैं। उपस्थित दीदियों ने कहा कि मनरेगा में मजदूरी बहुत कम मिलता है। मजदूरी बढ़ा कर कम से कम पांच सौ रुपए कर देना चाहिए। महिलाओं ने बताया कि गाँवो में कुछ स्थान सुरक्षित नहीं है यहां महिलाओं के साथ छेड़ छाड़, चोरी, चिंतै की घटना होती रहती है। यहां पर सुरक्षा के लिए पुलिस एवं महिला पुलिस की व्यवस्था होनी चाहिए। उपस्थित दीदियों ने गांव में खेल मैदान, बिजली बिल माफ, पंचायत में बच्चों की पढ़ाई के लिए आवासीय विद्यालय खोलने की मांग की। ज़िले के 16 प्रखंड के कुल 58 ग्राम संगठनों में ऐसे ही कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं महिलाएं की अपेक्षाएं ली गई। साथ ही बाल विवाह एवं महिला हिंसा के विरोध शपथ दिलाई गई।

## मुकेश टेंट हाउस में हुई 10 लाख के सामान की चोरी जांच में जुटी पुलिस

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिते शुक्रवार की देर रात को पटना गया फोरलेन पर मसौढी थाना क्षेत्र के गोपालपुर मठिया के पास में मुकेश टेंट हाउस से ताला तोड़कर 10 लाख का सामान चोरी कर लिया गया था। इस मामले में मसौढ़ी पुलिस से ओकरी से चोरी का सामान को बरामद किया है। चोरी के बरामद सामान में दो जनरेटर डायनेमो, स्टेबलाइजरस एमप्लीफायर, मिक्सर मशीन, एक साउंड बॉक्स, 24 लाइट, स्टैंड फैन आदि सामान है। दरअसल बताया जाता है की ओकरी पुलिस एक चोरी के मामले में अलगाना मोड काको से मोनू शर्मा पिता निरंजन शर्मा को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी की सूचना जब मसौढ़ी पुलिस को लगी तो वह भी अपने चोरी के मामले में जांच करने पहुंचे थे जांच पड़ताल के द्वारा मोनू शर्मा ने बताया यह चोरी मसौढ़ी में फोरलेन पर किए थे ।

## कृषि अनुसंधान परिसर पटना द्वारा कृषि मानकीकरण को बढ़ावा देने हेतु राष्ट्रीय कार्यशाला एवं एफएडी 22 बैठक का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना द्वारा संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास के नेतृत्व में 'राष्ट्रीय मानकीकरण एवं कृषि पारिस्थितिकी तंत्र का एकीकरण' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला एवं खाद्य एवं कृषि अनुभागीय समिति की 19वीं बैठक का भी आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम में तकनीकी विचार-विमर्श और रणनीतिक चचाओं का समावेश रहा, जिनका उद्देश्य भारतीय कृषि पद्धतियों को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाना था। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास ने कृषि क्षेत्र में मानकीकरण की महत्ता पर बल देते हुए कहा- एफएडी 22 की 19वीं बैठक और कृषि मानकीकरण पर राष्ट्रीय कार्यशाला की मेजबानी करना हमारे लिए गौरव की बात है। मानकीकरण से कृषि प्रणाली में एकरूपता, गुणवत्ता की गारंटी तथा वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलता है। हमारा लक्ष्य किसान-केंद्रित, व्यावहारिक मानकों का विकास करना है, जो उत्पादकता के साथ-साथ सतत्ता और नवाचार को भी प्रोत्साहित करें। पूर्वाह्न सत्र में भारतीय मानक ब्यूरो, नई दिल्ली के वैज्ञानिक-सी एवं उपनिदेशक श्री देबाशीष माहालिक द्वारा 'भारतीय कृषि में मानकीकरण की कहानीः बीआईएस का दृष्टिकोण' विषय पर तकनीकी व्याख्यान दिया गया। इसके उपरांत 'कृषि परीक्षण पारिस्थितिकी तंत्रः एक हितधारक परिप्रेक्ष्य' विषय पर केस स्टडी आधारित एक व्यावहारिक सत्र का आयोजन गया, जिसमें आईएआरआई पटना हब के छात्र उपस्थित थे। इस चर्चा का उद्देश्य संस्थानों, उद्योगों और किसानों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना और मानकों के प्रभावी कार्यान्वयन पर बल देना था। साथ ही, एफएडी 22 की 19वीं कीऔपचारिक बैठक की अध्यक्षता माननीय कुलपति, विश्व भारती विश्वविद्यालय, डॉ. पी. के. घोष ने वर्चुअल माध्यम से की और इसका समन्वयन श्री देबाशीष माहालिक, वैज्ञानिक सी एवं उपनिदेशक, भारतीय मानक ब्यूरो, नई दिल्ली ने किया` इस सत्र का एक प्रमुख निष्कर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक मानकीकरण कार्यक्रम का अंतिम रूप देना रहा, जिसमें समेकित कृषि प्रणाली, कंटकहीन कैक्टस उत्पादन, वाडी प्रणाली, एग्री-वोल्टाइक सिस्टम, समेकित पोषक तत्त्व प्रबंधन तथा इंडिया जैसे प्रमुख विषय शामिल थे।

## बाजितपुर गांव में माली राकेश कुमार की हत्या मामले में पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों की गिरफ्तार

**बिहटा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के बाजितपुर गांव में बीते 16 मई रात्रि को राकेश कुमार नामक युवक को चार बदमाशों ने मिलकर गोली मारकर हत्या कर दिया था। हत्या के मामले में मृतक के बड़े भाई मुकेश कुमार ने कुणाल सिंह, भोला , प्रियांशु और पवन कुमार के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करवाया था। पुलिस ने चारों फरार आरोपियों में से दो आरोपी कुणाल कुमार व प्रियांशु सिंह को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। घटना में उपयुक्त हथियार को पुलिस अब तक बरामद नहीं कर सकी है। वहीं हत्या मामले में फरार भोला और पवन की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी में जुटी गई है।थानाध्यक्ष राजकुमार कुमार पांडेय ने बताया कि बीते 16 मई को बाजितपुर गांव में राकेश कुमार की गोलीमार मारकर हत्या कर दी गई थी।नामजद आरोपी कुणाल कुमार व प्रियांशु कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है।कुणाल कुमार को पुलिस पटना के अथमलगोला से गिरफ्तार किया।जबकि प्रियांशु सिंह को उसके गांव बिहटा के बिशनपुरा के बगीचा से गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में बताया की घटना आपसी रंजिश को लेकर हुई थी ।जहां पहले विवाद राकेश कुमार और पवन के बीच में हुई उसके बाद कुणाल ,भोला और प्रियांशु भी घटना के दिन पहुंचा था। इसी विवाद को लेकर भोला ने राकेश कुमार के ऊपर दो गोली चला दी जिसके बाद सभी लोग मौके से फरार हो गया। घटना में फरार अन्य दो आरोपी भोला और पवन की गिरफ्तारी में पुलिस की टीम लगी हुई है।

## दो बच्चों से अधिक होने पर वार्ड पार्षद की सदस्यता रद्द करने की चुनाव आयोग से मांग

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद मसौढ़ी के वार्ड पार्षद राकेश कुमार इन दिनो सुर्खियों में हैं। वो वार्ड संख्या 17 के वार्ड पार्षद है। दरअसल इन पर दो से अधिक बच्चों का मामला प्रकाश मे आया है जिसको लेकर वार्ड पार्षद कुमारी प्रितिलता के पति रंजीत कुमार ने चुनाव आयोग को इस मामले पर लिखित सूचना और साक्ष्य के साथ दावा किया है की इनके दो से अधिक बच्चे है।ऐसे मे उन्होंने इनकी सदस्यता रद्द किया जाय, इसके अलावा तिसरे बच्चे के होने की सूचना भी छुपाई है जो कानूनन गलत है नगरपालिका अधिनियम का घोर उल्लंघन है। दरअसल, बिहार नगर पालिका अधिनियम 2007 की धारा 18 (1) (एम) के मुताबिक, अगर किसी नागरिक को 4 अप्रैल, 2008 के बाद तीसरी संतान हुई, तो वह नगरपालिका निर्वाचन में चुनाव नहीं लड़ सकता है।

## सात दिवसीय श्रीराम कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की जुटी भीड़



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गांधी मैदान मसौढी में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के अंतिम भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी, सुबह में हवन-पूजन व खीर प्रसाद का वितरण किया गया। संध्याकाल में कथा व्यास श्रीजगत गुरू रामानुचार्य गोविन्दाचार्य गुप्तेश्वर महाराज ने भगवान श्रीराम और भगवती सीता जी के विवाहोत्सव समारोह का बहुत सुन्दर वर्णन किये। सीता स्वयंवर में श्रीराम जी ने भगवान शंकर के धनुष को भंग कर और परशुराम जी के कोप को शांत कर सीता जी, राजा जनक जी और समस्त जकनपुर के लोगों को अत्यधिक प्रसन्नता प्रदान किये। तब राजा जनक ने राजा दशरथ जी को पत्र लिखकर बारात के साथ पधारने व श्रीराम जी के विवाह को सफल बनाने का आग्रह किये। दशरथ जी बडा बारात लेकर पहुंचें। आये तो थे श्रीराम-सीता जी के विवाह के उद्देश्य से। लेकिन वहां शेष तीन भाईयों का भी विवाह तय हो गया। इस तरह चारों भाइयों का एक साथ खूब धूमधाम विवाह संपन्न हो गए। विवाह के बाद राज दशरथ जब-जब अयोध्या के लिए प्रस्थान करना चाहते तब-तब राजा जनक आग्रहपूर्वक उन सभी को रोक लेते। इस तरह काफी दिन तक बारात जनकपुर में ही ठहरा रहा। अयोध्या में माताओं व अन्य सभी लोगों ने हर्षोल्लास के साथ चारों भाइयो का स्वागत किये। तरह कथा व्यास श्री गुप्तेश्वर महाराज ने सात दिनों में प्रथम सोपान बालकांड की कथा को पूर्ण किये। इसके बाद इस श्रीराम कथा को सफल बनाने में सहयोग करनेवाले सभी वोल्युन्टीयर्स, दान दाता से जुडे लोगों को सम्मानित किये गये। कार्यक्रम में आयोजन समिति के राहुल चंद्रा, डॉ सुधीर कुमार,डॉ सुनील गावस्कर, श्रीकृष्ण सिंह, विश्वरंजन, अधिवक्ता महेंद्र सिंह अशोक, रमाकांत रंजन किशोर, सोनी कुमारी, अजय शर्मा,डॉ निकेश नन्दन, आशा कुमारी, काजल सुमन सिन्हा, डॉ भास्कर, अनील सिंह, खुश्बूरानी, पालटन सिंह, बेबी कुमारी, रम्या, सत्या कुमारी, अमृत आनन्द,समेत सैकडों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए।

## एफएमडी एवं एलएसडी नियंत्रण हेतु टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज रनिया प्रखण्ड में खुरहा-चपका एवं गांठदार त्वचा रोग के नियंत्रण हेतु द्वि-मासीय टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। यह टीकाकरण कार्यक्रम 18 जुलाई 2025 तक चलेगा, जिसमें सभी बड़े पशुओं को एक साथ दोनों रोगों के विरुद्ध निःशुल्क टीका लगाया जाएगा। यह कार्यक्रम न केवल खूंटी जिले बल्कि झारखंड के सभी जिलों में एक साथ चलाया जा रहा है और पूरे देश में एकसमान रूप से आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान में जिले के सभी पशु चिकित्सकों, पैरा-वेट्स एवं टीकाकर्मियों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। अब तक कुल 10 डॉक्टर एवं 45 टीकाकर्मी इस अभियान में सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। टीकाकर्मियों को प्रत्येक पशु की ईयर टैगिंग, वैक्सीनेशन, ऑनलाइन पंजीकरण तथा पशुधन ऐप में डाटा अपलोड करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। खुरहा-चपका एवं गांठदार त्वचा रोग अत्यंत संक्रामक होते हैं, जिससे पशुपालकों को आर्थिक हानि उठानी पड़ती है। इसको देखते हुए यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है।



रनिया प्रखण्ड में आयोजित कार्यक्रम में जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. अभिमन्यु प्रसाद, अवर प्रमंडल पशुपालन पदाधिकारी डॉ. नवीन आर्य, टी.वी.ओ. रनिया डॉ. अनिल नायक सहित कुल 6 टीकाकर्मी उपस्थित रहे। जिला पशुपालन विभाग द्वारा सभी पशुपालकों से अपील की गई है कि वे अपने पशुओं का समय पर टीकाकरण अवश्य करवाएं, जिससे इन संक्रामक बीमारियों से बचाव किया जा सके। यह सेवा पूर्णतः निःशुल्क है।

## पुनपुन अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेले की तैयारी को लेकर एसडीएम ने की बैठक

### आगामी 06 सितंबर से 21 सितंबर तक चलेगा पितृपक्ष मेला



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी 06 सितंबर से अंतर्राष्ट्रीय पितृपक्ष मेले की शुरूआत होने जा रही है, जिसको लेकर पुनपुन में अनुमंडल प्रशासन की तैयारी चल रही है। ऐसे में सोमवार को तैयारी को लेकर एसडीएम अमित कुमार पटेल की अध्यक्षता में अनुमंडल कार्यालय में बैठक आहूत की गई जिसमें प्रखंड स्तर के सभी पदाधिकारी शामिल हुए ।एसडीएम अमित कुमार पटेल ने बताया अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेले में देश विदेश से आने वाले पिंडदानों को सभी तरह के सुविधाएं मिलेगी। पुनपुन घाट के अलावा जितने भी पहुंच पथ हैं सभी जगहो पर साफ सफाई बिजली पानी व्यवस्था की जाएगी,सुरक्षा को लेकर सभी जगहो पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। नियंत्रण कक्ष के अलावा इंक्वारी भी बनाया जाएगा। जिसको लेकर सभी अधीनस्थ पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी मान्नेद्र कुमार,सीओ ममता कुमारी, नगर पंचायत अध्यक्ष रितेश पटेल, पांडा समिति सचिव राकेश मिश्रा, मधुसूदन सिंह, मनीष कुमार,अरूण कुमार,आदी उपस्थित रहे।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### 800 ग्राम गांजा के साथ एक धराया

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आठ सौ ग्राम गांजा के साथ भीतहा थाने की पुलिस ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। वही तस्करी में प्रयुक्त बाइक को भी पुलिस ने जप्त किया है। भितहा थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि सोमवार को पुलिस बिनहीं चेक पोस्ट पर वाहन जांच कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक को जांच के लिए रोका गया ।जांच के क्रम में बाइक के डिक्की से 800 ग्राम गांजा बरामत किया गया। इस मामले में पुलिस ने राजेंद यादव को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में कांड अंकित कर गिरफ्तार गांजा तस्कर को न्यायिक रियासत में भेजा जा रहा है।

### हड़ताल खत्म काम पर वापस लौटे सभी पंचायत सचिव

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के सभी पंचायत सचिव हड़ताल खत्म कर दिए है। और सभी अपने काम पर लौट गए है। पंचायत सचिव सतीश कुमार, विक्रांत राज, अयांक कुमार सिंह, अर्थेश कुमार, अमरेश कुमार, राकेश कुमार आदि ने बताया कि मांग पर सरकार की सकारात्मक सहमति के बाद संघ की ओर से 16 जून के बाद हड़ताल को स्थगित किया गया है। अगर मांगों के समर्थन में कोई ठोस पहल नहीं किया जाता तो आगे फिर से चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। गौरतलब हो कि तीन मई से अपनी नौ सूत्री मांगों के समर्थन में सभी पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए थे।जिससे पंचायत के विकास समेत अन्य कई कार्य पूरी तरह बाधित हो गया था। हालांकि आश्वासन के बाद 16 मई से उन्होंने संघ के आह्वान पर हड़ताल खत्म कर दिया है।

### समकालीन अभियान में छह वांरटी गिरफ्तार

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लौरिया पुलिस ने रविवार की रात्रि में समकालीन अभियान के तहत थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से छह अजमानतीय वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में लौरिया थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि न्यायलय के फरार वारंटियों पर पुलिस की पैनी निगाह है। पुलिस ने समकालीन अभियान के दौरान थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में छापेमारी कर अजमानतिय वारंटियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें कासिम मियां,मुस्लिम मियां,राजेश कुमार मिश्र,संजय कुमार मिश्र,राजू कुमार मिश्र और बहादुर मियां को गिरफ्तार किया गया हैं।

### प्रखंड स्तरीय निगरानी समिति का गठन

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित बीडीओ कार्यालय में प्रखंड स्तरीय निगरानी समिति के गठन हेतु बैठक हुई। जिसमें निगरानी समिति का अध्यक्ष वर्तमान बीडीओ अभिषेक यादव को बनाया गया। तथा सदस्यों में कृषि पदाधिकारी विजय कुमार दास, पशुपालन पदाधिकारी अभिषेक सिंह, परियोजना जीविका पदाधिकारी ललन कुमार, उद्यान पदाधिकारी छबीला प्रसाद, प्रबंधक तकनीकी आत्मा की अनु कुमारी का नाम शामिल हैं। बीडीओ ने बताया कि निगरानी समिति का गठन कर लिया गया है। जिसमें प्रखंड के तीन पंचायत साठी, कटैया तथा लाकड सिसई के लगभग एक सौ पच्चीस किसानों को प्राकर्तिक खेती करने के लिए प्रखंड स्तर पर या जिला स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। ताकि प्रशिक्षण पा कर सभी किसान अपने अपने खेतों में प्राकृतिक खेती कर सकेंगे।

### आज सिताबदियारा से 'बिहार बदलाव यात्रा' की प्रशांत किशोर करेंगे शुरूआत

**छपरा/मांझी (सारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जन सुराज पार्टी की 'बिहार बदलाव यात्रा' का शुभारंभ 20 मई यानी मंगलवार को स्वतंत्रता सेनानी लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जन्मभूमि सिताबदियारा से होगा। इस यात्रा के माध्यम से पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर आम जनता से संवाद करेंगे। यात्रा का उद्देश्य जेपी के अधूरे सपनों की पूर्ति, संपूर्ण क्रांति और बिहार में व्यवस्था परिवर्तन को साकार करना है। जिला मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ ने कहा कि जेपी आंदोलन के बाद सत्ता परिवर्तन तो हुआ, लेकिन बीते 35 वर्षों में उनके अनुयायी राज्य को अपेक्षित दिशा में नहीं ले जा सके। जिले के हजारों कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में सुरेश सिंह, उदय शंकर सिंह, मुन्ना भवानी, विकास कुमार सिंह, संतोष कुमार, ललित तिवारी, नूतन शर्मा, नवनीत कुमार यादव, प्रीति रानी, अमिताभ कुमार, आदिल खान आदि अन्य नेता व कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।



### 'महिला संवाद कार्यक्रम' के तहत अब तक 1132 सत्र आयोजित

**छपरा (सारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महिलाओं को सरकार की योजनाओं से जोड़ने और उनकी भागीदारी को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 18 अप्रैल से शुरू हुआ 'महिला संवाद कार्यक्रम' सारण जिले में सफलता की ओर अग्रसर है। अब तक जिले के 18 प्रखंडों में कुल 1132 महिला संवाद सत्र आयोजित किए जा चुके हैं। कार्यक्रम के तहत महिलाओं से मिले 29,927 सुझावों और समस्याओं को एक विशेष मोबाइल एप के जरिये रिकॉर्ड कर जिलाधिकारी की निगरानी में संबंधित विभागों तक पहुंचाया जा रहा है। अमनौर की महिलाओं ने स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाकर 15 लाख रुपये करने की मांग की, तो वहीं जलालपुर की कुंती देवी ने सब्जी भंडारण के लिए कोल्ड स्टोरेज की आवश्यकता जताई। दिघवारा की महिलाओं ने दुग्ध उत्पादों की खरीद-बिक्री की व्यवस्था सुधारने की बात कही, जबकि मकेर प्रखंड में एक आईटीआई संस्थान की स्थापना की मांग की गई। तरैया के चैनपुर गांव की महिलाओं ने कचरा प्रबंधन की स्थिति पर नाराजगी जाहिर की।



### 38 किलो 300 ग्राम गांजे के साथ दो सगे भाई गिरफ्तार

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुप्त सूचना के आधार पर एसएसबी 44वीं बटालियन मंगुराहा व गौनाहा पुलिस बल के संयुक्त छापेमारी में रविवार की अर्द्ध रात्रि में मंगुराहा वन क्षेत्र में 38 किलो 300 ग्राम गांजा के साथ दो सगे भाई को धर दबोचा । तस्कर की पहचान गौनाहा थाना क्षेत्र के परसा निवासी रेयाज आलम व दिल नवाज आलम के रूप में हुई है। गिरफ्तार तस्कर व गाजे को बेतिया भेज दिया गया। घटना के संबंध में गौनाहा थाना के अपर थानाध्यक्ष वीरेन्द्र पासवान ने बताया कि एसएसबी के एएसआई रौशन लाल व गौनाहा पुलिस बल द्वारा रविवार की रात्रि करीब साढ़े बारह बजे सूचना मिली कि मंगूराहा वन विभाग कार्यालय से होकर तस्कर गांजे की बड़ी खेप को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवेश करने वाले है।सूचना मिलते ही एसएसबी व पुलिस बल द्वारा रविवार की रात्रि करीब 3.15 बजे तक नाका लगाए हुए थे। तभी वन विभाग कार्यालय से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर 38 किलो 300 ग्राम गांजे के साथ दो तस्करों को धर दबोचा गया।



# स्वास्थ्य मंत्री ने कहा-गांव-गांव में अस्पताल खोलना हमारा संकल्प







## स्वस्थ बिहार, समृद्ध बिहार

- सीवान के जसौली में स्वास्थ्य उपकेंद्र का उद्घाटन, 23.52 करोड़ की लागत से 46 संस्थानों का शिलान्यास
- एचपीवी टीकाकरण और आयुष्मान कार्ड को लेकर दिए अहम निर्देश, कहा- बेटी बचाओ, कैंसर से लड़ाओ

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने रविवार को पचरुखी प्रखंड के जसौली गांव में नवनिर्मित स्वास्थ्य उपकेंद्र का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने 23 करोड़ 52 लाख की लागत से जिले के 46 स्वास्थ्य संस्थानों का शिलान्यास भी किया। समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी शामिल हुए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पिछले छह महीनों में जितना कार्य हमारी सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में किया है, उतना कार्य शायद पूर्ववर्ती सरकारें 1990 से 2005 के बीच भी नहीं कर पाईं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल अस्पताल बनाना नहीं, बल्कि गांव-गांव में स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करना है ताकि आम लोग छोटी-छोटी बीमारियों के लिए भी समय पर इलाज पा सकें।

**50 बेड का प्री-फैब अस्पताल, 282 बेड का मॉडल अस्पताल भी तैयार**

स्वास्थ्य मंत्री ने जानकारी दी कि सदर अस्पताल में 100 बेड का मॉडल अस्पताल और 100 बेड का मातृ शिशु अस्पताल (एमसीएच) पहले से बनकर तैयार है, और 82 बेड का अतिरिक्त निर्माण कार्य भी पूरा हो चुका है। इसके साथ ही 3.5 करोड़ की लागत से 50 बेड का प्री-फैब अस्पताल का भी शिलान्यास किया गया। उन्होंने बताया कि जिन 46 स्वास्थ्य संस्थानों का शिलान्यास किया गया, उनमें महाराजगंज में 7, गोरेयाकोठी में 7, ज़िरादेई में 8, बड़हरिया में 7, दारौंदा में 7, रघुनाथपुर में 5, दरौली में 5 शामिल हैं। सदर अस्पताल में गंभीर बीमारियों की देखभाल के लिए विशेष अस्पताल भी प्रस्तावित है।

**बेटियों को लेकर सरकार गंभीर, एचपीवी वैक्सीन को लेकर विशेष अभियान**

स्वास्थ्य मंत्री ने सिविल सर्जन डॉ श्रीनिवास प्रसाद और डीपीएम विशाल कुमार सिंह को निर्देश दिए कि वे शिक्षा विभाग से समन्वय कर 9 से 14 वर्ष की आयु वर्ग की बेटियों वाले विद्यालयों को चिन्हित करें। वहां जाकर ऋृटट और नर्सिंग स्टाफ के सहयोग से लृढश वैक्सीन दिया जाए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस महंगी वैक्सीन की खरीद की अनुमति दी है ताकि बच्चेदानी के कैंसर से बचाव हो सके।

**राशन कार्ड है तो आयुष्मान कार्ड जरूर बनवाएं**

मंत्री ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि जिनके पास राशन कार्ड है, वे नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर या वसुधा केंद्र में जाकर मुफ्त इलाज के लिए 5 लाख तक की सुविधा वाला आयुष्मान कार्ड बनवाएं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना गरीबों के लिए वरदान है।

**ग्रामीणों से बोले मंत्री-हमार परिवार बीमार मत पड़ी**

भोजपुरी में लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा, हमरा घर-परिवार के लोग बीमार मत पड़ो, अगर कौनो तरीका से बीमार पड़ जाई त ओकर समुचित इलाज हो सके। एकरा खातिर हमनी सन पंचायत स्तर पर अस्पताल बनावत बानी। उन्होंने कहा कि सर्दी, खांसी, बुखार, ब्लड शुगर और बीपी जैसी छोटी जांच भी अब गांव में ही संभव है। इससे लोग समय पर इलाज करा सकेंगे।

**स्वास्थ्य मंत्री ने खुद कराया रक्त जांच, एईएस किट बैग भी सौंपा**

कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने खुद हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में रक्त जांच कराई और उच्च रक्तचाप की जांच भी करवाई। इसके अलावा उन्होंने सिविल सर्जन डॉ श्रीनिवास प्रसाद और डॉ ओम प्रकाश लाल को एईएस से बचाव के लिए किट बैग सौंपा।

**इन प्रमुख नेताओं और अधिकारियों की रही उपस्थिति**

कार्यक्रम में स्थानीय सांसद विजय लक्ष्मी देवी, पूर्व विधायक रमेश सिंह कुशवाहा, विद्यालय कमलजीत सिंह उर्फ. प्यार सिंह, अमरजीत कुशवाहा, विधान पार्षद मनोज सिंह, भाजपा नेता संजय पांडेय व राहुल तिवारी सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस तीन सीएचसी व एक एपीएचसी का स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने किया उद्घाटन

## 24.37 करोड़ की योजनाएं जनता को समर्पित






बनियापुर के भिट्ठी में एक करोड़ 30 लाख की लागत से बना एपीएचसी

**के. के. सिंह सेंगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**छपरा (सारण)।** सूबे के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने सारण जिले को एक बड़ी स्वास्थ्य सेवाओं की सौगात देते हुए सोमवार को तीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों व एक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (एपीएचसी) का उद्घाटन किया। इस दौरान कुल 24 करोड़ 37 लाख की लागत से तैयार इन स्वास्थ्य संस्थानों को जनता को समर्पित किया गया। लहलादपुर, बनियापुर व नगरा में निर्मित सीएचसी व बनियापुर के भिट्ठी में बने एपीएचसी का उद्घाटन करते हुए स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य सिर्फ भवन निर्माण नहीं, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और गुणवत्ता में सुधार है। स्वास्थ्य मंत्री श्री पांडेय ने कहा कि सभी अस्पतालों में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। जिससे अब हर मरीज को समुचित इलाज मिल सकेगा। इन अस्पतालों में ओपीडी, डॉक्टर कक्ष, माइनर एवं मेजर ओटी, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, प्रसव पूर्व एवं पश्चात देखभाल, आइसोलेशन वार्ड, महिला एवं पुरुष वार्ड, मेडिकल गैस पाइपलाइन, फायर फाइटिंग सिस्टम, आरओ जल, दिव्यांग शौचालय व वर्षा जल संचयन जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

इस एपीएचसी में माइनर ओटी, हेल्थ एंड वेलनेस हॉल, बच्चों की देखभाल कक्ष, औषधि भंडारण कक्ष, सीसीटीवी, शुद्ध पेयजल और सभी आवश्यक आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

**41 हजार स्वास्थ्य कर्मियों की बहाली जल्दः स्वास्थ्य मंत्री**

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि अगले तीन माह में 41 हजार स्वास्थ्यकर्मियों की बहाली की जाएगी। साथ ही 15 दिनों के भीतर 10,600 एएनएम की नियुक्ति भी होगी। इस अवसर पर उन्होंने एएनएम को एईएस (चमकी) किट वितरित करते हुए कहा कि इसमें 13 प्रकार के उपकरण हैं और इसे हर स्वास्थ्य संस्था को प्रदान किया जाएगा।

**उद्घाटन समारोह में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगीः**

इस अवसर पर सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, विधान पार्षद सच्चिदानंद राय, एकमा विधायक श्रीकांत यादव, पूर्व विधायक मनोरंजन कुमार सिंह उर्फ धूमल सिंह, सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा, डीएमओ डॉ. दिलीप कुमार सिंह, डीपीएम अरविन्द कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रजनी कुमारी, डॉ. महेंद्र मोहन सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# सीवान के सिसवन चांदपुर नहर में महिला का शव मिलने से सनसनी

## गर्दन रेत कर हत्या, कपड़ा ठूंसा गया मुंह में, पुलिस ने शव भेजा पोस्टमार्टम को





**सीवान (सिसवन)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिसवन थाना क्षेत्र के चांदपुर और तिलौता गांव के बीच स्थित वितरणी नहर सोमवार की सुबह एक बार फिर सनसनी का कारण बन गई। अहले सुबह शौच के लिए गए ग्रामीणों ने जब नहर में एक महिला की लाश तैरती देखी तो इलाके में हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना पर सिसवन थानाध्यक्ष राकेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिवान सदर अस्पताल भेज दिया।

**महिला की हुई बेरहमी से हत्या, पहचान में जुटी पुलिस**

थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि महिला की उम्र करीब 32 वर्ष है। शव की स्थिति से स्पष्ट है कि उसकी हत्या गर्दन रेतकर की गई है, और मुंह में कपड़ा ठूंसने के भी सबूत मिले हैं। पुलिस ने महिला की पहचान के लिए जिले के विभिन्न थानों को सूचना भेज दी है। उन्होंने बताया कि "हम एक-एक बिंदु पर जांच कर रहे हैं। यह हत्या किसने और क्यों की, इस दिशा में भी तेजी से काम हो रहा है।"

**तीन महीने में तीसरी हत्या, सवालों के घेरे में प्रशासन**

इस घटना ने एक बार फिर चांदपुर नहर क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है। बता दें कि बीते 14 मार्च (होली) के दिन भी चांदपुर वितरणी नहर के पास एक महिला और बाइक सवार युवक पर हमला हुआ था। युवक की पहचान सारण के मांझी थाना अंतर्गत हिमादपुर बिनटोला निवासी अरुण कुमार प्रसाद के रूप में हुई थी। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे और इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में तीन लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया, लेकिन अब तक एक भी गिरफ्तारी नहीं हुई।

**7 मई को रामपुर में भी हुई थी अंधाधुंध फायरिंग में हत्या**

महज कुछ दिन पहले, 7 मई की मध्यरात्रि को रामपुर गांव में हथियारबंद बाइक सवार अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर जनार्दन यादव की हत्या कर दी थी। इस मामले में भी आधा दर्जन से ज्यादा लोगों को अभियुक्त बनाया गया, लेकिन पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं।

**'हर माह हत्या और हर बार पुलिस की निष्क्रियता'**

लगातार हो रही हत्याओं से इलाके में दहशत है। ग्रामीणों का कहना है कि हर महीने कोई न कोई हत्या हो रही है लेकिन स्थानीय पुलिस की कार्रवाई सिर्फ कागजों तक सीमित रह गई है। अपराधियों में कानून का खौफ नहीं दिख रहा। स्थानीय लोगों की मांग - इलाके में बढ़ाई जाए गश्त, सीसीटीवी कैमरे लगें। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि चांदपुर वितरणी नहर और आसपास के संवेदनशील इलाकों में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# अधूरे निर्माण पर हुए भुगतान को लेकर एसडीएम को ज्ञापन




**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहरी ग्रामीण विकास मंच का एक शिष्टमंडल सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी मिलकर नगर में हो रहे विकास कार्यो में अनिमितता को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। एसडीएम को दिए ज्ञापन में नलजल योजना की कार्य अपूर्ण होने के वावजूद संवेदक को पूर्ण भुगतान कर देना। आधा दर्जन से अधिक वार्ड में पीसीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य में घोर अनियमिता पाए जाने के बावजूद संवेदक के ऊपर कार्यवाही नहीं करना।सड़क एवं नाली निर्माण के समय प्राकलन का बोर्ड नहीं लगाना। विकास संबंधित गलत कार्य उजागर होने पर भी संवेदक और कनीय अभियंता पर कानूनी कार्यवाही नही करना। नगर परिषद में फर्जी प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत गंडक विभाग के लिपिक को नहीं हटाना। वार्ड सात दलित बस्ती में अबतक सड़क एवं नाली का निर्माण नही होना। कचरा उठाव में लगे वाहनों की खरीद बिक्री का मामला विधान सभा में उठाने के बावजूद भी अभी तक कोई कार्यवाही ना होना। 2024-25 इश्यू रजिस्टर में खाली पेज को छोड़ने आदि विषय शामिल है। शिष्टमंडल ने एसडीएम से उक्त सभी विषयो पर जांच करते हुए दोषियो पर कार्यवाई की मांग की है। मंच के अध्यक्ष सागर श्रीवास्तव ने बताया कि नगर परिषद द्वारा विकास कार्यो में अनिमितता उजागर के बाद भी कोई करवाई नही करना एवं अन्य कई बिषय पर एसडीएम से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा गया है। और जांच कर करवाई की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि दस दिन के अंदर जांच कर करवाई नही हुई तो मंच अर्थी जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन करेगा। मौके पर मंच के सचिव अफरोज आलम, पूर्व प्रमुख रीना देवी, अमित कुमार दुबे भी उपस्थित थे।

# तेंदुए के हमले से टाइगर ट्रेकर सहित दो घायल

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वीटीआर के मंगूराहा वन क्षेत्र के घेघवलिया सरेह के दक्षिण में सोमवार की दोपहर में तेंदुए के हमले से एक टाइगर टैकर सहित दो लोग घायल हो गए है। दोनों घायलों की इलाज गौनाहा रेफरल अस्पताल में कराई गयी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोमवार की दोपहर में प्रसंडा गांव निवासी पूरन महतो अपने गरमा धान के खेत में यूरिया खाद का छिड़काव कर रहे थे। इसी बीच गन्ने के खेत से निकल कर तेंदुआ किसान पर हमला बोल दिया। जिस में उसका बाया हाथ जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा शोर गुल मचाने पर तेंदुआ पुनः गन्ने की खेत में घुस गया। आनन-फानन में दोमाठ मुखिया प्रतिनिधि सुनील महतो व ग्रामीणों द्वारा उसे गौनाहा रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां उसकी प्राथमिक उपचार की गयी। इसकी सूचना वनकर्मियों को दी गयी। भतूजला के टाइगर ट्रेकर धर्मेंद्र पासवान और अन्य वनकर्मी तेदुएं के पग की ट्रैकिंग करने घेघवलिया पहुंचे।

# सेना के शौर्य के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी के जश्न में भाजपा नेता प्रतीक एडवीन शर्मा के नेतृत्व में चनपटिया में तिरंगा शौर्य यात्रा निकाली गयी। यात्राएफसीआई खेल मैदान से नगर के छोटा चौक, आर्यसमाज मंदिर चौक, मेन रोड आदि का भ्रमण करते हुए बड़ा बस स्टैण्ड चौक स्थित गुलाब चंद्र गुप्त की प्रतिमा स्थल पहुंच संपन्न हुई। भाजपा नेता समेत सैकड़ों युवाओं ने कार्यकताओं के साथ तिरंगा यात्रा निकालकर भारत को एकजुट होने का संदेश दिया। कार्यकर्ता वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगा रहे थे। ऑपरेशन सिंदूर जिंदाबाद के भी नारे लगाए गए। तिरंगा यात्रा में भाजपा नेता प्रतीक एडवीन शर्मा के साथ विजय कुमार चौधरी, विशाल कुमार सोनी, अभिनय कुमार सिंह, चंदन शर्मा, रोहित कुमार, सन्नी कुमार, प्रियांशु कुमार पटेल, विकाश कुमार, विनीत मिश्रा, शैलेश चौबे, सुरेन्द्र यादव, मंटू तिवारी, प्रशांत सर्राफ, किशन जायसवाल, उत्सव ठाकुर, धर्मेश सिंह, अक्षय राज सिंह, दिलीप कुशवाहा, प्रेम छतरी, लकी पांडेय आदि शामिल थे। लोगों ने भारतीय सेना के शौर्य, वैभव, पराक्रम को नमन किया। कहा कि आज भारत बदल गया है। आतंकिस्तान को धूल चटाने की ताकत यदि किसी देश में है तो वह भारत में है। प्रतीक एडवीन शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ संकल्प का परिणाम ऑपरेशन सिंदूर की सफलता है।

# सीवान सदर के पूर्व विधायक व्यास देव प्रसाद पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप तय, कोर्ट में हुए हाजिर

## 2020 में बिना अनुमति चुनाव प्रचार करने का आरोप, भादवि की तीन धाराओं में आरोप तय, खुद को बताया निर्दोष



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 2020 विधानसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में पूर्व विधायक व्यास देव प्रसाद की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सोमवार को सीवान के अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम अरविंद कुमार सिंह की अदालत ने उनके खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। अदालत ने उन्हें भादवि की धारा 143, 188 और 171 (एफ) के तहत आरोपी माना है।

**कोर्ट में हाजिर हुए पूर्व विधायक**

सोमवार को मामले की सुनवाई के लिए नियत तिथि पर पूर्व विधायक व्यास देव प्रसाद अपने अधिवक्ता प्रमिल कुमार गोप के साथ कोर्ट में उपस्थित हुए। सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले का सारांश पढ़ा और आरोपों को स्पष्ट किया। इसके बाद अदालत ने तीन धाराओं के तहत आरोप तय किए। आरोप गठन से पहले पूर्व विधायक ने स्वयं को निर्दोष बताया और कहा कि उन्हें झूठा फंसाया गया है।

**2020 में रोहरा गांव में किया था बिना अनुमति प्रचार**

मामला 20 अक्टूबर 2020 का है, जब बड़हरिया थाना क्षेत्र के रोहरा गांव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे व्यास देव प्रसाद ने बिना अनुमति के प्रचार किया था। यह प्रचार आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना गया और तत्कालीन सांख्यिकी पदाधिकारी सह स्थानीय चुनाव प्रभारी संजय सिंह ने इस मामले में बरहरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

**बड़हरिया थाना में दर्ज है मामला**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह मामला बड़हरिया थाना कांड संख्या 324/20 के रूप में दर्ज किया गया था। इसमें आरोप लगाया गया था कि व्यास देव प्रसाद ने बिना सक्षम प्रशासनिक अनुमति के चुनावी सभा का आयोजन किया और लोगों को एकत्र कर नियमों की अवहेलना की।

**किन धाराओं में आरोप तय**

अदालत ने पूर्व विधायक पर भारतीय दंड संहिता की निम्नलिखित धाराओं के अंतर्गत आरोप तय किए हैं:

धारा 143- गैरकानूनी जमावड़ा

धारा 188 - सरकारी आदेश की अवहेलना

धारा 171 (एफ) - चुनाव से संबंधित अनुचित प्रभाव या व्यक्ति को किसी कार्य के लिए प्रेरित करना

**आगे की सुनवाई में पेश होंगे साक्ष्य**

अब इस मामले में आगे की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा साक्ष्य प्रस्तुत किए जाएंगे। वहीं, पूर्व विधायक के बचाव पक्ष की ओर से भी दलीलें दी जाएंगी। मामले की अगली सुनवाई की तिथि कोर्ट द्वारा जल्द ही निर्धारित की जाएगी। यह मामला सीवान जिले की राजनीति में चर्चा का विषय बन गया है, क्योंकि इसमें एक पूर्व विधायक सीधे तौर पर अभियुक्त हैं।

# रामघाट पर नहाने के दौरान डूबा बालक, शव बरामद

**मांझी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी के रामघाट पर सरयू नदी में नहाने के दौरान एक बालक की डूबने से मौत हो गई। सोमवार की सुबह स्थानीय मोटरबोट चालक सरोज कुमार यादव ने नदी में उपलाता शव देखा, तो तत्परता दिखाते हुए गहरे पानी में छलांग लगाकर शव को बाहर निकाला। मृतक की पहचान मांझी नगर पंचायत के कंचनपुर निवासी जितेंद्र साह के 10 वर्षीय पुत्र भुअर साह के रूप में की गई है। बताया जाता है कि रविवार को भुअर अपने घर से नहाने के लिए निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। सोमवार की सुबह रामघाट पर पहुंचे मृतक के पिता को बेटे के कपड़े नदी किनारे लावारिस हालत में मिले। उन्होंने स्थानीय लोगों से बेटे के डूबने की आशंका जताई।

# अग्नि पीड़ितों के बीच पहुंचे जिला पदाधिकारी

## 53 प्रभावित परिवारों को सौंपा अनुग्रह अनुदान की राशि का चेक



**बेतिया/बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय आज बगहा-01 प्रखंड अंतर्गत पड़री गाँव पहुँच अग्निकांड से पीड़ित परिवारों से मिले। पीड़ित परिवारों के जख्मों पर सहानुभूति का मरहम लगाया और सांत्वना दिया कि सरकार द्वारा देय सभी सहायता जल्द से जल्द आप सभी को उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने 53 पीड़ित परिवारों को अनुग्रह अनुदान योजना के तहत 12-12 हजार रुपये की राशि चेक के माध्यम से सौंपा। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सर्वेक्षण कराकर सभी पीड़ितों को प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने की कार्रवाई करें। ज्ञातव्य हो कि विगत दिनों उक्त स्थल पर अगलगी की घटना में 53 परिवारों का घर नष्ट हो गया था। घटना की सूचना मिलते ही जिला पदाधिकारी ने तुरंत एक्शन लिया और एडीएम आपदा प्रबंधन सहित अन्य स्थानीय पदाधिकारियों को घटनास्थल पर भेजा। आग पर काबू पाने के उपरांत पीड़ितों के बीच प्लास्टिक शीट्स, सूखा राशन का वितरण किया गया। इसके साथ ही सामुदायिक किचेन का संचालन भी कराया गया ताकि पीड़ितों को राहत पहुंचाई जा सके। इस अवसर पर विधायक, राम सिंह, विधान पार्षद, भीष्म सहनी, अपर समाहर्ता, आपदा, कुमार रविंद्र, अनुमंडल पदाधिकारी, गौरव कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बिजली बिल सम्बन्धी समस्याओं का जल्द करें हल : संतोष सुमन

## प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक में कई योजनाओं की गहन समीक्षा




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक सम्राट अशोक भवन में लघु जल संसाधन विभाग मंत्री सह जिला प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में काराकाट सांसद राजाराम सिंह, औरंगाबाद विधायक आनंद शंकर सिंह, नबीनगर विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह, गोह विधायक भीम यादव, विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अशोक सिंह एवं जिला परिषद अध्यक्ष प्रमिला देवी सहित अन्य मौजूद रहे। बैठक में प्रभारी मंत्री के द्वारा औरंगाबाद जिले के विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों पर गहन चर्चा की गई, जिसमें शिक्षा, पीएचइडी, वन प्रमंडल, कृषि, राजस्व, स्वास्थ्य, सड़क, मनरेगा, आवास, पेंशन, खाद्य आपूर्ति आदि जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन मंथन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा महिला संवाद के विषय के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। उन्होंने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार हम लोग सभी प्रखंडों में महिला संवाद कार्यक्रम आयोजन कर रहे हैं। संवाद में जीविका दीदी एवं अन्य महिलाओं को सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के बारे में किए गए कार्यों की जानकारियां साझा की जा रही है। जिले में अभी तक 1758 संवाद के विरुद्ध 729 जगहों पर महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा चुका है जहां महिलाओं को एलईडी जागरूकता रथ के माध्यम से सरकारी योजनाओं की जानकारी दिया जा रहा है। वन प्रमंडल विभाग के समीक्षा के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में विभागीय वनरोपण एवं जल जीवन हरियाली अंतर्गत तीन लाख पौधा लगाया गया है। साथ ही जीविका दीदी एवं किसानों के माध्यम से भी दो लाख पौधाशाला लगाया गया है तथा उन्हें प्रोत्साहन राशि भी मुहैया कराया गया है। सदर विधायक आनंद शंकर सिंह द्वारा जिले में बायोडायवर्सी पार्क के जैसा पार्क मंजुरखा गांव के लाल पहाड़ी एवं रायपुरा के सतचंडी स्थान के पास अवस्थित जमीन पर बनाने के लिए वन प्रमंडल अधिकारी से आग्रह किया गया। बिजली विभाग की समीक्षा के दौरान जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्यों द्वारा अवगत कराया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली बिल अत्यधिक आ रहे हैं, जिससे ग्रामीणजन अत्यंत परेशान हैं। प्रभारी मंत्री द्वारा इस विषय को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग को निर्देशित किया है कि वे अविलंब संबंधित गांवों में कैंप आयोजित कर ग्रामीणों की बिजली बिल संबंधी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष द्वारा अन्य विभागों का भी समीक्षा किया गया एवं संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित कार्यान्वयन समिति के सदस्य एवं विधायक प्रतिनिधियों ने अपने- अपने क्षेत्र की समस्या से प्रभारी मंत्री को अवगत कराया। प्रभारी मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को समस्या के यथाशीघ्र निदान करने का निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री द्वारा सभी विभागीय पदाधिकारियों को अपनी पूर्ण क्षमता के साथ निष्पक्ष तरीके से विभागीय कार्य के निष्पादन का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, डीटीओ शैलेश कुमार, एसडीओ सदर संतन कुमार सिंह, डीपीआरओ इफ्तेखार अहमद, सभी वरीय उपसमाहर्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शीनी, सिविल सर्जन विनोद कुमार सिंह, सभी विभाग के कार्यपालक अभियंता एवं जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में घायल वृद्धा की इलाज के दौरान मौत

**■ग्रामीण बैंक के समीप सड़क पार करने के दौरान हुआ था हादसा**



मृतका की फाइल फोटो

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह थाना क्षेत्र के बाजार बर्मा मध्य ग्रामीण बैंक के समीप सड़क दुर्घटना में घायल वृद्धा की इलाज के क्रम में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर बाजार बर्मा गांव निवासी स्व0 कपिलदेव यादव की 85 वर्षीया पत्नी देवपती देवी ग्रामीण बैंक के समीप सड़क पार कर रही थी, इसी दरम्यान अज्ञात वाहन में जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे इस हादसे में वृद्धा गंभीर रुप से घायल हो गई थी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। परिजनों ने वृद्धा को आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जहां से गंभीर हालत में मगध मेडिकल कालेज, गया रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# छेड़छाड़ का आरोपित गिरफ्तार

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ के आरोप में एक युवक को मुफ्फसिल थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी गोल्डन कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि दो पहले आरोपित के खिलाफ नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी जिसमें वह फरार चल रहा था। इसी क्रम में आज वह पकड़ा गया। संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत आरोपित को जेल भेज दिया गया।

# सैकड़ों समर्थकों के साथ जन सुराज में शामिल हुए लालगोविंद सिंह



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नबीनगर (औरंगाबाद)।** प्रखंड के मझिआंव पंचायत के पूर्व मुखिया लालगोबिंद सिंह सोमवार को अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ जन सुराज पार्टी में शामिल हुए। मौके पर जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे। इस मौके पर प्रशांत किशोर ने कहा कि लालगोबिंद सिंह के पार्टी में शामिल होने से दल को और मजबूती मिली है। लालगोबिंद सिंह ने कहा कि बिहार के विकास को लेकर पार्टी का जो संकल्प है, उसे पूरा करने में वे कहीं से भी पीछे नहीं हटेंगे। श्री सिंह ने बताया कि प्रशांत किशोर ने उन्हें आश्वासन दिया है कि नबीनगर विधानसभा से वे पार्टी के उम्मीदवार होंगे। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष लव कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** पटना सिटी के खाजेकला थाना क्षेत्र में एक पानी व्यापारी की हत्या के विरोध में स्थानीय लोगों ने सोमवार को सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। करीब तीन घंटे तक सड़क जाम रहा। आदर्श नगर के मंटू राय (35) की रविवार की देर शाम अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। घायल मंटू राय को नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल से पुलिस ने गोली के चार खोखे बरामद किए थे। स्थानीय लोगों ने खाजेकला के अशोक राजपथ पर शव रखकर प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों के अनुसार मंटू राय का परिवार बेहद सज्जन था। वह पानी का व्यापार करके अपना जीवन यापन करते थे।

# फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**■संभवतः दो दिन पहले युवक ने घटना को दिया अंजाम**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** 25 वर्षीय युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर अपनी जीवनलीला समाप्त करने का एक मामला सामने आया है। मामला औरंगाबाद शहर के नागा बिगहा के वार्ड नंबर पांच की है। मृतक की पहचान मदनपुर प्रखंड के सलैया थाना क्षेत्र के बेरी टोले बरई बिगहा गांव निवासी प्रेम चौरसिया के पुत्र दीपू कुमार उर्फ छोटू के रूप में हुई है। हालांकि युवक ने फांसी क्यों लगाई इसकी जानकारी नहीं है। इस संबध में भाजपा नेता प्रफुल सिंह ने बताया कि बीते रविवार को युवक के पिता प्रेम चौरसिया द्वारा मुझे कॉल किया गया जिसमें उन्होंने बताया कि बीते दो दिनों से बेटा फोन नहीं उठा रहा है। इसके बाद मामले की जानकारी को लेकर वे युवक के कमरे के पास गए तो देखा तो उसकी बाइक मकान के बाहर खड़ी थी और दरवाजा अंदर से बंद था। इस बात की जानकारी उन्होंने युवक के पिता को दी और संशय जताया कि वह कमरे में सो रहा होगा। इसके बाद वे वहां से चले गए, लेकिन देर रात पुनः प्रेम चौरसिया द्वारा बेटे का हालचाल जानने की कोशिश की गई तो उन्होंने अपने पुत्र व वाहन चालक को सोमवार की सुबह दीपू के कमरे पर भेजा तो कमरा अंदर से बंद था। छत पर चढ़कर कमरे में दाखिल हुए तो देखा कि युवक फंदे से झूल रहा हैं और शव से असहनीय दुर्गंध आ रहा है। घटना की सूचना मृतक के पिता को दी गई। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी करवाई और शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के पिता ने बताया कि वे 16 मई को दीपू के कमरे पर गए थे। वह औरंगाबाद में किराए पर रूम लेकर अकेला रहता था और रमेश चौक व सदर अस्पताल के मुख्य द्वार के आसपास मोबाइल कवर बेचने का काम करता था। 16 मई को जब उसके पिता कमरे पर आए तो वह दुकान खोलने नहीं गया था। पूछने पर बताया कि अभी धूप ज्यादा है, शाम ढलने पर दुकान खोलेगा। इसके बाद वे घर चले गए और इसके बाद से कोई सम्पर्क नहीं हो पाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शव को देखने से पता चलता है कि दो दिन पहले ही पहले युवक ने आत्महत्या की है। थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि एक युवक द्वारा आत्महत्या का मामला सामने आया है। उसने ऐसा क्यों किया, इसकी पता लगाया जा रहा है। संभवतः दो दिन पहले उसने आत्महत्या की होगी। शव से दुर्गंध आ रहा था। फिलहाल मामले के हर बिंदु पर जांच की जा रही है।

# 10 रुपए के सिगरेट के लिए दोस्त की हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना के बिहटा में 10 रुपए के सिगरेट के लिए दोस्त की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। दो अभी भी फरार हैं। हत्या 16 मई को हुई थी। घटना बाजितपुर गांव की है। मृतक के बड़े भाई मुकेश कुमार ने कुणाल सिंह, भोला, प्रियांशु और पवन कुमार के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कुणाल कुमार को पटना के अथमलगोला से और प्रियांशु सिंह को बिहटा के बिशनपुरा के बगीचा से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि यह हत्या आपसी रंजिश में हुई थी। पहले राकेश और पवन के बीच विवाद हुआ। इसके बाद घटना के दिन कुणाल, भोला और प्रियांशु भी मौके पर पहुंचे। सिगरेट को लेकर विवाद के दौरान भोला ने राकेश कुमार पर दो गोली चला दी। इसके बाद सभी आरोपित मौके से फरार हो गए। बिहटा थानाध्यक्ष राजकुमार कुमार पांडेय के अनुसार घटना में इस्तेमाल किया गया हथियार अभी तक बरामद नहीं हुआ है। फरार आरोपी भोला और पवन की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

# मुआवजा मिले बिना सड़क का काम नहीं होने देने पर अड़े किसान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नबीनगर (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद जिले के नबीनगर प्रखंड अंतर्गत पाण्डेय कर्मा गांव में भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत हो रहे जमीन अधिग्रहण के दौरान प्रशासन और किसानों के बीच गंभीर टकराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। अंचलाधिकारी निकहत प्रवीन करीब दर्जन भर छोटी गाड़ियां, दर्जनों पीएनसी कंपनी की बड़ी मशीनें और दो बस पुलिसबल और अन्य अधिकारियों के साथ जबरन किसानों की जमीन पर कब्जा करने पहुँची थीं। किसानों का कहना था कि जब तक उन्हें उनकी जमीन का उचित और न्यायसंगत मुआवजा नहीं मिलेगा, वे एक इंच जमीन नहीं देंगे, चाहे इसके लिए जान ही क्यों न देनी पड़े। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भारतीय किसान यूनियन के जिला संयोजक वशिष्ठ प्रसाद सिंह, वरिष्ठ किसान नेता नरेंद्र राय तथा राजकुमार सिंह मौके पर पहुंच गए। किसानों और प्रशासन के बीच कई बार तनातनी की स्थिति बनी परंतु किसानों की एकता और संकल्प के आगे प्रशासन को पीछे हटना पड़ा। किसानों ने न केवल जमीन पर कब्जा रोका, बल्कि ग्रेडर और अन्य मशीनों को भी एक इंच नहीं चलने दिया। भाकियू के जिला संयोजक वशिष्ठ प्रसाद ने बताया कि भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग के अपर सचिव दीपक कुमार ने पत्र निर्गत कर सभी जिलाधिकारियों को भूमि अधिग्रहण में आ रही समस्याओं को लेकर पांच सदस्यीय समिति का गठन करने का निर्देश दिया है जो जमीनों का सात प्रकार से वर्गीकरण कर नए सिरे से दर निर्धारण करेंगे लेकिन यहां उनके आदेश का कोई पालन नहीं हो रहा है। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा किसानों को दरकिनार कर जबरन भूमि अधिग्रहण करना संविधान और लोकतंत्र के विरुद्ध है। श्री सिंह ने बताया कि इसी परियोजना अंतर्गत धनीबार के किसानों को मगध के कमिश्नर ने प्रति डिसमिल 30620 रुपया का चार गुना मुआवजा दर तय किया है। सुप्रीम कोर्ट का आदेश है एक परियोजना एक दर, हम सरकार से मांग करते हैं कि जिले के तमाम प्रभावित किसानों को तीस हजार छह सौ बीस रू के दर से चार गुणा मुआवजा सरकार दे। मौके पर अवधेश प्रसाद सिंह, नरेंद्र राय, अनिरुद्ध पांडेय, शत्रुघ्न पांडेय, नीतीश पांडेय, अमरेंद्र पांडेय, रोहित पांडेय, पप्पू तिवारी, ओमप्रकाश शर्मा, सुदर्शन साव, विजय यादव आदि के साथ सैकड़ों किसान मौजूद थे।

# आवारा कुत्तों ने चार बच्चों को काटा, पीएमसीएच रेफर

**■गली-मोहल्लों में काफी बढ़ चुकी है आवारा कुत्तों की संख्या**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना में आवारा कुत्ते ने चार मासूम बच्चों को काट लिया। घटना कुर्जी मोड़ के पास स्थित बालूपर इलाके की है। घायल बच्चों के नाम अंकुश कुमारी, रचना कुमारी, वैष्णवी कुमारी और सनी कुमार है। हमले में एक बच्चा गंभीर रूप से घायल भी हो गया है। उसके चेहरे और हाथ पर काटने के गहरे जख्म हैं। घायल बच्चों को इलाज के लिए पहले न्यू गार्डिनर रोड अस्पताल ले जाया गया, वहा से गंभीर स्थिति देखते हुए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि गली-मोहल्ले में आवारा कुत्तों की संख्या इतनी बढ़ चुकी है कि आए दिन राहगीरों पर हमले हो रहे हैं। लोग खासकर छोटे बच्चों और बुजुर्गों को लेकर घर से बाहर निकलने में डरने लगे हैं। आवारा कुत्तों के कारण मोहल्ले में दहशत का माहौल बन गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि निगम की ओर से किए जा रहे प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं।

# आपदा से बचाव को लेकर करें कारगर उपाय, लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** भीषण गर्मी, लू, संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ जैसी आपदाओं से निपटने की तैयारियों को लेकर समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि राज्य सरकार द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया के तहत सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि जन-हानि को रोका जा सके। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि सभी अस्पतालों में ओआरएस घोल, दवाइयां, बेड, कूलर, तथा डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। किसी भी लू-पीड़ित मरीज के इलाज में कोई लापरवाही न हो। नगर परिषद एवं नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारियों को पेयजल आपूर्ति के लिए टैंकर, वाटर एटीएम, तथा पे-आउट की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। पीएचईडी विभाग को सभी खराब चापाकलों की शीघ्र मरम्मति, नल-जल योजनाओं की मरम्मति एवं नए चापाकलों की स्थापना पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पशु एवं मत्स्य विभाग को पशुओं हेतु दवाइयों की उपलब्धता एवं पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को यह निर्देश दिया गया कि अगर किसी घर में आगजनी की घटना होती है, तो तत्काल मुआवजा भुगतान एवं खाद्य सामग्री की व्यवस्था की जाए। इस बैठक में अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार सिंह, सहायक आपदा प्रभारी अंतरा कुमारी, डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार, डीपीओ (आईसीडीएस) विनीता कुमारी, अन्य विभागीय अधिकारीगण एवं सभी नगर परिषद, प्रखंड तथा अंचल स्तरीय अधिकारीगण वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे।







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


# पटना विश्वविद्यालय में कर्मचारियों ने विभागों में की तालेबंदी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना यूनिवर्सिटी कर्मचारी संघ की ओर से धरना-प्रदर्शन जारी है। छठे दिन कर्मचारियों ने सभी विभाग और कॉलेज में ताला बंद रखा। इस कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित रही। विद्यार्थी और शिक्षक अपने तय समय पर अपने विभाग पहुंच गए थे। लेकिन, वर्ग को व्यवस्थित करने और ताला खोलने के लिए कोई कर्मचारी ही मौजूद नहीं था। कर्मचारियों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सभी कर्मचारी पटना यूनिवर्सिटी में धरने पर बैठे हुए हैं। कर्मचारी संघ के सदस्यों ने कहा कि पिछले 5 दिनों से कर्मी अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन में शामिल हैं, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन कर्मियों से बातचीत करना भी उचित नहीं समझ रहा है। कर्मचारी संघ द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर जारी धरना प्रदर्शन का समर्थन छात्र संगठनों ने भी समर्थन दिया है। कर्मचारी संघ के महासचिव फरमान अब्बास ने यूनिवर्सिटी प्रशासन पर मांगे ना पूरी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के सामने मांगें माने जाने के आश्वासन के बाद भी यूनिवर्सिटी प्रशासन का नकारात्मक रवैया है। कर्मियों के आवास निर्माण, सहायकों को 4600 ग्रेड, रिक्त पदों पर बहाली, नियम विरुद्ध ट्रांसफर को रोकने, वर्दी की आपूर्ति नहीं हुई है।

# सिविल कोर्ट में वकील और पुलिस के बीच भिड़ंत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सीजेएम पटना के यहां पीरबोहर थाने की पुलिस वकील जयप्रकाश को छेड़खानी के आरोप में गिरफ्तार कर ले आई। वकीलों ने इसका विरोध किया। वकीलों का कहना है कि यह गलत हुआ है। जबरन पुलिस झूठा मुकदमा बनाकर फंसा रही है। अग्रसारण रिपोर्ट के बिना अभियुक्त को न्यायालय में लाया गया है। चेकपोस्ट पर तैनात पुलिसकर्मी के द्वारा वकील जयप्रकाश पर छेड़खानी का आरोप लगाया गया है। वकीलों का कहना है कि बिना प्राथमिकी और कस्टडी वारंट लिए कोर्ट में वकील जयप्रकाश को पेश किया गया। स्थिति को संभालने के लिए टाउन एएसपी दीक्षा कुमारी पहुंची। टाउन एएसपी ने कहा कि रविवार की रात ट्रैफिक पुलिसकर्मी चेंकिंग कर रहे थे। इस दौरान एक ऑटो गलत डॉयरेक्शन से आ रहा था। पुलिसकर्मी ने जांच के लिए रोका। इस दौरान एक वकील वहां पहुंचे। फिर विवाद करने लगे। इस मामले में ही उनके खिलाफ पीरबहोर थाने में केस दर्ज किया गया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें कोर्ट में आज पेश करने के लिए ले जाया गया था। वहां प्रोसिडिंग में थोड़ी देर हो रही थी। इस दौरान वकील लोग विरोध करने लगे। बाद में मामला सुलझा लिया गया।

C M Y K